www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025 I वर्ष – 67 I अंक –172 I पृष्ठ –12 I मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59





कफ सिरप से मासूमों की मौत भयावह त्रासदी : कांग्रेस पृष्ठ 2
■ संघ के सौ बरस का इकलौता हासिल
■ उत्तर भारत में सांप्रदायिक द्वेष भड़काने के लिए गढ़े जा रहे हैं नए बहाने पृष्ठ 6
■ गाजा में युद्धविराम कराने की दिशा में ट्रंप की पहल प्रशंसनीय : अब्देल
■ फ्रांस में प्रधानमंत्री सेबास्टियन ने मात्र 27 दिनों बाद दिया इस्तीफा पृष्ठ 7
कोलंबो की पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी : हरमनप्रीत कौर पृष्ठ 8

# 15 नवंबर से होगी धान खरीदी

## 160 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य

## प्रति क्विंटल 31 सौ का होगा भुगतान



**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के लिए नई धान खरीदी और कस्टम मिलिंग नीति तैयार कर ली है। यह नीति जल्द ही राज्य की कैबिनेट बैठक में मंजूरी के लिए पेश की जाएगी। खरीफ सीजन में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने की संभावना है। इस बार प्रदेश में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की संभावना जताई जा रही है। इसके लिए पहले कैबिनेट की बैठक में धान उपार्जन नीति को मंजूरी मिलेगी। वहीं एग्रीस्टेक, एकीकृत किसान पोर्टल पर किसानों का पंजीयन भी शुरू हो गया है। पंजीकृत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी।

**प्रति क्विंटल 31 सौ का भुगतान**

धान बेचने वाले किसानों को प्रति क्विंटल 31 सौ का भुगतान होगा। मामले में कृषि मंत्री रामविचार नेताम का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा– हमारी सरकार ने जो वादा किया उसे पूरा कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में नवंबर माह से धान खरीदी होगी। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी करेंगे। प्रदेश में लगातार बारिश हो रही है। इसके बाद भी धान खरीदी की शुरुआत नवंबर से करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार की वर्ष 2025–26 के लिए नई धान उपार्जन नीति और कस्टम मिलिंग नीति बनकर तैयार है। बताया गया है कि नीति के प्रारूप को इसी महीने दीपावली के पहले होने वाली कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद यह नीति लागू होगी।

खास बात ये है कि इस बार धान उपार्जन करने वाली सोसाइटियों और मिलिंग करने वाले मिलरों को सरकार कुछ राहत दे सकती है। सूत्रों के अनुसार, धान उपार्जन और कस्टम मिलिंग नीति को राज्य सरकार की मंत्रिमंडलीय उप समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है। समिति ने इसे अपने स्तर पर मंजूरी दे दी है, लेकिन दोनों नीतियों को लागू करने के लिए कैबिनेट की मंजूरी अनिवार्य है।

**किसानों को ऑनलाइन टोकन**

छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2025–26 के लिए धान खरीदी की शुरुआत नवंबर से संभावित है। इस बार धान बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन टोकन मिलेगा। यही नहीं, किसानों में छोटे और सीमांत किसानों का धान भी पहले खरीदा जाएगा।

# बिहार में 6 और 11 नवम्बर को मतदान

## 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव, 14 को परिणाम

**नई दिल्ली**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों– छह और 11 नवंबर को कराया जाएगा तथा मतगणना 14 नवम्बर को होगी। राज्य की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि छह नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना 10 अक्टूबर को जारी की जाएगी और नामांकन 17 अक्टूबर तक कराए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 18 अक्टूबर को होगी और नाम 20 अक्टूबर तक वापस लिए जा सकेंगे। दूसरे चरण में 11 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी की जाएगी और नामांकन 20 अक्टूबर तक किया जा सकेगा। नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर को होगी तथा 23 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

**आठ लाख से अधिक कर्मियों की व्यवस्था**

श्री कुमार ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया 16 नवंबर तक पूरी कर ली जाएगी। इस चुनाव में राज्य के कुल 7.42 करोड़ मतदाता 90712 मतदान केंद्रों पर मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। आयोग ने चुनाव व्यवस्था संभालने के लिए साढे आठ लाख कर्मियों की व्यवस्था की है। मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ संवाददाता



सम्मेलन में चुनाव आयुक्त डॉ विवेक जोशी तथा सुखबीर सिंह संधु के लावा आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**14 लाख फर्स्ट टाइम वोटर करेंगे मतदान**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार में इस बार 90,712 पोलिंग बूथ होंगे। शहरी क्षेत्रों में 13,911 और ग्रामीण क्षेत्रों में 76,801 बूथ होंगे। 1,044 पोलिंग बूथों की जिम्मेदारी महिलाओं के पास होगी। उन्होंने बताया कि फर्स्ट टाइम वोटर लगभग 14 लाख हैं। राज्य में 1,725 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। करीब 7.2 लाख दिव्यांग मतदाता, 4.04 लाख 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक भी वोटर सूची में हैं, जबकि 100 साल के अधिक उम्र की मतदाताओं की संख्या 14 हजार है।

### 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का भी ऐलान

चुनाव आयोग ने 7 राज्यों में 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीख का भी घोषणा की है. इन चुनावों के मतदान 11 नवंबर, 2025 को डाले जाएंगे। जिन सीटों पर उपचुनाव होंगे, उनमें राजस्थान की अंटा, जम्मू-कश्मीर की बडगाम और नागरोटा, पंजाब की तरनतारन, झारखंड की घाटशिला, तेलंगाना की जुबली हिल्स, मिजोरम की डांपा और ओडिशा की नुआपाड़ा सीट शामिल हैं। इन सीटों पर भी चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को ही आएंगे।

### चुनाव के ऐलान से पहले दौड़ी पटना मेट्रो

**पटना**। बिहार में चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले पटना मेट्रो का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उद्घाटन कर दिया। नीतीश मेट्रो ट्रेन से डिपो से भूतनाथ स्टेशन तक गए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो यार्ड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आधुनिक, पर्यावरण के अनुकूल एवं सुगम यातायात व्यवस्था को विकसित करने की दिशा में किए जा रहे कार्यों में यह एक महत्वपूर्ण

## सार संक्षेप

### सोनम वांगचुक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली**। लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और लद्दाख प्रशासन को नोटिस जारी किया। यह याचिका वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने दाखिल की है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन को सोनम वांगचुक की कथित रूप से गैर-कानूनी हिरासत के खिलाफ दाखिल याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### उप्र के रायबरेली में दलित की हत्या से आक्रोश

**रायबरेली**। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक दलित व्यक्ति को चोर समझकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई, जिससे राज्य में आक्रोश और राजनीतिक बवाल मच गया। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित की पहचान हरिओम के रूप में हुई है और स्थानीय लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर लाठी-डंडों और बेल्ट से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

### मुर्मु ने राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किए

**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में 2022-23 के लिए 'माई भारत - राष्ट्रीय सेवा योजना' पुरस्कार प्रदान किए। युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा 1993-94 में स्थापित यह पुरस्कार, समाज सेवा, सामुदायिक विकास और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने वाले देश के प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।

### भारतीय नौसेना में शामिल हुआ आईएनएस एंड्रोथ

**नई दिल्ली**। भारतीय नौसेना ने सोमवार को अपने बेड़े में आईएनएस एंड्रोथ को औपचारिक रूप से शामिल कर लिया। यह भारतीय नौसेना का दूसरा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट है, जिसे एक नेवल डॉकयार्ड, विशाखापत्तनम में कमीशन किया गया है। नौसेना का कहना है कि आईएनएस एंड्रोथ भारत की समुद्री आत्मनिर्भरता का एक शानदार प्रतीक है।

### हिमाचल की लाहौल घाटी में शून्य से नीचे पहुंचा पारा

**लाहौल-स्पीति**। हिमाचल प्रदेश की लाहौल घाटी में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। सीजन की पहली बर्फबारी ने पूरे इलाके को बर्फ की सफेद चादर से ढक दिया है। अचानक आई इस बर्फबारी से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे लोग अपने घरों के भीतर दुबककर बैठने को मजबूर हो गए हैं।

# कस्टम मिलिंग स्कैम प्रकरण में ईओडब्ल्यू ने किया टुटेजा एवं अनवर ढेबर के विरूद्ध चालान पेश

**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कस्टम मिलिंग स्कैम प्रकरण अपराध क्रमांक–01/2024 में आजआरोपी–अनिल टुटेजा एवं अनवर ढेबर के विरूद्ध भा.द.वि. की धारा 120बी, 384 एवं 409 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (यथा संशोधित भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018) की धारा 11, 13(1)(क), 13(2) के अंतर्गत विशेष न्यायालय रायपुर में 1,500 पेज का अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। दोनों आरोपी केन्द्रीय जेल रायपुर में निरूद्ध हैं।



पूर्व में फरवरी 2025 में रोशन चन्द्राकर एवं मनोज सोनी के खिलाफ ईओडब्ल्यू के द्वारा कस्टम मिलिंग स्कैम में प्रथम चालान प्रस्तुत किया गया था।

अनिल टुटेजा द्वारा छ.ग. प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ प्रारंभ से आपराधिक षडयंत्रपूर्वक कस्टम मिलिंग स्कैम में राईस मिलरों से अवैध वसूली की गई है एवं इस अवैध वसूली से असम्यक लाभ कम से कम 20 करोड़ रूपये भी प्राप्त किया गया है। राईस मिलरों से अवैध वसूली करने हेतु मार्कफेड के जिला विपणन अधिकारियों पर दबाव बनाकर राईस मिलरों का बिल लंबित रखा जाता था, जिससे कि राईस मिलर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नहीं दी जाएगी खांसी की सिरप

**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार की खांसी की सिरप या सर्दी–जुकाम की दवाएं नहीं दी जानी चाहिए। साथ ही, यह दवाएं सामान्यत: पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए भी अनुशंसित नहीं हैं। यह कदम शिशुओं को संभावित दुष्प्रभावों से बचाने और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।



राज्य सरकार ने जारी किया एडवाइजरी

एडवाइजरी जारी होते ही छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा सिविल सर्जनों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। सभी शासकीय और निजी स्वास्थ्य संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि भारत सरकार की इस गाइडलाइन का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

साथ ही आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा इस संबंध में एक उच्चस्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित कर सभी जिलास्तरीय विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि खांसी या सर्दी की दवाओं का उपयोग केवल चिकित्सकीय परामर्श पर आधारित होना चाहिए, तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। विशेषज्ञों के अनुसार अधिकांश मामलों में बच्चों में खांसी–जुकाम जैसी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# सोने-चांदी के दाम एक बार फिर ऊंचे आसमान

## सोना 1,23,200 व चांदी 1,53,900 रुपए

**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोने–चांदी के दाम आज यानी 6 अक्टूबर को एक बार फिर ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। पहली बार सोना प्रति दस ग्राम 1,23,200 व चांदी प्रति किलो 1,53,900 रुपए को छूते हुए पुराने सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। यदि यही हाल रहा तो कोई बड़ी बात नहीं जब दीवाली आते–आते सोना 1,30,000 के स्तर को छू जाए। समर्थन में चांदी की चमक तो बढ़ ही रही है। हालांकि बढ़े दाम पर बाजार में थोड़ी असमंजस देखी जा रही है, लेकिन कारोबारियों का दावा है कि दीवाली की बाजार फीकी नहीं पड़ेगी और लोग करवां चौथ, धनतेरस व लक्ष्मी पूजा पर जमकर खरीदी करेंगे। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिकी प्रशासन में गतिरोध, फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में और कटौती करने के अनुमान और बढ़ते व्यापार एवं भू–राजनीतिक तनाव के बीच सुरक्षित निवेश की तलाश में सोने की खरीदारी बढ़ गई है। इसके अलावा, मुद्रास्फीति के कारण वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने कई निवेशकों को सोने को एक सुरक्षित आश्रय संपत्ति के रूप में निर्भर बना दिया। सोमवार को रायपुर सराफा में बंद भाव क्रमश: 1,23,200 (24 कैरेट), 1,13,350 (22 कैरेट) व 1,03,500 (20 कैरेट) रुपए रहे।

# जयपुर के अस्पताल में आग लगने से 8 मरीजों की मौत

**जयपुर**, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल के ट्रॉमा आईसीयू में रविवार देर रात आग लगने से 8 मरीजों की मौत हो गई और पांच की हालत गंभीर है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी मौके पर पहुंचे थे।



अस्पताल के इंचार्ज जगदीश मोदी ने आईएएनएस को बताया कि यह मालूम चला है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। अचानक से लगी आग ने एक से दो मिनट में पूरे आईसीयू वार्ड को चपेट में ले लिया था। इससे दूसरे वार्डों में भी भगदड़ मच गई थी। बाहर निकलकर आए मरीजों को फिर से उन्हें सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया गया है। उन्होंने पुष्टि की कि इस घटना में अब तक 6 मरीजों की मौत हो चुकी है, जिसमें 4 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि आग पर काबू किया जा चुका है, लेकिन आईसीयू वार्ड पूरी तरह जलकर राख है। आग बुझाने में दमकलकर्मियों को मुश्किल का सामना करना पड़ा। आग लगने के बाद अस्पताल स्टाफ ने मरीजों की मदद की और उन्हें जल्दी से दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया। पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ ने कहा कि अभी आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। हालांकि, उन्होंने भी शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका व्यक्त की।

# पीएम नरेन्द्र मोदी करेंगे 1 नवंबर को नए विधानसभा भवन का लोकार्पण

**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। दो सौ तिहत्तर करोड़ की लागत से 52 एकड़ के विशाल क्षेत्र में निर्मित छत्तीसगढ़ के नये विधानसभा भवन का निर्माण पूरा हो गया है। समझा जा रहा है कि संभवत: 10 तारीख को लोक निर्माण विभाग विधिवत विधानसभा सचिवालय को आधिपत्य सौंपें देगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 नवंबर को नए विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे। नए विधानसभा भवन का लोकार्पण अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सांसद, विधायक, और पंचायत–नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों को संबोधित भी करेंगे। कार्यक्रम में लगभग 5 हजार लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने की बात सामने आ रही है।

नए विधानसभा भवन में तीन प्रमुख विंग हैं। इनमें विधानसभा सचिवालय, विधानसभा सदन, और सेंट्रल हॉल परिसर हैं। नये विधानसभा में 200 विधायकों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा 500 दर्शकों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम भी है। विधानसभा परिसर में 700 वाहनों की पार्किंग सुविधा होगी। डेढ़ डेढ़ एकड़ के क्षेत्र में दो सरोवर का निर्माण भी किया गया है। बहरहाल छत्तीसगढ़ की जनता, कर्मचारियों अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को नए विधानसभा भवन लोकार्पण की प्रतीक्षा है।

# तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**गरियाबंद**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ की गरियाबंद पुलिस की अपील और शासन की आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) के डीजीएन डिवीजन के तीन माओवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित माओवादियों में नागेश उर्फ रामा कवासी, जैनी उर्फ देवे मडकम और मनीला उर्फ सुंदरी कवासी शामिल हैं, जिन पर कुल 3 लाख रुपये का इनाम घोषित था। गरियाबंद पुलिस ने माओवादियों से आत्मसमर्पण की अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी थाना, चौकी या कैंप में समर्पण कर सकते हैं।

# सीबीआई ने समाज कल्याण विभाग पर मारा छापा, अहम दस्तावेज जब्त

**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कथित आईएएस–एनजीओ घोटाले की जाँच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने आज रायपुर के माना स्थित समाज कल्याण विभाग के दफ़्तर पर छापा मारा। भोपाल से पहुँची चार सदस्यीय सीबीआई टीम ने विभाग से घोटाले से जुड़े कई अहम दस्तावेज़ जब्त किए और पूछताछ के बाद टीम रवाना हो गई।

**दो घंटे तक चली जाँच, उप संचालक से मुलाकात**– सूत्रों के अनुसार, सीबीआई की टीम सुबह समाज कल्याण विभाग के कार्यालय पहुँची और लगभग दो घंटे तक गहन तलाशी और फ़ाइलों की जाँच की। चूंकि विभाग की संचालक (डायरेक्टर) उपस्थित नहीं थीं, इसलिए सीबीआई अधिकारियों ने विभाग के उप संचालक से विस्तृत मुलाकात की और घोटाले से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई। जाँच पूरी होने के बाद, सीबीआई टीम घोटाले से जुड़े कई बंडल दस्तावेज़ जब्त कर अपने साथ ले गई।

**करोड़ों के घोटाले में आईएएस अधिकारियों पर है आरोप**– यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ के बड़े आईएएस एनजीओ घोटाले से जुड़ी है, जिसे कथित तौर पर 1000 करोड़ रुपये से अधिक का बताया जा रहा है। आरोप है कि राज्य के कुछ वर्तमान और सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएसअधिकारियों ने दिव्यांगों के कल्याण ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## चिकित्सा क्षेत्र के नोबेल का ऐलान

# मैरी ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल व शिमोन सकागुची को पुरस्कार

**स्टॉकहोम**, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। वर्ष 2025 के चिकित्सा क्षेत्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को



मेडिसिन के नोबेल पुरस्कार विजेताओं को नाम का ऐलान किया है। इस साल तीन वैज्ञानिकों– मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल और शिमोन सकागुची को चिकित्सा क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार शरीर की रक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) को बेहतर समझने की खोज– पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस के लिए मिला है। इन खोजों ने अनुसंधान की नई राह खोल दी है। इससे कैंसर तथा ऑटोइम्यून रोगों के उपचारों को और प्रभावी बनाने में मदद मिल सकती है। ब्रुनको सिएटल स्थित इंस्टीट्यूट फॉर सिस्टम्स बायोलॉजी में वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक हैं।

## पर्यटन

### घास के मैदानों में बिछी बर्फ की मनमोहक सफेद चादर

# गुलमर्ग में मौसम की पहली बर्फबारी

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुलमर्ग में सोमवार को मौसम की हुई पहली बर्फबारी ने पर्यटकों की मौज कर दी, जिन्होंने यह सोचा भी नहीं था कि वे इतनी जल्दी बर्फबारी का आनंद उठा पाएंगे।**

*बर्फबारी ने कंगमडोर के मनोरम घास के मैदान को एक मनमोहक सफेद चादर में भी बदल दिया। सुबह–सुबह शुरू हुई हल्की से मध्यम बर्फबारी ने इस क्षेत्र में सर्दियों की आधिकारिक शुरुआत का संकेत दिया। गुलमर्ग के चीड़ के जंगलों, छतों और हरी–भरी ढलानों पर बर्फ की चादर बिछी हुई थी, जिससे एक मनमोहक परिदृश्य बना जिसने स्थानीय लोगों और पर्यटकों को बाहर आने के लिए आकर्षित किया। घाटी के शीतकालीन वंडरलैंड में तब्दील होते ही पर्यटक तस्वीरें खींचते, बर्फ के आदमी बनाते और गर्म चाय और नाश्ते का आनंद लेते देखे गए।*

*लोकप्रिय कोलाहोई पैनोरमा कैफे और रेस्टोरेंट, जो आनलाइन साझा की गई तस्वीरों में प्रमुखता से दिखाई दे रहा है, बर्फ से ढके दृश्यों में भीगते हुए गर्मी और ताज़गी की तलाश करने वाले पर्यटकों के लिए एक पसंदीदा जगह बन गया। कैफे के ऊंचे स्थान से आगंतुकों को बर्फ से ढके राजसी पहाड़ों का मनोरम दृश्य देखने को मिला। देश–विदेश से आए पर्यटकों ने गुलमर्ग में पहली बर्फबारी देखकर खुशी जताई। एक उत्साहित पर्यटक ने कहा कि पहली बार बर्फ देखना किसी सपने के सच होने जैसा है। गुलमर्ग जादुई लग रहा है। स्थानीय गाइड, होटल व्यवसायी और टट्टू मालिकों ने भी बर्फबारी का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि सर्दियों के जल्दी आने से ज्यादा पर्यटक आएंगे और स्की सीजन से पहले स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। एशिया की सबसे ऊंची केबल कार में से एक, गुलमर्ग गोंडोला, जो कंगमडोर और अफरावत चोटियों को जोड़ती है, मुख्य आकर्षण रही, जहां से बर्फ से ढकी घाटी के मनमोहक हवाई दृश्य दिखाई देते हैं। गुरेज घाटी का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले राजदान दर्रे में सोमवार को फिर से बर्फबारी हुई, जिससे तापमान में अचानक गिरावट आई।*

# देश

**उवाच**



"मेरे छिंदवाड़ा परिवार के 11 मासूम बच्चों की मौत दुखद और हृदयविदारक है। पीड़ित परिवारों के साथ मैं स्वयं और पूरा कांग्रेस परिवार खड़ा है। परासिया क्षेत्र के प्रत्येक मासूम बच्चों की हत्या के जिम्मेदारों से हिसाब लिया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।"

-कमलनाथ, कांग्रेस नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 23.0 | 20.0 |
| मुंबई | 30.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

# कफ सिरप से मासूमों की मौत भयावह त्रासदी : कांग्रेस

## छिंदवाड़ा में कफ सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत को लेकर मध्य प्रदेश सरकार को घेरा

**छिंदवाड़ा,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को छिंदवाड़ा में विषाक्त कफ सिरप से प्रभावित हुए बच्चों के परिजन से मुलाकात की। पटवारी छिंदवाड़ा जिले के परासिया पहुंचे और प्रभावित परिजन से मिल कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कफ सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत को लेकर मध्य प्रदेश सरकार को घेरा। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि जहरीली कफ सिरप से 16 मासूम बच्चों की मौत एक हृदयविदारक और भयावह त्रासदी है। सोमवार को परासिया (छिंदवाड़ा) पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मिलकर संवेदना प्रकट की। कांग्रेस पार्टी इस गहरे दुख की घड़ी में प्रत्येक शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है। पार्टी तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक छिंदवाड़ा के नन्हे बच्चों को न्याय नहीं मिल जाता, जिनकी मासूम जिंदगियां सरकारी लापरवाही और दवा माफिया की घिनौनी साज़िश का शिकार हो गईं।

**स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मांग की है कि वे स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल को बर्खास्त करें, तभी उनका प्रभावित परिवारों से मिलना सार्थक होगा।



मासूम जिंदगियां सरकारी लापरवाही और दवा माफिया की घिनौनी साजिश का शिकार हो गईं : जीतू पटवारी

छिंदवाड़ा के परासिया पहुंचे पटवारी ने आरोप लगाया कि कफ सिरप पीकर इतने बच्चों की मौत होना बताता है कि सरकार पूरी तरह सो रही है। यह मामला सामने आने पर स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल का जो बयान आया, उसमें कहा गया कि जिस तत्व से बच्चों की मौत हुई, वो तत्व इस दवा में है ही नहीं। छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत नहीं हुई, ये सरकारी हत्या हुई है।

पटवारी ने कहा कि अब जब मुख्यमंत्री डॉ.यादव परासिया आ रहे हैं, तो वे यहां की धरती पर उतरने से पहले स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करें, तभी उनके आने का महत्व है। इस समूचे प्रकरण में परासिया के डॉक्टर प्रवीण सोनी के निलंबन के मामले पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी डॉक्टर को नहीं पता होता कि दवा में क्या है। वहीं मध्य प्रदेश और राजस्थान में हाल ही में एक कफ सिरप से 12 बच्चों की मौतों के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय कफ सिरप के तर्कसंगत उपयोग के संदर्भ में, खासकर बच्चों के मामले में, नए दिशानिर्देश जारी करेगा। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि माता-पिता, फार्मासिस्टों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए यह दिशा निर्देश जल्द ही राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा किए जाने की उम्मीद है। यह निर्णय केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कल एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद लिया गया।

इस बैठक में केंद्र और राज्य औषधि नियामक प्राधिकरणों, स्वास्थ्य विभागों और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) जैसे प्रमुख संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) ने हाल ही में दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों में कफ सिरप के इस्तेमाल के खिलाफ चेतावनी दी थी, जिसमें कहा गया था कि इस समूह की अधिकांश खांसी की बीमारियां अपने आप ठीक हो जाती हैं और इनके लिए दवाओं की आवश्यकता नहीं होती है। इसी क्रम में मंत्रालय ने छह राज्यों की 19 दवा निर्माण इकाइयों का जोखिम-आधारित निरीक्षण (आरबीआई) शुरू किया है। इन निरीक्षणों का उद्देश्य दवाओं के बनाने की प्रक्रिया में प्रणालीगत खामियों की पहचान करना और मौजूदा गुणवत्ता आश्वासन तंत्र को मज़बूत बनाना है।

बैठक में संशोधित अनुसूची एम-दवा निर्माताओं के लिए अद्यतन अच्छी विनिर्माण पद्धतियाँ (जीएमपी), (जीएमपी) मानदंडों का कड़ाई से पालन करने की आवश्यकता दोहराई गई। अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि उल्लंघन करने वाली इकाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह बैठक ऐसे समय की गई है जब जांच रिपोर्टों में पुष्टि हुयी कि तमिलनाडु में निर्मित कफ सिरप कोल्ड्रिफ में डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) की मात्रा मानक सीमा से अधिक है।

## बच्चों का बनाया जा रहा कब्रिस्तान : उमंग सिंघार



**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता उमंग सिंघार ने छिंदवाड़ा में कफ सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत को लेकर मध्यप्रदेश सरकार पर कड़ी आलोचना की है। सिंघार ने कहा कि तमिलनाडु में हुई घटनाओं के बाद अब सरकार की नींद खुली है, लेकिन बच्चों के लिए उचित कार्रवाई अभी तक नहीं हुई। उन्होंने कहा कि बच्चों का कब्रिस्तान बनाया जा रहा है और सरकार को संवेदनशील होकर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों का पोस्टमार्टम तक नहीं कराया गया और अब शवों को निकाला जा रहा है। इस पूरी घटना को उन्होंने सरकार की असंवेदनशीलता बताया। सिंघार ने आरोप लगाया कि डॉक्टर के अलावा कंपनी पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी कहा कि रीवा में सबसे ज्यादा कफ सिरप बिकता है और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को इस पर क्या प्रेम है, इसका जवाब देने की आवश्यकता है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि उनके विधायक सोहन वाल्मीकि ने इस मामले को लेकर कई पत्र लिखे और धरना भी दिया, लेकिन सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही। कांग्रेस पार्टी इस मामले में पूरी तरह सक्रिय है।

# नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे मोदी

## मुंबई का होगा दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा



**मुंबई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 अक्टूबर को स्टेट-ऑफ-द-आर्ट नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। यह मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड की एक सहायक कंपनी) और सीआईडीसीओ (महाराष्ट्र नगर एवं औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड) के बीच एक पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) परियोजना है। इसमें मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की 74 प्रतिशत और सीआईडीसीओ की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। नवी मुंबई हवाई अड्डा, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद मुंबई का दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अडड्डा होगा। इस हवाई अड्डे को हाल ही में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से परिचालन शुरू करने के लिए हवाई अड्डा लाइसेंस प्राप्त हुआ है। यह हवाई अड्डा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों यात्रियों के लिए स्टेट-ऑफ-द-आर्ट सुविधाओं से लैस है। इसमें लार्ज कमर्शियल एयरक्राफ्ट को हैंडल करने के लिए 3,700 मीटर लंबा रनवे, मॉडर्न पैसेंजर टर्मिनल और एडवांस्ड एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम शामिल हैं। एक बार चालू होने के बाद, इसके शुरुआती चरण में प्रति वर्ष 2 करोड़ यात्रियों (एमपीपीए) को संभालने और मुंबई महानगर क्षेत्र और पश्चिमी भारत की बढ़ती हवाई यातायात मांगों को पूरा करने के साथ-साथ भारत की ग्लोबल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की उम्मीद है। यह हवाई अड्डा जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) बंदरगाह से 14 किमी, महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमआईडीसी), तलोजा इंडस्ट्रियल एरिया से 22 किमी, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट (मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक के माध्यम से) से 35 किमी, ठाणे से 32 किमी और पावरलूम शहर भिवंडी से 40 किमी दूर होगा। इंडिगो, अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस जैसी एयरलाइनों ने हवाई अड्डे से परिचालन शुरू करने की योजना की घोषणा की है, जिसमें शुरुआती उड़ानें विभिन्न घरेलू शहरों को जोड़ेंगी। इस हवाई अड्डे में 5 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष क्षमता के साथ एक फुली ऑटो कार्गो टर्मिनल, सेमी-ऑटो मटीरियल हैंडलिंग सिस्टम (एमएचएस), 100 प्रतिशत शिपमेंट ट्रैकिंग, ट्रक मैनेजमेंट सिस्टम, कार्गो कम्युनिटी सिस्टम और कैशलेस और पेपरलेस ऑपरेशन के लिए डिजाइन की गई कार्गो सुविधा होगी।

## सार संक्षेप

### साय ने राष्ट्रपति मुर्मु से की सौहार्द्रपूर्ण भेंट

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से सौहार्द्रपूर्ण मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने मुर्मु को अवगत कराया कि वर्ष 2025 छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने रजत जयंती वर्ष के विशेष अवसर पर राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी। साय ने मुर्मु को छत्तीसगढ़ आगमन के लिए भीसादर आमंत्रित किया।

### मुंबई में ड्रोन और स्काई लैंटर्न पर प्रतिबंध

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने आमजन की सुरक्षा और बचाव के मद्देनजर आगामी त्योहार के दौरान शहर में आगामी 12 अक्टूबर से 10 नंबर तक स्काई लैंटर्न की ब्रिकी, भंडारण और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्काई लैंटर्न कागज से बना एक छोटा गुब्बारा होता है, जिसके नीचे एक खुला भाग होता है जहां दिया या किसी अन्य चीज से आग जलायी जाती है, जिससे गर्म हवा पैदा होती है और इससे वह आसमान में उड़ता है। पुलिस उपायुक्त (संचालन) अकबर पठान ने आदेश जारी कर कहा कि स्काई लैंटर्न के कारण आगजनी होती है और आमजन की सुरक्षा और शांति खतरे में पड़ती है। यह प्रतिबंध दो चरणों में लागू होगा।

### कटक में सामूहिक झड़प में आठ गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक में दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान हुई सामूहिक झड़पों के बाद कई थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया है और आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। भुवनेश्वर-कटक शहर के पुलिस आयुक्त एस. देबदत्त सिंह ने बताया कि इस संबंध में अब तक तीन मामले दर्ज किए गए हैं और सीसीटीवी फुटेज तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म से मिली जानकारी के आधार पर अन्य लोगों की तलाश जारी है। शहर में और तनाव नहीं बढ़ने को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने 13 थाना क्षेत्रों में 36 घंटे का कर्फ्यू लगा दिया है।

### जयपुर के अस्पताल में आग लगने की घटना दुखद : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बीती रात जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेन्टर में आग लगने की घटना को दुःखद बताया और कहा कि स्थानीय प्रशासन मरीजों की सुरक्षा, इलाज और प्रभावित लोगों की देखभाल के लिए हर संभव कदम उठा रहा है। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में आग लगने की घटना दुःखद है।

## कोलकाता के युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा को सूत्र सम्मान 2025



**कोलकाता,**6 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोक कवि ठा. पूरन सिंह की स्मृति में प्रतिवर्ष युवा कविता के लिए दिया जाने वाला प्रतिष्ठित 'सूत्र सम्मान' वर्ष 2025 के लिए कोलकाता के युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा को दिए जाने का निर्णय सूत्र समिति द्वारा लिया गया है। कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा को छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक नगरी कोण्डागांव में 25 अक्टूबर 2025 को 'सूत्र एवं ककसाड़, साहित्यिक पत्रिका' के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम में ठा. पूरन सिंह स्मृति 'सूत्र सम्मान-2025' प्रदान किया जाएगा। युवा कवि डॉ. सुनील कुमार शर्मा, हिन्दी के संभावनाशील कवि हैं। सुनील की कविताओं में जो अनगढ़ जीवन है, वह उम्मीद की तरह है। डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण काम करते हुए आधुनिक तकनीक को रचना के स्तर आगे बढ़ाया है। वाणी प्रकाशन से एक कविता संग्रह के अलावा प्रौद्योगिकी पर डॉ. शर्मा के शोधपूर्ण किताबें प्रकाशित हैं। विदित हो कि ठा. पूरन सिंह स्मृति 'सूत्र सम्मान' वर्ष 1997 से देश के किसी एक संभावनाशील युवा कवि-लेखक को दिया जा रहा है। यह 28वां सम्मान है।

### नीतीश कुमार की मुजफ्फरपुर को बड़ी सौगात

# 1333 करोड़ की 22 योजनाओं का किया उद्घाटन



**पटना,** 6 अक्टूबर (एजेंसयां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को मुजफ्फरपुर जिले में 1333 करोड़ रुपए की लागत से 22 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री कुमार ने सोमवार को मुजफ्फरपुर जिले के सकरा वाजिद पंचायत भवन परिसर से 1333.29 करोड़ रुपए की लागत से कुल 22 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 83.32 करोड़ रुपए की लागत से छह योजनाओं का उद्घाटन तथा 1249.97 करोड़ रुपए की लागत से 16 योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ शामिल है। इनमें 32.32 करोड़ रुपए की लागत से राज्य स्कीम के तहत मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवास निर्माण, 26 करोड़ रुपए की लागत से एमआईटी मुजफ्फपुर में छात्र एवं छात्राओं के लिए (कुल 2 अदद) 200 बेडेड वाले छात्रावास का निर्माण, 13.28 करोड़ रुपए की लागत से विद्युत शक्ति उपकेंद्र, वाजिदपुर, बोचहां, केरमा एवं कुढनी का निर्माण, 2.32 करोड़ रुपये की लागत से बघनगरी एवं कांटी (गोंविदपुर फुल्कांहा) में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का निर्माण, 4.70 करोड़ रुपए के लागत से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पश्चिमी मुजफ्फपुर का निर्माण तथा 4.70 करोड़ रुपए की लागत से महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला मुख्यालय, मुजफ्फपुर का निर्माण कार्य के उद्घाटन के अलावा 589.05 करोड़ रुपए की लागत से मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत गंडक नदी पर फतेहाबाद (पारू ब्लॉक) से चंचलिया (सरैया ब्लॉक) तक उच्च स्तरीय पीएससी बॉक्स सेल सुपर स्ट्रक्चर मेन पुल एवं पहुंच पथ में 3 अदद पीएससी सुपर स्ट्रक्चर पुल निर्माण कार्य, 199.45 करोड़ रुपए की लागत से मुजफ्फपुर जिला अंतर्गत प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय परिसर, कांटी, पारू, साहेबगंज, सरैया, मोतिपुर, सकरा, औराई, बोचहां, मुसहरी, गायघाट, मड़वन एवं बंदरा के निर्माण कार्य, 184.32 करोड़ रुपये की लागत से मुजफ्फपुर जिला अंतर्गत राज्य स्कीम मद से डॉ. भीमराव अंबेडकर टेन प्लस टू आवासीय विद्यालय प्रखंड सह अंचल, मोतिपुर, सकरा, पारू, एवं बंदरा में विद्यालय भवन (720 आसन) का निर्माण कार्य सहित अन्य कई महत्वपूर्ण विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास/कार्यरंभ शामिल है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित जीविका दीदियों, पेंशनधारी लाभुकों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया।

## 21 लाख महिलाओं के खाते में की राशि हस्तांतरित

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 21 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में दस हजार रुपए प्रति लाभुक की दर से 2100 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री कुमार ने सोमवार को एक , अणे मार्ग स्थित संकल्प से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की 21 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपए प्रति लाभुक की दर से 2100 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कुमार की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ 26 सितम्बर को किया था, उस दिन मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत राज्य की 75 लाख महिला लाभुकों को 10 हजार प्रति लाभुक की दर से 7500 करोड़ की राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरित की गई थी।

## शीर्ष अदालत में सीजेआई गवई पर हमले की कोशिश शर्मनाक : एम.के.स्टालिन



इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता

**चेन्नई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय के अंदर मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर सोमवार को हुए हमले की कोशिश को शर्मनाक करार देते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि लोकतंत्र के सर्वोच्च न्यायिक पद पर हुए इस हमले को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। सोशल मीडिया पर पोस्ट में स्टालिन ने कहा कि जिस तरह से मुख्य न्यायाधीश ने शालीनता, शांति और उदारता के साथ जवाब दिया, वह संस्थान की ताकत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हम इस घटना को हल्के में नहीं ले सकते। हमलावर द्वारा अपने कृत्य के पीछे बताई गई वजह से पता चलता है कि समाज में दमनकारी एवं वर्गीकृत मानसिकता अभी भी कितनी गहराई तक मौजूद है। उन्होंने एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया जो देश की संस्थाओं का सम्मान एवं सुरक्षा करे, साथ ही लोगों के आचरण में परिपक्वता का प्रदर्शन करे। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा, सर्वोच्च न्यायालय के अंदर मुख्य न्यायाधीश थिरु बी. आर. गवई के खिलाफ शर्मनाक कृत्य हमारे लोकतंत्र के सर्वोच्च न्यायिक पद पर हमला है और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। स्टालिन ने कहा मुख्य न्यायाधीश ने जिस तरह से शालीनता, शांति एवं उदारता के साथ जवाब दिया वह संस्थान की ताकत को दर्शाता है लेकिन इससे हम इस घटना को हल्के में नहीं ले सकते।

## जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम की चेतावनी



वैष्णो देवी यात्रा दूसरे दिन भी स्थगित

**जम्मू,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम की चेतावनी के कारण माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी स्थगित रही। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि मौसम विभाग की ओर से खराब मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा आज दूसरे दिन भी स्थगित रही और अब यह आठ अक्टूबर को फिर से शुरू होगी। उन्होंने आगे कहा कि यात्री आधिकारिक माध्यमों से अपडेट रह सकते हैं। भारी बारिश के कारण गत 26 अगस्त को यात्रा स्थगित कर दी गई थी। बाद में 17 सितम्बर को तीर्थ यात्रा फिर से शुरू होने के बाद रियासी जिले के कटरा कस्बे में चहल-पहल लौट आई। गत 26 अगस्त को अर्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज़्यादातर तीर्थयात्री थे और कई घायल हो गए। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल एवं श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने भूस्खलन के कारणों की जांच के लिए एक उच्च-स्तरीय तीन-सदस्यीय समिति का गठन किया था।

## रक्षा विनिर्माण पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे राजनाथ



डिफेंस एक्ज़िम पोर्टल का भी करेंगे शुभारंभ

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को रक्षा क्षेत्र में विर्निमाण को बढ़ावा देने से संबंधित राष्ट्रीय सम्मेलन देश में रक्षा विनिर्माण के अवसर का उद्घाटन करेंगे। रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग के तत्वावधान में यहां आयोजित यह सम्मेलन रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय लक्ष्य के साथ क्षेत्रीय औद्योगिक नीतियों तथा बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रक्षा मंत्रालय और राज्य सरकारों के बीच समन्वय को मजबूत करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। सिंह इस कार्यक्रम के दौरान डिफेंस एक्ज़िम पोर्टल का शुभारंभ करेंगे जिसे निर्यात और आयात निर्देश जारी करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके अतिरिक्त भारतीय रक्षा उद्योगों की क्षमताओं और उत्पादों के डिजिटल संग्रह सृजन-डीईईपी पोर्टल की भी शुरुआत की जाएगी। इस सम्मेलन के दौरान दो प्रमुख प्रकाशनों एयरोस्पेस एंड डिफेंस सेक्टर पॉलिसी कम्पेन्डीअम ऑफ स्टेट्स एंड यूनियन टेरेटरीज़ और आईडीईएक्स कॉफ़ी टेबल बुक शेयर्ड हॉरिजन्स ऑफ इनोवेशन का भी विमोचन किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उद्योग विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ लाना और देश के रक्षा विनिर्माण इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करना है।

**उम्मीद** | अखिलेश का सपना, लोकसभा की तरह अयोध्या विधानसभा भी सपा जीते

# जातीय नहीं जिताऊ उम्मीदवारों को उतारेगी सपा : अवधेश प्रसाद

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी जाति की राजनीति नहीं करती है। आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में पार्टी जातीय नहीं, जिताऊ नेताओं पर दांव लगाएगी। यह घोषणा सपा के राष्ट्रीय महासचिव अवधेश प्रसाद ने की है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र व प्रदेश में वोट चोरी की सरकार है। क्या समाजवादी पार्टी यूपी में पीडीए की लाइन से इतर सवर्ण वोटों को भी रिझाना चाहती है। सपा राष्ट्रीय महासचिव के बयान से तो कम से कम यही प्रति ध्वनि निकलती है।**

प्रेस क्लब अयोध्या में प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में फैजाबाद सांसद पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। देशबन्धु प्रतिनिधि ने दो सवाल किए। पहला, क्या सपा आरक्षित सीटों पर पासी जाति के लोगों को ज्यादा संख्या में लड़ाएगी। दूसरा, क्या अयोध्या विधानसभा सहित अन्य सामान्य सीटों पर भी दलित प्रत्याशी उतारेगी। दोनों सवाल पर सांसद अवधेश प्रसाद ने जातिय राजनीति से इंकार किया। हालांकि जब वे लोकसभा का चुनाव लड़ रहे थे तो समर्थकों ने नारा लगाया था कि मथुरा ना काशी, अबकी बार



■ लोकसभा की तरह अयोध्या विधानसभा सीट पर दलित उम्मीदवार दे सकती है सपा

अवधेश पासी। मिल्कीपुर उपचुनाव में भी सपा ने पासी जाति देखकर ही अवधेश प्रसाद के लड़के को टिकट दिया था। मिल्कीपुर के चुनाव परिणाम को उन्होंने वोट डकैती बताया। उत्तर प्रदेश के 2022 विधानसभा चुनाव में पासी जाति के विधायकों की संख्या 22 थी जिसमें 16 भारतीय जनता पार्टी के व छह सपा के थे। सपा के छह विधायकों में अवधेश प्रसाद खुद भी थे, सांसद चुने जाने के बाद उस सीट पर भाजपा का कब्जा हो गया। लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव ने रणनीति बदली तो उत्तर प्रदेश से पासी जाति के चुने गए 8 सांसदों में पांच सपा के थे। एक समय था जब जाटव वोटों के साथ पासी जाति बसपा की ताकत हुआ करता था। धीरे धीरे पासी जाति के नेताओं का मायावती से मोहभंग हुआ तो वोटरों ने पहले भाजपा व अब सपा को अपना रहा है। पूरे उत्तर प्रदेश में पासी जाति के मतदाताओं की संख्या कुल मतदाताओं में लगभग चार प्रतिशत है लेकिन अवध व पूर्वांचल क्षेत्र में लगभग सोलह प्रतिशत पासी मतदाता हैं। अयोध्या, सीतापुर, लखनऊ, बाराबंकी में तो पासी मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। फैजाबाद अयोध्या जैसी सामान्य लोकसभा ी सीट पर भी सपा की जीत का महत्वपूर्ण कारक अवधेश प्रसाद का पासी होना रहा है। फैजाबाद लोकसभा की तरह सपा मुखिया अखिलेश यादव अयोध्या विधानसभा सीट भी जीतना चाहते हैं। पिछले तीन दशक में सपा यहां से सिर्फ एक बार जीत पाई है। 22 के चुनाव में अखिलेश ने रोड शो करके माहौल बनाने की कोशिश की थी लेकिन मतदान के पूर्व की रात विपक्ष की रणनीति ने मंसूबों पर पानी फेर दिया था। फैजाबाद लोकसभा की तरह क्या अयोध्या विधानसभा पर भी सपा दलित दांव खेल सकती है। जातिय नहीं जिताऊ उम्मीदवार रहेगा, कहकर अवधेश प्रसाद ने यह जताने की कोशिश की है कि सपा पीडीए के साथ सवर्ण वोटों को रिझाने की भी रणनीति बना रही है।

## 'घर संभालना कोई आसान काम नहीं': अमिताभ बच्चन

**मुंबई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने एक बार फिर समाज के एक बेहद महत्वपूर्ण वर्ग यानी गृहिणियों को सम्मानित किया है। उन्होंने अपने ब्लॉग के जरिए कहा कि कई महिलाएं अपनी मेहनत और जिम्मेदारी को कम आंकती हैं, लेकिन वे गर्व के साथ अपनी पहचान बताएं, क्योंकि घर संभालना कोई आसान काम नहीं है। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में बताया कि जब वह अपने टीवी क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' (केबीसी) में दर्शकों से पूछते हैं कि वे क्या करती हैं तो कई महिलाएं बहुत ही नर्म और दबे स्वर में कहती हैं कि वे होममेकर हैं। अमिताभ ने पूछा कि आखिर महिलाएं क्यों अपनी इस भूमिका को इतना छोटा दिखाती हैं? बिग बी ने महिलाओं को कहा कि वे कभी अपने इस काम को छुपाएं नहीं और न दबे स्वर में बताएं।

# शरीर का पिलर है रीढ़ की हड्डी, जानिए कैसे करता है काम

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। मानव शरीर की संरचना में रीढ़ की हड्डी, जिसे स्पाइनल कॉलम या वर्टिब्रल कॉलम कहा जाता है, सबसे अहम हिस्सा है। यह न केवल हमें सीधा खड़े रहने में मदद करती है, बल्कि हमारे पूरे शरीर की गतिविधियों, संतुलन और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी निभाती है। रीढ़ की हड्डी कुल मिलाकर 33 कशेरुकाओं से बनी होती है, हालांकि कुछ लोगों में इनकी संख्या थोड़ी अलग हो सकती है, विशेष रूप से कमर और त्रिकास्थि क्षेत्र में।



**रीढ़ की हर कशेरुका की अपनी एक विशेष आकृति और कार्य होता है, जैसे गर्दन की पहली दो हड्डियां सिर को घुमाने और झुकाने की क्षमता देती हैं। गर्दन की हड्डियां सबसे छोटी होती हैं, जबकि कमर की हड्डियां सबसे बड़ी और मजबूत होती हैं क्योंकि वे पूरे शरीर का भार उठाती हैं।**

भ्रूण अवस्था में ये कशेरुकाएं ज्यादा होती हैं, लेकिन समय के साथ आपस में जुड़कर एक संरचना बना लेती हैं। रीढ़ की हर कशेरुका की अपनी एक विशेष आकृति और कार्य होता है, जैसे गर्दन की पहली दो हड्डियां सिर को घुमाने और झुकाने की क्षमता देती हैं। गर्दन की हड्डियां सबसे छोटी होती हैं, जबकि कमर की हड्डियां सबसे बड़ी और मजबूत होती हैं क्योंकि वे पूरे शरीर का भार उठाती हैं। कशेरुकाओं के बीच मौजूद इंटरवर्टिब्रल डिस्क एक प्रकार के शॉक एब्जॉर्बर होते हैं, जो चलने-फिरने और झटकों को सहने में मदद करते हैं। यही कारण है कि सुबह के समय इंसान की ऊंचाई रात की तुलना में 1-2 सेमी अधिक होती है, क्योंकि दिनभर डिस्क पर दबाव के कारण उसमें मौजूद तरल कम हो जाता है।

वर्टिब्रल कॉलम के भीतर स्पाइनल कॉर्ड सुरक्षित रहता है, जो दिमाग से निकलने वाली 31 जोड़ी नसों को शरीर के विभिन्न हिस्सों से जोड़ता है। रीढ़ की प्राकृतिक वक्रता जन्म के समय नहीं होती, लेकिन जैसे-जैसे बच्चा बैठना और चलना सीखता है, यह वक्रता विकसित होती है। खास बात यह है कि इंसान और अन्य स्तनधारी जैसे जिराफ की गर्दन की हड्डियां संख्या में समान होती हैं, बस उनके आकार में अंतर होता है।

वृद्धावस्था में डिस्क के तरल की मात्रा कम होने से लचीलापन घटता है और रीढ़ कठोर हो जाती है। चोट लगने पर उसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि चोट रीढ़ के किस हिस्से में है। गर्दन में चोट से पूरे शरीर पर असर हो सकता है, जबकि कमर की चोट से सिर्फ निचले हिस्से पर असर होता है।

रीढ़ की सेहत को बनाए रखने के लिए नियमित योगासन जैसे भुजंगासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन करना फायदेमंद है। प्राणायाम, पौष्टिक आहार (दूध, तिल, आंवला), सही बैठने की आदत, तिल या भृंगराज तेल की मालिश, सुबह की धूप और हल्की स्ट्रेचिंग से रीढ़ की मजबूती और लचीलापन दोनों बनाए रखा जा सकता है।

# 'चीनी नहीं, मीठा जहर खा रहे हैं आप! जो शरीर को कर देगा खोखला'

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। आजकल चीनी हमारी थाली और रसोई का एक जरूरी हिस्सा बन गई है। सुबह की चाय से लेकर रात के खाने तक, हर चीज में सफेद चीनी शामिल है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि यह मीठा स्वाद वास्तव में हमारी सेहत को अंदर ही अंदर कितना नुकसान पहुंचा रहा है? विशेषज्ञों और आयुर्वेद की मानें तो चीनी को 'सफेद जहर' कहना गलत नहीं होगा। भले ही चीनी गन्ने से तैयार की जाती है, लेकिन रिफाइनिंग प्रक्रिया में इसके सभी प्राकृतिक पोषक तत्व जैसे फाइबर, खनिज और विटामिन खत्म हो जाते हैं, जिससे यह सिर्फ खाली कैलोरी का स्रोत बन जाती है जो वजन तो बढ़ाती है, पर पोषण नहीं देती। चीनी के कई ऐसे प्रभाव हैं जो धीरे-धीरे शरीर को खोखला कर देते हैं। यह नशे की तरह आदत डाल देती है क्योंकि यह डोपामिन रिलीज कर मस्तिष्क को खुशी का एहसास कराती है। यही कारण है कि मीठा खाने के बाद बार-बार उसकी तलब लगती है।



**■ चीनी के कई ऐसे प्रभाव हैं जो धीरे-धीरे शरीर को खोखला कर देते हैं। यह नशे की तरह आदत डाल देती है क्योंकि यह डोपामिन रिलीज कर मस्तिष्क को खुशी का एहसास कराती है। यही कारण है कि मीठा खाने के बाद बार-बार उसकी तलब लगती है।**

इतना ही नहीं, चीनी कई ऐसे खाद्य उत्पादों में छुपी हुई होती है जिनके बारे में शायद आपको पता भी नहीं हो, जैसे ब्रेड, सॉस, अचार, नमकीन स्नैक्स और पैक्ड फूड में अलग-अलग नामों जैसे फ्रुक्टोज, कॉर्न सिरप, डेक्सट्रोज़ आदि के रूप में पाई जाती है। अधिक चीनी सेवन से त्वचा पर जल्दी झुर्रियां आती हैं क्योंकि यह कोलेजन को नुकसान पहुंचाती है। साथ ही इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है, जिससे शरीर संक्रमणों से लड़ने में अक्षम हो जाता है।

अधिक मात्रा में चीनी लेने से दिमागी स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है, स्मरणशक्ति और एकाग्रता में कमी आती है और यह अल्जाइमर जैसी बीमारियों का कारण बन सकती है। यह ब्लड प्रेशर, खराब कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स को बढ़ाकर दिल की बीमारियों का खतरा भी बढ़ाती है। वहीं लिवर में फैट जमा होकर फैटी लिवर की समस्या खड़ी कर सकता है।

आयुर्वेद में रिफाइंड सफेद चीनी को हानिकारक माना गया है और इसकी जगह शुद्ध खांड, मिश्री, गुड़, शहद, खजूर, अंजीर और स्टीविया जैसे प्राकृतिक विकल्पों को अपनाने की सलाह दी गई है। मिठाई बनाते समय गुड़ या खजूर का प्रयोग करें, और बच्चों को कोल्ड ड्रिंक की जगह बेल का शरबत या शिकंजी दें।

# 'गुरु रंधावा का नया गाना 'पैन इंडिया' रिलीज,



**मुंबई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। मशहूर पंजाबी सिंगर और रैपर गुरु रंधावा का गाना 'पैन इंडिया' सोमवार को रिलीज हो गया है। इस बात की जानकारी खुद सिंगर ने एक पोस्ट के जरिए दी। गुरु ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने का एक क्लिप शेयर कर फैंस को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'पैन इंडिया' रिलीज हो गया है और इस बार पहले कहीं ज्यादा धमाल मचाने आया है जैसे कभी नहीं लगा। गाने को सीधा स्ट्रीम करें। हम पूरी इंडस्ट्री में धमाल मचाने आए हैं। आहसी ने बहुत बढ़िया काम किया है।' टी-सीरीज के बैनर तले रिलीज हुआ यह गाना गुरु रंधावा की आवाज और गुरजीत गिल के बोल का शानदार मेल है। गाने की कोरियोग्राफी यश कदम ने की है, जिसने इस ट्रैक को और भी आकर्षक बना दिया। 'पैन इंडिया' का म्यूजिक, लिरिक्स और विजुअल्स का मिश्रण इसे एक परफेक्ट पार्टी एंथम बनाता है, जो न सिर्फ पंजाबी म्यूजिक प्रेमियों, बल्कि पूरे देश के संगीत फैंस को झूमने पर मजबूर कर देगा।

गाने में आहसी नाम की डांसर के सिजलिंग डांस मूव्स और स्टाइलिश अंदाज ने सबका ध्यान खींचा है। उनके शानदार डांस स्टेप्स गाने को एक नए स्तर पर ले गए हैं। दूसरी ओर, गुरु रंधावा अपने चिर-परिचित स्टाइलिश लुक में नजर आए, जो फैंस को खूब भा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि गाने में गुरु के साथ डांसर आहसी की पहचान छिपाई गई है।

# गैस, सूजन और पेट के भारीपन से हैं परेशान? सुबह-सुबह अपनाएं ये तीन आयुर्वेदिक उपाय

**■ नींबू में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। साथ ही पाचन रसों को सक्रिय करके भोजन को पचाने में मदद करता**



**■ बरसों से भारतीय घरों में पाचन के लिए सौंफ का इस्तेमाल किया जाता है। सौंफ में ऐनेथोल नामक तत्व होता है, जो गैस को बनने से रोकता है**

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुबह-सुबह पेट का फूल जाना यानी पेट भारी लगना, गैस बनना या पेट में हल्का-सा दबाव महसूस होना, ये ऐसी समस्याएं हैं, जिनसे बहुत से लोग रोजाना जूझते हैं। इसके पीछे का कारण रात को देर से या ज्यादा मसालेदार खाना खाना, नींद की कमी, पानी कम पीना और शरीर में सूजन को बढ़ाने वाली चीजों का सेवन करना आदि है। आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों मानते हैं कि जब पाचन तंत्र ठीक से काम नहीं करता या शरीर में टॉक्सिन्स यानी विषैले तत्व जमा हो जाते हैं, तब ऐसे लक्षण दिखाई देते हैं। अगर कुछ प्राकृतिक चीजों को सुबह खाली पेट लिया जाए तो ये न केवल पेट की सूजन कम करेंगे, बल्कि शरीर को अंदर से साफ भी करने में मदद करते हैं। नींबू और अदरक: अदरक को आयुर्वेद में 'विषघ्न' यानी शरीर से विष निकालने वाली औषधि माना गया है।

वहीं नींबू में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। साथ ही पाचन रसों को सक्रिय करके भोजन को पचाने में मदद करता है। जब इन दोनों को गर्म पानी में मिलाकर सुबह खाली पेट पीया जाए तो यह पेट की गैस को बाहर निकालने, मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने और सूजन को कम करने में काफी मददगार होता है। इसमें शहद मिलाने से इसका स्वाद भी बेहतर हो जाता है और एंटीबैक्टीरियल गुण भी बढ़ जाते हैं।

सौंफ की चाय: बरसों से भारतीय घरों में पाचन के लिए सौंफ का इस्तेमाल किया जाता है। सौंफ में ऐनेथोल नामक तत्व होता है, जो गैस को बनने से रोकता है और पेट में पहले से जमा गैस को बाहर निकालता है। इसके अलावा, इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट तत्व होते हैं, जो आंतों को आराम पहुंचाते हैं।

ग्रीन टी: यह हेल्थ कॉन्शियस लोगों की पहली पसंद बन चुकी है। इसमें कैटेचिन नामक एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो न केवल शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं, बल्कि सूजन को भी नियंत्रित करते हैं।

# आइब्रो की शेप सुधारने के लिए रोज करें ये 3 आसान एक्सरसाइज, चेहरे पर भी आएगी चमक



**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। चेहरे की सुंदरता में आइब्रो यानी भौंहे बहुत अहम होती हैं। एक अच्छी शेप और सही उभार वाली आइब्रो न केवल चेहरे की बनावट को निखारती हैं, बल्कि आपकी मुस्कुराहट और एक्सप्रेशन्स को भी खास बनाती हैं। हालांकि, बहुत से लोगों की आइब्रो फ्लैट होती हैं, जिससे उनका लुक भी प्रभावित होता है। ऐसे में आइब्रो को प्राकृतिक तरीके से निखारना और उन्हें मजबूत बनाना महत्वपूर्ण हो सकता है।

**अगर माथे पर हल्का दबाव डालकर आइब्रो को ऊपर उठाने पर जोर दिया जाए, तो शोध बताते हैं कि इस तरह के मसल्स एक्टिवेशन से माथे की मांसपेशियां मजबूत होती हैं**

वैज्ञानिक अध्ययनों के मुताबिक, आइब्रो के आसपास की मसल्स की नियमित रूप से एक्सरसाइज करने से उनकी प्राकृतिक शेप और उभार में सुधार होता है। इसके अलावा, चेहरे की मांसपेशियों की सक्रियता बढ़ने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जो बालों के विकास को भी बढ़ावा देता है।

अगर माथे पर हल्का दबाव डालकर आइब्रो को ऊपर उठाने पर जोर दिया जाए, तो शोध बताते हैं कि इस तरह के मसल्स एक्टिवेशन से माथे की मांसपेशियां मजबूत होती हैं, जिससे झुर्रियां कम होती हैं और आइब्रो की हाइट बढ़ती है। 2 से 4 सेकंड तक आइब्रो को ऊपर रखने से मसल्स में खिंचाव पैदा होता है, जो उनकी मजबूती के लिए जरूरी है। वहीं दोनों हाथों की इंडेक्स फिंगर्स को आइब्रो के बीच रखने और नीचे के हिस्से को दबाते हुए आइब्रो के किनारों तक ले जाने की प्रक्रिया से भी उस जगह को पोषण मिलता है। वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चला है कि इससे न केवल मसल्स मजबूत होती हैं, बल्कि आसपास की त्वचा का ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर होता है। बेहतर ब्लड सर्कुलेशन से आइब्रो के बालों को पोषण मिलता है, जो बालों को घना और मजबूत बनाता है। साथ ही, त्वचा की कोशिकाओं की मरम्मत में भी मदद मिलती है, जिससे त्वचा की गुणवत्ता सुधरती है।

इसके अलावा, आइब्रो के बीच की उंगलियों को ऊपर की ओर ले जाकर हल्का मसाज देने से चेहरे की मांसपेशियों को स्ट्रेच और रिलैक्स मिलता है। यह स्ट्रेचिंग फेशियल मसल्स की लचीलापन को बढ़ाती है और मसल्स के तनाव को कम करती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, मसल्स की लचीलापन में सुधार से आइब्रो का आकार अधिक आकर्षक बनता है और उनका नेचुरल उभार बेहतर होता है। इस अभ्यास को नियमित करने से चेहरे की मांसपेशियों में सुधार के साथ-साथ त्वचा की रंगत भी निखरती है।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आईं अभिनेत्री भूमि पेडनेकर

आवेदक: श्री सुभाष सुराना पिता/पति/विभाग स्व. रतननात सुराना पता निवासी गीदम तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर
क्रमांक/1042/ रीडर/तह0/2025
गीदम, दिनांक 17/09/2025

//उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुभाष सुराना पिता स्व. रतनलाल सुराना उम्र 57 वर्ष जाति जैन निवासी गीदम तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के द्वारा ग्राम गीदम प.ह.नं. 17 स्थित स्वामित्व भूमि खसरा नंबर 570/31, 570/62, 570/64, 570/66 रकबा क्रमशः 0.1270 हे., 0.150 हे., 0.150 हे., 0.120 हे. भूमि स्थित है उक्त खसरा नंबर 570/31 रकबा 0.1270 हेक्टयर में से रकबा 110X6 वर्गमीटर में पक्की सड़क एवं 40X6 वर्गमीटर में नाली निर्माण व खसरा नंबर 570/62 रकबा 0.15 हेक्टयर में से रकबा 10X10 वर्गमीटर में पक्की सड़क निर्माण व खसरा नंबर 570/64 रकबा 0.150 हेक्टयर भूमि में से 21X10, 45X6, 50X3.2 वर्गमीटर में पक्की सड़क निर्माण व खसरा नंबर 570/66 रकबा 0.120 हेक्टयर भूमि में से 45X10, 36X9 वर्गमीटर में पक्की सड़क निर्माण किये जाने से प्रभावित भूमि के समतुल्य मूल्य की भूमि अदला-बदली हेतु मांग की गई है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 17/10/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेशी कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 17/09/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार गीदम

**छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, अटल नगर**

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वितरण केन्द्र तामासिवनी व समोदा एवं माना अंतर्गत विभिन्न 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र व 33 के.व्ही. एवं 11 के.व्ही. फीडर का दीपावली पूर्व मेंटनेंस एवं मरम्मत कार्य निम्नानुसार प्रस्तावित है। नीचे दिये गये तिथियों में सुबह 09.00 से शाम 04.00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं उनके सम्मुख दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्रं. | दिनांक | दिन | उपकेन्द्र/फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07.10.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. ओडका फीडर | ओडका, अकोलीखुर्द, अकोलीकला, लिंगाडीह। |
| 02 | 08.10.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. ओडका फीडर | निसदा, गोईन्दा, छटेरा, बनचरौदा। |
| 03 | 09.10.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. मोखला फीडर | मोखेतरा, खपरी, गिधवा, चरौदा। |
| 04 | 10.10.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. मोखला फीडर | भिलाई, मोखला, नरियरा, बरभाटा। |
| 05 | 11.10.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. तोरला फीडर | डोमा, तोरला, गौरभटटी, भुरका, पाहन्दा। |
| 06 | 13.10.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. पाहन्दा फीडर | तामासिवनी, भलेरा, गौरभाट, कुम्हारी। |
| 07 | 14.10.2025 | मंगलवार | 33 के.व्ही. निसदा से तामासिवनी फीडर | कोई भी उपभोक्ता प्रभावित नही होगा। |
| 08 | 15.10.2025 | बुधवार | 33 के.व्ही. सी.आर.पी. एफ.भिलाई फीडर | गनौद से तामासिवनी सेक्शन एवं गनौद से सी.आर.पी.एफ. भिलाई । 02 नं. एच.टी. कंज्युमर प्रभावित रहेगा। |
| 09 | 07.10.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. सेमरिया बस्ती फीडर | परसदा, कुसमुंद, सेमरिया, रसौटा |
| 10 | 08.10.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. कागदेही बस्ती फीडर | कागदेही । |
| 11 | 09.10.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. कुरुद बस्ती फीडर | कुरुद करमंदी, हरदीडीह। |
| 12 | 10.10.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. अमसेना बस्ती फीडर | धौराभाठा, अमसेना कोडापार, परसवानी, धोमभट्ठी। |
| 13 | 13.10.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. चिखली बस्ती फीडर | कुटेला, मोहमेला, चिखली। |
| 14 | 14.10.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. संकरी बस्ती फीडर | संकरी, चोरभट्ठी, कोरासी। |
| 15 | 15.10.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. अमोदी बस्ती फीडर | अमोदी, बजरंगभाठा, केशला, रसौटा, परसदा। |
| 16 | 07.10.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. अमलीड़ीह फीडर | ई-ब्लॉक शदानी मार्केट, गोकुल नगर, शदानी दरबार, सेन्ट्रल बैंक, शदानी पेट्रोल पम्प, स्टेशन चौक टेमरी आदि। |
| 17 | 08.10.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. बोरियाकला फीडर | रायपुर शुभ व्यपार विहार, लखवानी कटिंग, शकराचार्य आश्रम, ग्राम बोरियाकला आदि। |
| 18 | 09.10.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. निमोरा फीडर | माना बस्ती, अनमोल वाटिका, सिद्धी विनायक कालोनी ग्राम-बनरसी एसीसी सिमेंट, अलिया सिमेंट, जय अम्बे राईस मील, पोदार स्कूल। |
| 19 | 10.10.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. टिल्लू नगर फीडर | टिल्लू नगर, हाऊसिंग बोर्ड, सेरीखेड़ी बस्ती आदि। |
| 20 | 11.10.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. हर्श पेट्रोल पंप फीडर | रायपुर रेसिडेंसी, न्यू स्मार्ट टाउन, रहेजा ग्रीन, सूर्या नगर, ट्रीलियन वेयर हाउस पिरदा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी साइट- ए हर्श पेट्रोल पंप, ब्रदर्स ढाबा, ग्राम पिरदा। |
| 21 | 13.10.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही.09 नंबर फीडर | ग्राम-निमोरा परसट्टी, पुरखौती मुकतांगन, केपी पैनल माना किरण पाण्डेय ट्रैक्टर फैक्ट्री, अजय सिंह फार्म हाऊस, आर.एस ढ़ाबा |
| 22 | 14.10.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. धरमपुरा फीडर | ज्योति पेट्रोल पम्प, ग्राम-टेमरी, शीतला ब्रीक्स, शीतला विहार, स्टेशन चौक 11 ब्लॉक माना कैम्प ड्रीम सिटी सी.बी.आई ऑफिस नया फायरिंग रेंज आदि। |
| 23 | 15.10.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. ऊर्जा पार्क फीडर | शुराना प्लाट, गजराज विला, रामवाटिका आदि। |
| 24 | 16.10.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. सेरीखेड़ी फीडर | गणेश बेसन मील, ऊजाला ग्राम, अनपूर्णा केटर्स सेरीखीड़ी बस्ती, शमशान घाट, एस.एन पैलेस, रायपुर ग्रीन आदि। |
| 25 | 17.10.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. सेड़ार फीडर | 11 के.व्ही. सेड़ार फीडर |

समस्त तकनीकी कर्मचारी अपने समस्त तैयारियों के साथ प्रात: 09.00 बजे संबंधित उपकेन्द्र मे उपस्थित रहेंगें।

कार्यपालन यंत्री (संचा. / संघा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., अटल नगर नवा रायपुर

'विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे'
संवाद- 'स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए'

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बालोद जिला बालोद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ6 (अ) 2024-2025

एतद् द्वारा आम जनता ग्रामवासी ग्राम पडकीभाट तहसील व जिला बालोद को सूचित किया जाता है, कि आवेदक नंदकुमार पिता लच्छुराम जाति तेली निवासी भिलाई तहसील दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि ग्राम पडकीभाट तहसील व जिला बालोद में भूमि ख.नं. 163/2 रकबा 0.33 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक कि पत्नि बोधिन साहू के नाम पर दर्ज है । उक्त भूमि पर बोधिन साहू के पति का नाम नंदकुमार दर्ज हो गया है, उनके पति का नाम नरेन्द्र कुमार है। आवेदक नाम सुधार किये जाने पंजीकृत सुधार पत्र दिनांक 01.08.2025 प्रस्तुत कर नंदकुमार के स्थान पर नरेन्द्र कुमार किये जाने बाबत् निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति अथवा अवक्षेप हो तो इस प्रकरण में पेशी दिनांक 29.10.2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेग।

आज दिनांक 06.10.2025 को एवं न्यायालय की मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार बालोद

**न्यायालय नायब तहसीलदार सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ब/121 2024-2025
ग्राम बछेरा, प.ह.नं. 12

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम बछेरा प.ह.नं. 12 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि, आवेदक अधिकृत प्रतिनिधि INDIA COAL BENEFICATIATION पता D-03 Bimal Enclave, Bhanpuri Raipur 492001 द्वारा ग्राम बछेरा प.ह.नं. 12 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमि ख.नं. 9/2 में कन्ज्यूमर पंप (पेट्रोलियम वर्ग बी) स्थापित करने हेतु पेट्रोलियम रूल 2002 के नियम 144 के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए जाने का अनुरोध करते हुए आवेदक पत्र बी-1 खसरा, नक्शा एवं ले-आउट की प्रतिलिपि सहित कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत किया गया है, जो प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 17.10.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार सिमगा

**न्यायालय नायब तहसीलदार, महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. 202305122500010/
अ-5, वर्ष 2024-2025
ग्राम-खरोरा, प.ह.नं. 36
रा.नि.मं.-बरोण्डाबाजार तहसील व जिला-महासमुंद

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता समस्त ग्रामवासी खरोरा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, आवेदक आममुख्त्यार युगलकिशोर चन्द्राकर पिता गोवर्धन चन्द्राकर निवासी ग्राम खरोरा द्वारा खातेदार गोवर्धन चन्द्राकर के नाम पर ग्राम खरोरा प.ह नं. 36 में स्थित भूमि खसरा नंबर 651, 650, 649 को शांतिबाई बेवा मुंडू जाति लोहार से पंजीकृत बैनामा दिनांक 09.03.1992 को खरीदी किया है। उक्त भूमि पर आज पर्यन्त तक कास्त काबिज है, परन्तु बंदोबस्त के समय खसरा नंबर 649 में चन्द्रबाई बेवा बोधीराम जाति सतनामी के नाम पर दर्ज हो जाने के कारण बंदोबस्त त्रुटिसुधार करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में किसी व्यक्ति /संस्था को उजर/दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह नियत दिनांक 13.10.2025 न्यायालयीन समय में स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर उजर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद बीत जाने पर प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार महासमुंद

**सार्वजनिक सूचना / ईश्तहार**

यह सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री जितेंद्र असरानी पिता स्व. प्रकाशचंद असरानी, निवासी वार्ड क्रं. 05, तिल्दा नेवरा, तहसील तिल्दा, जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर दर्ज संपत्ति ग्राम चारामा, तहसील चारामा, जिला कांकेर (छ.ग.) में स्थित है। उक्त संपत्ति का खसरा क्रमांक 988, रकबा 0.0300 हे. है (पूर्व खसरा क्रमांक 103/133/5, रकबा 0.032 हे.), जिसे उनके पिता स्व. प्रकाशचंद असरानी ने दिनांक 25.05.1984 को विक्रेता श्री असुदामल पिता सखावत राय, निवासी ग्राम चारामा से विक्रय विलेख क्रमांक 140, ग्रन्थ क्रमांक 669, पुस्तक क्रमांक 79 से 82, दिनांक 25.05.1984 के माध्यम से क्रय किया था। दिनांक 22.09.2025 को उक्त मूल विक्रय विलेख मेरे मुवक्किल के द्वारा फोटोकॉपी करवाने के दौरान गुम हो गया है, जो अत्यधिक खोजबीन करने के पश्चात् भी प्राप्त नहीं हो सका।

यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था अथवा अन्य किसी संगठन को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई हक, दावा, स्वामित्व, बंधक, ऋण अथवा आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस ईश्तहार के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता के पते पर लिखित रूप में प्रमाणित दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि बीत जाने के पश्चात् यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति पर किसी का कोई भी हक / दावा शेष नहीं है एवं मेरे मुवक्किल द्वारा भविष्य में की जाने वाली समस्त विधिक एवं वित्तीय कार्यवाही निर्विघ्न रूप से संपादित की जाएगी।

यह ईश्तहार मेरे मुवक्किल के विधिक अधिकारों की सुरक्षा एवं संभावित दुरुपयोग से बचाव हेतु जारी किया गया है।

दिनांक 07.10.2025
स्थान-तिल्दा-नेवरा

अमन वाधवा (अधिवक्ता)
व्यवहार न्यायालय
तिल्दा नेवरा, जिला रायपुर (छ.ग.)
मो.-7987898582

**कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा**

कार्यालय:-07856-252360, फैक्स:-252360 निवास- 252350 ई-मेल पता:-ddadante.cg@nic.in

'रूचि की अभिव्यक्ति' (Expression of Interest -EOI)

क्रमांक/टी-4/डीएमएफ/2024-25/2065 — दन्तेवाड़ा, दिनांक 01/10/2025

जिला खनिज संस्थान न्यास निधि (डीएमएफ) अन्तर्गत, दन्तेवाड़ा जिले में स्थित बैलाडीला के पहाड़ियों में पायी जाने वाली वनस्पति जैवविविधता के सर्वेक्षण एवं दस्तावेजीकरण कार्य हेतु 'रूचि की अभिव्यक्ति' आमंत्रित की जाती है, जोकि निम्नानुसार है :-

(1) नियम एवं शर्ते तथा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 15/10/2025
(2) प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि -30/10/2025 अपरान्ह 3.00 बजे।
(3) आवेदन खोलने की तिथि -30/10/2025 अपरान्ह 3.30 बजे।

| क्रं. | कार्य का नाम | कार्य संख्या | अनुमानित राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | अमानत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जिले में स्थित बैलाडीला के पहाडियों में पाई जाने वाली वनस्पति जैवविविधता के सर्वेक्षण एवं दस्तावेजीकरण हेतु कार्य | 1 | 20.000 | 500 | 0.200 |

अत: इच्छुक फर्म व संस्था जोकि छ.ग. शासन द्वारा पंजीकृत हो, निर्धारित नियम एवं शर्तों की पात्रता रखते हो, उसे निर्धारित प्रपत्र में निश्चित तिथि तक रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। विस्तृत विवरण कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

उप संचालक कृषि,
जिला दक्षिण बस्तर
जी-252603942 — दन्तेवाड़ा

# सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

■ योजनाओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन के निर्देश
■ राज्यपाल रमेन डेका ने आकांक्षी विकासखंड लखनपुर में ली अधिकारियों की बैठक



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका ने सरगुजा जिले के प्रवास के दौरान सोमवार को आकांक्षी विकासखंड लखनपुर के जनपद पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए, इससे स्थानीय स्व-रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

राज्यपाल डेका ने स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, पीएम आवास, सामाजिक विकास, वित्तीय समावेशन एवं बुनियादी ढांचे के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी विकासात्मक कार्यों को शत प्रतिशत क्रियान्वयन करने पर जोर देते कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाएं एवं मुख्यधारा में जोड़ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं।

डेका ने जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम में जल संचयन के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने डबरी निर्माण, शोख पिट (सोखता गड्ढा), इंटकवेल जैसे संरचनात्मक कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि वर्षा जल का अधिक से अधिक संग्रहण हो सके और भू-जल स्तर में सुधार हो सके। बैठक में पर्यटन, संस्कृति ,धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, कलेक्टर विलास भोसकर, पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने पशुपालन को ग्रामीण आजीविका का सशक्त माध्यम बताते हुए इसे बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुपालन से न केवल आय में वृद्धि होगी, बल्कि यह पोषण सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। पर्यटन विकास की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि स्थानीय प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए। इससे स्थानीय स्व-रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सड़क सुरक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी पहल की जाए और व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाए जाए। उन्होंने हेलमेट और यातायात नियमों के प्रति सतत् जागरूकता लाने के निर्देश भी दिए।

# मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति से की मुलाकात



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू एवं उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्ण से सौजन्य भेंट की।

मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू को अवगत कराया कि वर्ष 2025 छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने रजत जयंती वर्ष के विशेष अवसर पर राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू को छत्तीसगढ़ आगमन हेतु सादर आमंत्रित किया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने राज्य के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा प्रदेश की निरंतर प्रगति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह उपस्थित थे।

# संगीत विश्वविद्यालय को वैश्विक उत्कृष्टता की ओर ले जाने की दिशा में कदम



■ कुलपति ने की स्पीकर से मुलाकात

**खैरागढ़,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को विश्व का श्रेष्ठ कला विश्वविद्यालय बनाने की दिशा में सार्थक पहल करते हुए कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, सांस्कृतिक और संरचनात्मक विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कुलपति डॉ. शर्मा ने विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए बताया कि यह एशिया महाद्वीप का प्रथम कला को समर्पित विश्वविद्यालय है, जिसे अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरू-शिष्य परंपरा और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का समन्वय कर विश्वविद्यालय को वैश्विक उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर किया जाएगा। डॉ. रमन सिंह ने कुलपति के प्रयासों की सराहना करते हुए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की यह सोच सराहनीय है और राज्य सरकार इसे साकार करने के लिए हरसंभव सहयोग करेगी। विश्वविद्यालय परिसर में स्थित प्राचीन बावड़ी का नामकरण संस्थापक सदस्य राजकुमारी शारदा देवी के नाम पर किया गया है। कुलपति ने डॉ. रमन सिंह को इस बावड़ी की नाम पट्टिका अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए कहा कि वे 17 या 18 अक्टूबर को विश्वविद्यालय पधारेंगे और अपने करकमलों से अनावरण करेंगे।कुलपति ने विश्वविद्यालय के जर्जर भवनों के जीर्णोद्धार के लिए 5 करोड़ रुपये की मांग का विषय भी उठाया। डॉ. सिंह ने इस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय के प्रशासनिक व शैक्षणिक ढांचे के सुदृढ़ीकरण सहित कई विकासात्मक मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

# पुत्र ही निकला पिता का हत्यारा

## मामूली विवाद बना हत्या का कारण



**कुम्हारी,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। निकटवर्ती ग्राम अकोला में विगत 04. अक्टूबर को शराब के नशे में धुत होरीलाल साहू (60 वर्ष) को रात्रि 8.30 बजे के करीब शराब पीकर गाली गलौज कर विवाद करने से नाराज उसके बेटे गजेंद्र साहू द्वारा हाथ, थप्पड़, और मुक्के से बांए आंख, मुंह और नाक में मारपीट करने से गिरकर किसी चीज से टकराने से माथे पर गंभीर चोटें आई जिससे उसकी मृत्यु हो गई। जांच के पश्चात शासकीय अस्पताल कुम्हारी के द्वारा होरीलाल साहू को मृत घोषित कर दिया गया। स्थानीय थाना द्वारा मर्ग क़ायम कर मामले को जाँच में लिया गया। जांच के दौरान मृतक होरीलाल साहू का शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में सिर में आयी चोटों के कारण मृतक की मृत्यु होना स्पष्ट हो गया। मर्ग जांच में एवं गवाहों के कथन के अनुसार मृतक होरीलाल साहू के साथ विगत 4 अक्टूबर को मृतक के पुत्र गजेन्द्र साहू के द्वारा मारपीट करना बताया। मारपीट करने से आई चोटों के कारण होरीलाल साहू की मृत्यु होना पाये जाने से कुम्हारी थाना में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। हत्या के गंभीर अपराध के साक्ष्य मिलने पर स्थानीय पुलिस द्वारा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# कैंसर के चौथे स्टेज पर था बुजुर्ग, सिम्स के चिकित्सकों ने दिया नया जीवन

## चिकित्सकों ने सर्जरी कर कैंसर पीड़ित मरीज की जान बचाने में सफलता हासिल की



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। डराने के लिए कैंसर का नाम ही काफी है शुरूआती अवस्था में कोई तकलीफ दर्द नहीं होने के कारण मरीज इसे नजरअंदाज या लापरवाही के चलते ध्यान नहीं देता है, परन्तु जब तक कुछ तकलीफ हो तब तक मरीज का कैंसर बहुत आगे की चरण तक पहुंच चुका होता है तब यह जानलेवा और खतरनाक भी हो जाता है। कुछ ऐसी परिस्थिति से संघर्ष करते हुए बिलासपुर निवासी मरीज लक्ष्मण 61 वर्षीय मुंह में कैंसर के ग्रसित सिम्स बिलासपुर के दंत चिकित्सा विभाग में इलाज के लिए पहुंचा। तंबाकू के कई वर्षों का सेवन करने से उसके मुंह में कैंसर हो गया था, लेकिन सिम्स के दंत चिकित्सा विभाग के चिकित्सकों ने जटिल इलाज व सर्जरी से मरीज की जान बचाने के सफल हुए है। चूंकि उम्र अधिक होने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी घट जाती है। इस स्थिति में इलाज करना चुनौती पूर्ण हो जाता है।

मरीज का कैंसर इतना बढ़ गया था, कि गले में उपस्थित लिंफ नोड में सूजन काफी बड़ा हो गया था। जिसका साइज 7×6 सेमी बढ़ गया था। जांच में पाया गया की कैंसर की अंतिम स्टेज से ग्रसित होने की पुष्टि हो गई। दंत चिकित्सा विभाग के चिकित्सकों ने सर्जरी का निर्णय लिया, इलाज के लिए आवश्यक खून जांच एक्स-रे और सिटी स्केन कराकर सुनियोजित तरीके से 7-8 घंटे की जटिल सर्जरी कर पूरा किया गया। इस सर्जरी को तीन भागों में किया गया। इसमें कैंसर के साथ संक्रमित जबड़े के हिस्से को निकाला गया। कैंसर जो गर्दन में फैल गया था, उसको निकाला गया और अंत में कैंसर को निकालने के बाद खाली जगह पर छाती से मांस जिसे पीएमएमसी फ्लैप कहते हैं, का टुकड़ा निकालकर लगाकर सर्जरी पूरी की गई।

सर्जरी को डॉ. भूपेन्द्र कश्यप के मार्गदर्शन में किया गया। सर्जरी करने वाली टीम में डॉ. संदीप प्रकाश (ओरल एवं मैक्जिलोफेसियल सर्जन) विभागाध्यक्ष, डॉ. जण्डेल सिंह ठाकुर, डॉ. केतकी किनिकर, डॉ. हेमलता राजमणी, डॉ. प्रकाश खरे, डॉ. सोनल पटेल, के अलावा निश्चेतना विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति, एवं मेजर ओटी के अन्य चिकित्सक, स्टाफ, वार्ड बॉय तथा रेडियोडायग्नोसिस की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह एवं उनके अन्य स्टाफ सहित, सबके संगठित सहयोग से किया गया है। छ.ग. आयुर्विज्ञान सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह के प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन से दंत चिकित्सा विभाग कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। समय समय पर दंत चिकित्सा विभाग श्रेष्ठता साबित कर रहा है।

# अबूझमाड़ में तीन नक्सली गिरफ्तार



■ 1 किलो की प्रेशर आईईडी बरामद
■ सीआरपीएफ और जिला पुलिस की कार्रवाई

**दंतेवाड़ा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नक्सल विरोधी अभियान के तहत सीआरपीएफ और जिला पुलिस ने अबूझमाड़ इलाके में 1 किलो का प्रेशर बम बरामद किया। इस मामले में तीन नक्सली भी गिरफ्तार किये गए।

आज मुखबिर से सूचना मिली थी कि सातधार पुल के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति मौजूद हैं। इसके बाद मालेवाही कैंप और थाने से सीआरपीएफ तथा जिला पुलिस का संयुक्त बल रवाना किया गया। तीन व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने जिन्हें दौड़ा कर पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान इन लोगों ने अपना नाम संतु मंडावी, मनीराम और सुखमन मंडावी बताया। इन लोगों ने कुछ दिनों पहले सातधार के पास हुए विस्फोट की घटना में शामिल होना स्वीकार किया। इनकी निशानदेही पर 1 किलो का प्रेशर आईईडी भी पुल के पास बरामद किया गया, जिसे सुरक्षात्मक ढंग से नष्ट किया गया। यह अभियान एसपी गौरव राय के दिशा निर्देश और एडिशनल एसपी उदित पुष्कर तथा आरके बर्मन के मार्गदर्शन में चलाया गया।

# आकाशवाणी रायपुर की 62वीं वर्षगांठ पर अखिल भारतीय श्रोता सम्मेलन

■ आकांक्षा रेडियो लिस्नर्स संस्था धरसींवा ने किया आयोजन
■ बलौदाबाजार के वरिष्ठ रेडियो श्रोता रामाधार पटेल का भी हुआ सम्मान



**बलौदाबाजार,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। आकांक्षा रेडियो लिस्नर्स संस्था धरसींवा, रायपुर द्वारा आकाशवाणी रायपुर की 62वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय श्रोता सम्मेलन एवं फरमाईशी गीतों की जीवंत प्रस्तुति के कार्यक्रम का आयोजन 4 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से रायपुर के वृंदावन हाल में किया गया जो शाम चार बजे तक चला। जहां बलौदाबाजार के वरिष्ठ रेडियों श्रोता एवं वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। यह जानकारी लिस्नर्स क्लब के अध्यक्ष सुप्रसिद्ध रेडियो श्रोता छेदूलाल यादव, क्लब सचिव श्रीमती सोनल बिजवे ने दिया।

समारोह के मुख्य अतिथि विधान सभा क्षेत्र दक्षिण रायपुर के विधायक सुनील सोनी द्वारा दीप प्रज्वलित करने के उपरांत समारोह प्रारभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आकांक्षा लिस्नर्स संस्था धरसीवां, रायपुर के अध्यक्ष छेदूलाल यादव ने किया। इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में आकाशवाणी रायपुर केन्द्र के डायरेक्टर पंकज मेश्राम के साथ ही आकाशवाणी रायपुर परिवार के वरिष्ठ प्रसारक दीपक हटवार, समीर शुक्ल, के. परेश राव, संजय पाण्डेय, श्याम वर्मा, अनिल सालोमन, प्रकाश उदय का सम्मान मुख्य अतिथि द्वारा प्रतीक चिन्ह और शाल से सम्मानित किया गया, वहीं विभिन्न राज्य से आये रेडियो श्रोताओं को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विशेष सम्मान के तहत लोक कला एवं फिल्म के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक एवं संगीतकार सुनील सोनी को तथा साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये डॉ. दीनदयाल साहू का सम्मान किया गया। वहीं भगत राम साहू (बोधन लाल साहू) आकाशवाणी, दूरदर्शन कलाकार को लोक गायन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मान किया गया। गायक सुनील सोनी ने जैसे ही गाना शुरू किये पूरा हाल तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन युवा कवि व गीतकार डॉ. चम्पेश्वर गिरि गोस्वामी के साथ ही आकाशवाणी रायपुर में बिंदिया कार्यक्रम की डॉ. आकांक्षा दुबे ने सफल संचालन किया। इन्हे भी संस्था द्वारा प्रतीक चिन्ह और शाल से सम्मानित किया गया। इस स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में फरमाईशी गीत रायपुर के उभरते गायक एवं गायिका सोनल बिजवे ने प्रस्तुत किया। फिल्मी गीतों की फरमाइश करने वाले रेडियो श्रोताओं का नाम आकाशवाणी रायपुर केंद्र के लोकप्रिय केजुअल एनाउंसर और कंपीयरो ने पढ़ें जिससे श्रोतागण उत्साह पूर्ण भाग लेकर कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिये। बलौदाबाजार के वरिष्ठ श्रोता रामाधार पटेल सहित सभी को प्रतीक चिन्ह, तथा प्रमाण, पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में आकाशवाणी रायपुर केन्द्र के सेवानिवृत्त उद्घोषकों ने कार्यक्रम में उपस्थित रेडियो श्रोताओं से अपना अनुभव को साझा किये। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध रेडियो श्रोता झावेन्द्र कुमार ध्रुव उपस्थित थे।




# राजिम-रायपुर मेमू ट्रेन से उतरते समय युवक फिसल कर गिरा, घायल

■ घायल अवस्था में अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया भर्ती



**राजिम,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर ट्रेन लाइन के मानिकचौरी रेल्वे स्टेशन में जल्दबाजी में उतरते समय एक युवक फिसलकर नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, मानिकचौरी स्टेशन पर राजिम-रायपुर मेमू ट्रेन से उतरते समय एक युवक फिसल गया। बताया जा रहा है कि पारस कंडरा नाम का युवक राजिम रेलवे स्टेशन से रायपुर जाने के लिए ट्रेन में चढ़ा था, लेकिन जल्दबाजी में उसने टिकट नहीं खरीदा। मानिकचौरी स्टेशन पहुंचने पर युवक टिकट खरीदने के लिए ट्रेन से उतरने की कोशिश करने लगा। ट्रेन वहां दो मिनट के लिए रुकी। उतरते समय अचानक ट्रेन चलने लगी, जिससे युवक फिसलकर गिर गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने उसकी जान बचाई। हालांकि, वह घायल हो गया। घटना के बाद युवक को अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि थोड़ी सी लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता था। इस हादसे में युवक घायल हुआ है, लेकिन उसकी जान बच गई। लापरवाही से उसकी जान भी जा सकती थी। घटना के बाद ग्रामीणों ने मानिकचौरी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रुकने की समय सीमा को बढ़ाने की मांग की ।

# खेत में लगा था करंट वाला तार चपेट में आने से नाबालिग की मौत

**बिलासपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलासपुर जिले के पचपेड़ी थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ है. खेत में बिछाए गए बिजली के तार की चपेट में आने से 16 वर्षीय नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई. ग्रामीणों ने घायल बच्चे को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने मवेशियों को खेत में घुसने से रोकने के लिए खेत किनारे बिजली का तार बिछाया था। इसी दौरान 16 वर्षीय बच्चा किसी काम से वहां पहुंचा और करंट की चपेट में आ गया। इसके बाद वह बेहोश होकर गिर पड़ा. आसपास मौजूद ग्रामीण ने तुरंत बच्चे को तार से अलग किया और सीएचसी मस्तूरी ले गए. लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद गौरव को मृत घोषित कर दिया. सूचना के बाद मस्तूरी पुलिस मौके पर पहुंची और शून्य मर्ग कायम कर आगे की जांच के लिए मामला पचपेड़ी थाना भेजा जा रहा है।

**NECC**

| 07.10.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 530 | 85 | 180 |
| चिल्हर | 6.50 | 120 | 205 |
| डिलीवरी | 545 सैकड़ा | | |

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

टीचर- विदेश में 15 साल के बच्चे अपने पैरों पर खड़े हो जाते हैं.
चिंटू- मास्टर, हमारे देश में तो एक साल का बच्चा भागने भी लगता है.

## संपादकीय

### गौरक्षा सुनिश्चित करे सरकार

कृषि प्रधान राज्य होने के नाते गोधन के मामले में छत्तीसगढ़ बेहद समृद्ध है परन्तु गौवंश की जो दुर्दशा हो रही है, वह देखी नहीं जाती। प्रदेश सरकार को उनके संवर्धन और सुरक्षा के ठोस कदम उठाने चाहिये क्योंकि भूख-प्यास से अथवा सड़कों पर वाहनों से कुचलकर वे मारी जा रही हैं। ऐसे मवेशियों की संख्या थोड़ी नहीं बल्कि बड़ी तादाद में है। राज्य के किसी भी इलाके में जाने के लिये यात्रा करने पर सड़कों पर वे वाहनों की ठोकरों से मारे गये या घायल हुए मवेशी दिखते हैं। इसे लेकर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने भी आवाज़ उठाई है जिसे यह कहकर नज़रंदाज़ नहीं करना चाहिये कि विरोधी दलों का काम ही गलतियां बतलाना है। राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गायों-बैलों तथा मवेशियों का बेहद महत्व है क्योंकि वे विविध तरीकों से खेती-किसानी और दुग्ध उत्पादों से अतिरिक्त आय अर्जित करने में किसानों व दूध उत्पादकों की सहायता करते हैं।

कांग्रेस ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर इस तरफ राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा लाई गयी गोठान योजना को फिर से लागू करने की मांग की। पार्टी नेताओं का दावा था कि छग के विभिन्न क्षेत्रों से 5 लाख से ज्यादा मवेशी गायब हैं। उनके अनुसार ढाई हजार से अधिक की मौत दुर्घटनाओं और भूख से हो गयी है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि उनकी सरकार के कार्यकाल में 10 हजार से अधिक गोठान प्रदेश में खोले गये थे जिनमें मवेशियों के लिये चारा-पानी तथा छांव का प्रबन्ध था। बाड़ों में घिरे इन गोठानों में गौधन पूर्णतः सुरक्षित हुआ करता था। उनकी देखरेख के लिये सरकार की ओर से राशि भी प्रदान की जाती थी। वर्तमान सरकार (भारतीय जनता पार्टी की) द्वारा गोठानों को बन्द कर दिये जाने से राज्य के गोधन में 40 प्रतिशत की कमी आने का दावा भी प्रेस कांफ्रेंस करने वाले नेताओं ने किया।

यदि यह आंकड़ा सही है, या उसके आसपास भी है तो बहुत चिंता का विषय है। सियासत को एक ओर रख दें तो भी यह बात सही है कि गोठान योजना ग्रामवासियों के लिये बेहद लाभदायक थी। मवेशी जिस प्रकार से खेतों तथा बाड़ियों में घुसकर तबाही मचाते हैं तथा वह विवाद का कारण बनता है, उसमें कमी आई थी। गायों, सांडों व बछिया-बछड़ों को खाने की तलाश में कचरे के ढेर में मुंह मारने या कूड़ा-कर्कट खाने की नौबत कम आती थी। इसी की तलाश में मवेशी रास्तों पर विचरण करते हैं या सड़कों पर बैठकर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। राज्य में कई बड़ी दुर्घटनाएं इस वजह से हो चुकी हैं जिनमें निरीह पशुओं की जान तो जाती ही है, वाहन चालक भी घायल हो रहे हैं और मारे जाते हैं। सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे।

# दोरनापाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्था का आलम

## बिना वार्ड बॉय के चल रहा अस्पताल, मरीजों को झेलनी पड़ रही भारी परेशानी





**सुकमा,** 6 अक्टूबर को (देशबन्धु)। नक्सल प्रभावित दोरनापाल क्षेत्र का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों अव्यवस्था और लापरवाही का प्रतीक बन चुका है। सोमवार को तेमलवाड़ा घाट में हुए सड़क हादसे के घायल मरीज को इलाज के लिए दोरनापाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, लेकिन अस्पताल में कोई वार्ड बॉय मौजूद नहीं था। घायल मरीज को स्ट्रेचर से वार्ड तक पहुंचाने और प्राथमिक उपचार के लिए ड्रेसिंग कराने तक परिजन खुद संघर्ष करते रहे। मरीज के परिजनों ने बताया कि अस्पताल में लाने के बाद करीब आधे घंटे तक कोई कर्मचारी मदद के लिए नहीं आया। मजबूर होकर परिजनों और आसपास मौजूद लोगों ने खुद ही मरीज को वार्ड तक पहुंचाया। घटना के समय अस्पताल में सिर्फ नर्सिंग स्टाफ मौजूद था, लेकिन वार्ड में मरीज को शिफ्ट करने और प्राथमिक देखभाल के लिए जरूरी सहयोगी कर्मचारी नहीं थे। अस्पताल प्रभारी डॉ. चित्रांगद चंद्राकर ने इस स्थिति पर सफाई देते हुए कहा कि सभी वार्ड बॉय छुट्टी पर हैं, जिसके कारण थोड़ी असुविधा हुई। हमने नर्सिंग स्टाफ को निर्देश दिए हैं कि आपात स्थिति में मरीजों की प्राथमिक देखभाल में देर न हो। जल्द ही वार्ड बॉय की अनुपस्थिति की समस्या का समाधान किया जाएगा। हालांकि यह बयान स्थानीय लोगों के आक्रोश को शांत नहीं कर सका। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि आखिर एक साथ सभी वार्ड बॉय को छुट्टी कैसे दी जा सकती है, जबकि दोरनापाल जैसा क्षेत्र संवेदनशील और दूरदराज़ इलाका है, जहाँ आसपास के दर्जनों गाँवों के लोग इलाज के लिए आते हैं। चिंतागुफा से भी एक अन्य मरीज को इलाज के लिए उसी दिन लाया गया, लेकिन यहाँ भी वही स्थिति देखने को मिली। परिजन ने बताया कि अस्पताल में लापरवाही का यह कोई पहला मामला नहीं है, बल्कि लंबे समय से स्टाफ की कमी और जिम्मेदारी की अनदेखी की वजह से मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि इस तरह की लापरवाही जारी रही तो किसी भी समय किसी मरीज की जान जा सकती है। दोरनापाल जैसा संवेदनशील क्षेत्र जहाँ स्वास्थ्य सेवाएँ जीवनरेखा हैं, वहाँ इस तरह की अव्यवस्था सरकारी सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

# कमिश्नर बस्तर ने जगदलपुर तहसील में खरीफ फसल गिरदावरी का लिया जायजा



**किसानों से रूबरू चर्चा कर फसल एवं गिरदावरी के बारे में ली जानकारी**

**जगदलपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह ने सोमवार को जगदलपुर तहसील के पटवारी हल्का नम्बर 01 तितिरगांव और 07 बालीकोण्टा में खरीफ फसल गिरदावरी का जायजा लिया और किसानों से रूबरू चर्चा कर फसल की स्थिति एवं गिरदावरी के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने तितिरगांव के कंजलोचन पिता चिंतामणि एवं लोहित पिता हुरदानन्द और बालीकोण्टा के रजपाल पिता कमलूराम एवं ललिता पति चन्द्रनाथ के खेतों में फसल गिरदावरी का निरीक्षण किया, साथ ही सम्बंधित किसानों के भूमि में रकबा में उल्लेखित फसल के गिरदावरी स्थिति का संज्ञान लिया। वहीं राजस्व रिकार्ड में इंद्राज स्थिति का भी बारीकी से निरीक्षण किया। इस मौके पर संयुक्त संचालक कृषि एमडी ध्रुव, तहसीलदार राहुल गुप्ता और राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले समेत पंचायत पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बस्तर दशहरा लोकोत्सव में जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र



**जगदलपुर,** 6 अक्टूबर को (देशबन्धु)। बस्तर दशहरा लोकोत्सव के अंतर्गत आयोजित विभागीय प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रदर्शनी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बस्तर संभाग के दौरों, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बस्तर जिले के प्रवास, उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा सहित अन्य मंत्रियों के प्रवास के अलावा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों को रोचक फोटोग्राफ्स एवं जानकारीपूर्ण सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। लोगों ने प्रदर्शनी में गहरी रुचि दिखाई और शासन की योजनाओं की जानकारी लेते हुए फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित पुस्तिकाओं और प्रचार सामग्री का निःशुल्क वितरण भी किया गया, जिसे लोगों ने उत्साहपूर्वक प्राप्त किया। प्रदर्शनी में युवाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य शासन की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाना और उन्हें इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है।

# दशहरा पसरा में हुई हत्या के मामले में आरोपी राहुल यादव व अन्य 3 विधि से संघर्षरत बालक गिरफ्तार

**थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 24 घंटे के भीतर हत्या के प्रकरण का उजागर एवं आरोपी एवं विधि से संघर्षरत बालकों का शिनाख्त**

**जगदलपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। दशहरा पसरा में 4 अक्टूबर की रात हुई हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी राहुलप्रार्थी राजेश बघेल निवासी स्थानीय रेल्वे कालोनी झोपड़ी पारा ने सिटी कोटवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका छोटा भाई करन बघेल 4 अक्टूबर को दोपहर करीबन 03:00 बजे घर से अनुपमा टाकिज सिनेमा देखने जा रहा हूँ, कहकर घर से निकला था। 5 अक्टूबर को रात्रि करीबन 01:30 बजे परिचित देवेश दुबे ने मोबाईल फोन कर बताया कि भाई करण बघेल को किसी ने पुराना तहसील कार्यालय दशहरा पसरा मे हत्या कर दिया है, काफी चोंट लगा है खुन से लथपथ है। बताने पर पिताजी स्वयंबर बघेल के साथ पुराना तहसील कार्यालय के पास पहंचा और भाई करन बघेल को देखा तो करण बघेल के सिर पीछे व दाहिने जांघ मे लाठी डण्डा व चाकू जैसे धारदार हथियार का चोट था। सांस नही चल रहा था। किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हत्या करने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 445/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी थाना कोतवाली भोला सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठीत किया गया। टीम द्वारा लगातार प्रयास एवं मुखबीर सुचना के आधार पर आरोपी राहुल यादव को हिरासत में ले कर व अन्य 03 विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही दौरान घटना के संबंध में पूछताछ किया गया जिसमें आरोपी एवं अन्य 03 विधि से संघर्षरत बालक के द्वारा अपने मेमोरण्डम कथन के आधार पर बताया गया कि घटना दिनांक के रात्रि करीबन 10:00 बजे मृतक करन बघेल दशहरा पसरा के सामने लगे अण्डा ठेला जिसकी संचालिका एक महिला थी के पास गया एवं माचिस की मांग की जिस पर महिला द्वारा मना करने पर मृतक के द्वारा महिला पर अभद्र टिप्पणी किया गया जिस पर वहां पर मौजूद महिला के भाई आरोपी राहुल यादव द्वारा मृतक को तीन चार झापड मारकर गाली गलौज कर वहां से दूर किया गया। फिर आरोपी राहुल यादव द्वारा विधि से संघर्षरत बालक को फोन कर बोला कि मेरी बहन को एक लड़का दारू पीकर अभद्र टिप्पणी किया है तुम जल्दी यहां ठेला के पास आओं कहने पर विधि से संघर्षरत बालक अपने अन्य दो साथी वो भी विधि से संघर्षरत है अण्डा ठेला के पास पहुंचे। वहां पर मृतक भी मौजूद था जहां आरोपी राहुल यादव द्वारा मृतक की ओर इशारा करते हुए विधि से संघर्षरत बालकों को बोला गया कि यही वह लड़का है जो मेरी बहन को अभद्र टिप्पणी किया है जिस पर विधि से संघर्षरत बालकों एवं मृतक के बीच वाद विवाद हुआ। तपष्चात् मृतक दशहरा पसरा के अंदर चला गया जिसके तत्काल पष्चात् तीनों विधि से संघर्षरत बालक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# स्वदेशी मेले में महिला स्वावलंबन पर मंथन

## वक्ताओं ने कहा- परिवर्तन की शुरुआत आत्मनिर्भर नारी से



■ स्वदेशी मेला लालबाग मैदान में आयोजित संगोष्ठी में समाज में महिला की भूमिका, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी चेतना पर हुई चर्चा
■ प्रतिदिन विभिन्न विषयों पर हो रहे संगोष्ठी और प्रेरक आयोजन

**जगदलपुर** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर के लालबाग मैदान में चल रहे स्वदेशी मेले में प्रतिदिन विभिन्न प्रेरक आयोजन किए जा रहे हैं। इस कड़ी में सोमवार को 'महिला स्वावलंबन से समाज में परिवर्तन' विषय पर एक प्रेरक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सतरूपा मिश्रा ने कहा कि जब महिला आत्मनिर्भर बनती है, तब केवल परिवार नहीं, पूरा समाज सशक्त होता है। स्वावलंबन ही नारी की वास्तविक शक्ति है।

**महिला सशक्तिकरण पर हुआ गहन मंथन:** संगोष्ठी में महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और बौद्धिक भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि स्वदेशी आंदोलन केवल उत्पादों का नहीं, बल्कि स्वाभिमान और स्वावलंबन का आंदोलन है, जिसमें महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

**मेले में प्रतिदिन हो रहे हैं प्रेरक आयोजन:** स्वदेशी मेले में प्रतिदिन विभिन्न विषयों पर संगोष्ठियाँ, व्याख्यानमालाएँ और प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के हर वर्ग में स्वदेशी भावना, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही आमजन के विचार एवं सवाल भी साझा किये जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक संख्या आमजन को विभिन्न विषयों के प्रति जागरूक किया जा सके जिससे स्वदेशी मेले की सार्थकता सिद्ध हो।

**संगोष्ठी में रहे गणमान्य अतिथि उपस्थित:** इस अवसर पर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मेला प्रमुख सचिन्द्र बरिहार, मेला संचालक किशोर पारेख, संजय पाण्डे, महापौर एवं मेला सचिव, डॉ. राम राकेश जांगीड़ संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच, बस्तर संभाग, निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, मेला संयोजक लक्ष्मण झा एवं देवेंद्र देवांगन, व्यवस्था प्रमुख विनायक बेहरा सहित स्वदेशी मंच के पदाधिकारी, सदस्य एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**प्रमुख हस्तियों ने किया स्वदेशी मेले का अवलोकन, जगदलपुर में आयोजन के निर्णय को सराहा:** स्वदेशी मेला प्रारंभ होने के बाद से ही अनेक प्रमुख नेताओं, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने मेले का अवलोकन कर इसकी सराहना की है। सभी ने एक मत से कहा कि जगदलपुर में स्वदेशी मेला आयोजित करने का निर्णय अत्यंत सराहनीय है, क्योंकि इससे आम जनों को देश के विभिन्न राज्यों की वस्तुएँ, हस्तकला और सांस्कृतिक विविधता के बारे में जानने का अवसर मिल रहा है।

पहले ही दिन उपमुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री केदार कश्यप, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, सांसद महेश कश्यप सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने मेले का निरीक्षण किया था। इसके बाद लगातार कई प्रमुख व्यक्तित्व मेले में पहुँचे। जिनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, राजेश अग्रवाल, लक्ष्मी रजवाड़े, सांसद भोजराज नाग, विधायक सुश्री लता उसेंडी, विनायक गोयल एवं नीलकंठ टेकाम शामिल हैं। इनके अलावा नगर एवं बस्तर संभाग के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, व्यापारी और शिक्षाविद भी मेले का अवलोकन कर चुके हैं। सभी ने कहा कि यह मेला न केवल स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन का मंच है, बल्कि सांस्कृतिक एकता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी सशक्त रूप में प्रस्तुत कर रहा है।

# सुकमा जिले में मनरेगा हुआ डिजिटल, नागरिकों को अब एक क्लिक पर मिल रही योजनाओं की जानकारी



**सभी ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत क्यूआर कोड चस्पा**

**सुकमा,** 6 अक्टूबर को (देशबन्धु)। जिला प्रशासन सुकमा ने पारदर्शी शासन और डिजिटल नवाचार की दिशा में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत क्यूआर कोड चस्पा का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यह उपलब्धि कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के दिशा-निर्देश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मुकुंद ठाकुर के सक्रिय मार्गदर्शन में संभव हो पाई है। प्रशासन के इस कदम से जिलेभर में मनरेगा योजना की पारदर्शिता, विश्वसनीयता और जवाबदेही को एक नई पहचान मिली है।

**क्यूआर कोड से योजना की जानकारी अब एक क्लिक पर:** अब जिले के प्रत्येक नागरिक और मनरेगा श्रमिक को केवल अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन करते ही योजना से जुड़ी विस्तृत जानकारी मिल रही है। इसमें शामिल हैं ग्राम पंचायत में पिछले तीन वर्षों में स्वीकृत कार्यों की संख्या, स्वीकृत राशि, लाभान्वित हितग्राही, कार्यों की भौतिक प्रगति आदि। इस नवाचार से नागरिकों को योजनाओं की संपूर्ण जानकारी पारदर्शी और सुलभ रूप में प्राप्त हो रही है।

**ग्राम सभाओं में जनभागीदारी और पारदर्शिता:** वर्तमान में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, जहां आगामी वर्ष 2026ङ्क27 के लिए लेबर बजट तैयार किया जा रहा है। ग्राम सभा में उपस्थित नागरिक क्यूआर कोड स्कैन कर स्वयं अपने ग्राम के विकास कार्यों की जानकारी देख पा रहे हैं। यह पहल जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद एवं विश्वास का नया आयाम स्थापित कर रही है। जिला सीईओ श्री ठाकुर ने बताया कि मनरेगा योजना में क्यूआर कोड व्यवस्था से पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों मजबूत हुई हैं। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक नागरिक तक योजना की सही जानकारी पहुँचे। हर माह की 7 तारीख को मनरेगा के अंतर्गत आयोजित 'रोजगार दिवस' में क्यूआर कोड स्कैन की जानकारी और उपयोगिता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने सभी पंचायतों को निर्देशित किया है कि क्यूआर कोड के प्रचार-प्रसार को जनजागरूकता अभियान के रूप में चलाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस डिजिटल सुविधा का लाभ उठा सकें।

**सुकमा की उपलब्धि, राज्य के लिए प्रेरणा:** मनरेगा योजना के तहत क्यूआर कोड का शत-प्रतिशत चस्पा पूरा करने वाला सुकमा जिला अब प्रदेश के अन्य जिलों के लिए प्रेरणादायी मॉडल बन गया है। यह पहल यह दर्शाती है कि जब तकनीक और जनभागीदारी का संगम होता है, तो शासन और जनता के बीच की दूरी स्वतः कम हो जाती है।

# बस्तर दशहरा लोकोत्सव के दूसरे दिन संगीत और संस्कृति का शानदार संगम




**जगदलपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर के लालबाग में आयोजित बस्तर दशहरा लोकोत्सव के दूसरे दिन का आयोजन संगीत और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। सारेगामा फेम गायिका रूपाली जग्गा ने अपनी मनमोहक आवाज में एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। उनके गीतों पर दर्शक झूम उठे और पूरा आयोजन स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा एवं दर्शकों ने मोबाइल के टार्च से गायिका का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने भी पारंपरिक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य और गीतों के माध्यम से बस्तर की समृद्ध लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत की। इसके अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दृष्टि एवं श्रवण बाधित स्कूल के बच्चों ने भी शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित प्रशासन के अन्य अधिकारी सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# केन्द्र को बताई ग्रामीण विकास की रूपरेखा



- आदि सेवा पर्व-सेवा पखवाड़ा का सफल आयोजन
- ग्रामीणों से चर्चा के बाद तैयार हुई वीएपी

**दंतेवाड़ा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति विकास विभाग, अनुसूचित जाति विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत चिन्हांकित 156 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में आदि सेवा पर्व, सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

अभियान के सुचारू संचालन हेतु ग्राम क्लस्टर स्तरीय नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा चयनित ग्रामों का भ्रमण कर ग्राम पंचायतों में बैठकें आयोजित की गईं। इस दौरान ग्रामों का नक्शा तैयार किया गया तथा 2030 तक अपना गांव-समृद्ध गांव के लक्ष्य को साकार करने हेतु ग्राम विकास की रूपरेखा तय की गई।

इन बैठकों के आधार पर ग्राम विलेज एक्शन प्लान, वीएपी तैयार कर भारत सरकार की पोर्टल पर अपलोड किया गया। इसके पश्चात 2 अक्टूबर को चयनित ग्रामों में स्थापित आदि सेवा केन्द्रों एवं ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन ग्राम सभाओं में तैयार किए गए विलेज एक्शन प्लान पर चर्चा कर अनुमोदन की कार्यवाही पूर्ण की गई तथा ग्राम सभा में सर्वसम्मति से वीएपी को पारित किया गया। ग्राम सभाओं के दौरान उपस्थित आदि साथी, आदि सहयोगी एवं ग्रामवासी जनों को अपने ग्राम के समग्र विकास हेतु आदि शपथ दिलाई गई, जिससे ग्रामवासियों में आत्मनिर्भरता, सामुदायिक भागीदारी एवं विकास के प्रति संकल्प का नया उत्साह जागृत हुआ।

## बचेली खनन क्षेत्र में ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित

**दंतेवाड़ा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। एनएमडीसी बचेली खनन क्षेत्र में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में जानकारी दी गई कि यह इलाका नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। यहां सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए बचेली माइंस एरिया और आस-पास के क्षेत्र को नो ड्रोन जोन घोषित कर दिया गया है। यहां ड्रोन का संचालन सुरक्षा उल्लंघन और असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाला माना जाएगा। नो ड्रोन जोन घोषित करने का मतलब यह है कि कोई भी व्यक्ति बिना पूर्व लिखित अनुमति जिला दण्डाधिकारी अथवा सक्षम सुरक्षा प्राधिकरण की अनुमति प्राप्त किए बिना इस क्षेत्र में किसी प्रकार के ड्रोन मानव रहित विमान का संचालन नहीं करेगा। अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनाधिकृत ड्रोन गतिविधि दण्डनीय अपराध मानी जाएगी एवं संबंधित कानूनों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी तथा अगली आदेश तक प्रभावी रहेगी।

# विधायक ने छात्र दुर्घटना बीमा योजना अंतर्गत चेक का किया वितरण

### 17 प्रकरणों में परिजनों को दी गई 17 लाख रूपये की बीमा राशि



**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देषबन्धु)। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी द्वारा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र दुर्घटना बीमा योजना अंतर्गत बीमा राशि का चेक संबंधित परिजनों को प्रदान किया गया। इसके अंतर्गत जिले के कुल 17 प्रकरणों में संबंधित परिजनों को एक-एक लाख रुपए बीमा राशि चेक के माध्यम से दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरपति पटेल, पार्षद संतोष पात्र सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

विधायक सुश्री उसेंडी ने इस दौरान उपस्थित परिजनों से संवाद करते हुए बीमा योजना, श्रम पंजीयन सहित शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की, साथ ही अपने बच्चों का अच्छे से देखभाल और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए भी कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान सहित विभागीय अधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि छात्र दुर्घटना बीमा योजना के तहत शासकीय एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं में नियमित अध्ययनरत एवं आरटीई के अंतर्गत प्रवेशित छात्र-छात्राओं की दुर्घटना जनित मृत्यु होने पर उनके दावाकर्ताओं या अभिभावक को छात्र दुर्घटना बीमा योजना के राशि का भुगतान किया जाता है।

## जीएसटी रिटर्न समय सीमा में करें फाइल, नहीं तो होगी कार्रवाई : कलेक्टर

**जगदलपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। बस्तर जिले में सरकारी विभागों की वित्तीय पारदर्शिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कलेक्टर हरिस एस ने सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) को जीएसटीआर-7 रिटर्न समय पर दाखिल करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश अधिकारियों को दिया कि प्रत्येक माह की समाप्ति के बाद आगामी माह की 10 तारीख तक जीएसटीआर-7 रिटर्न फाइल करना अनिवार्य है, अन्यथा कार्यवाही की जाएगी ।

# टिप्पर संघ का मासिक बैठक



**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। टिप्पर संघ कोंडागांव का मासिक बैठक फरसगांव के विश्राम गृह में सम्पन्न होने की दी गई जानकारी के अनुसार 05 अक्टूबर 2025 दिन रविवार को टिप्पर संघ कोंडागांव की बैठक विश्राम गृह फरसगांव में आयोजित किया गया। इस बैठक में संघ के सदस्यों द्वारा वर्तमान समय में टिप्पर वाहन धारकों को हो रही समस्याओं को लेकर अपने-अपने विचार प्रकट किए गए और आने वाले समय में बेहतर तरीके से टिप्पर संघ संचालन हो इसके लिए सदस्यों ने अपनी समस्याओं को संघ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को अवगत कराया। जिसमें संघ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा सभी समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में टिप्पर संघ के अध्यक्ष नीलम चंद सुराना, उपाध्यक्ष अमित जायसवाल, सचिव विनय राज, सह सचिव रिक्की जैन, महावीर जैन, कोषाध्यक्ष नवीन सुराना, संरक्षक शिशिर श्रीवास्तव, जी.एस.चंदेल, अनीश मंसूरी, रजनीश दुबे, नवदीप तिवारी, अजय लाला, मीडिया प्रभारी संजय पिल्लई, उत्तम कुमार साहू, कार्यकारी सदस्य रुद्रराज पटेल, भौमा राम चौधरी, तुलसी वड़े एवं आकाश अग्रवाल, कामेश्वर साहू उपस्थित रहे।

# औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के कारगर क्रियान्वयन हेतु उद्यमियों व विभागीय अधिकारियों की हुई समन्वय बैठक



**जगदलपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। बस्तर संभाग के उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट में की गई घोषणा के अनुरूप उद्योग स्थापना को गति देने के लिए उद्यमियों एवं विभागीय अधिकारियों की समन्वय बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट जगदलपुर के प्रेरणा सभाकक्ष में सम्पन्न हुई, जिसमें उद्योग स्थापना से संबंधित विभागों जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, श्रम, पर्यावरण संरक्षण मंडल, ग्राम तथा नगर निवेश, विद्युत वितरण कम्पनी, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की उपस्थिति में विभिन्न आवश्यकताओं एवं समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा नामांकित संयुक्त संचालक शिव राठौर द्वारा अवगत कराया गया कि बस्तर के औद्योगिक विकास हेतु औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में विशेष प्रावधान किए गए हैं। आकर्षक नीति के फलस्वरूप माह अक्टूबर में ही 32 निवेशकों से 952 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। बस्तर में पर्यटन की अपार संभावना को दृष्टिगत रखते हुए होटल, रिसोर्ट, एम्युजमेन्ट पार्क, होम स्टे को पहली बार औद्योगिक नीति में शामिल कर 45 प्रतिशत तक अनुदान के प्रावधान किए गए हैं। सुकमा, कोण्डागांव, बस्तर के उद्यमियों द्वारा अपनी मांग रखी गई। अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों के माध्यम से समस्याओं एवं मांगों के निराकरण हेतु आवश्यक पहल करने आश्वस्त किया गया। उद्योग स्थापना की दिशा में उत्तरोत्तर प्रगति लाने के लिए अब हर महीने पहले सोमवार को संभाग स्तरीय बैठक का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा। बैठक में बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी, लघु भारती के अध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डे तथा बड़ी संख्या मे उद्यमी सम्मिलित हुए। बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी के द्वारा उद्यमियों की ओर से शासन के इस समन्वित पहल का स्वागत किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जगदलपुर बस्तर के मुख्य महाप्रबंधक अजित सुंदर बिलुंग, बीजापुर से पीआर खण्डेलवाल, कोण्डागांव से कुसुमलता नेताम उपस्थित रहे।

# वैभव, तहसील साहू संघ अध्यक्ष निर्वाचित



- निर्विरोध चुने गए सभी पदाधिकारी
- 2 साल से अध्यक्ष रहे नरेन्द्र का सम्मान

**दंतेवाड़ा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार एवं जिला साहू संघ के मार्गदर्शन में तहसील साहू संघ दंतेवाड़ा का निर्वाचन सम्पन्न हुआ । निर्वाचन के प्रारंभ में विगत 2 कार्यकाल से अध्यक्ष की बागडोर सम्हाल रहे नरेंद्र साहू ने अपनी कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा की।

इसके पश्चात जिले से से नियुक्त पर्यवेक्षक दिनेश साहू एवं पुहुप साहू के नेतृत्व एवं जिला उपाध्यक्ष ढाल साहू, जिला महासचिव ओम साहू, राम गुलाल साहू, देवेंद्र साहू सहित अन्य की उपस्थिति में निर्वाचन सम्पन्न हुआ । इस निर्वाचन में निर्विरोध रूप से तहसील अध्यक्ष वैभव चंदन, उपाध्यक्ष नोहर साहू, उपाध्यक्ष (महिला) श्रीमती लक्ष्मी सार्वा, संगठन सचिव कृष्ण कुमार साहू एवं संगठन सचिव (महिला) के पद पर श्रीमती अनिता साहू चुने गए । इसके पश्चात सभी निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराया गया । शपथ ग्रहण के पश्चात जिला पधाधिकारियों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मीठा खिलाकर नवीन कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित की । इसके पश्चात सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सर्व प्रथम पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र साहू के द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों एवं सफलता पूर्वक 2 कार्यकाल सम्पन्न करने के लिए शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। जिला पदाधिकारियों एवं निर्वाचन पर्यवेक्षको के सम्मान में शाल श्रीफल प्रदान किया है, तत्पश्चात भोजन ग्रहण कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई ।

# शताब्दी वर्ष पर आरएसएस का पथ संचलन

### शामिल हुए विधायक समेत सैकड़ों स्वयं सेवक



**दंतेवाड़ा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त जिला दंतेवाड़ा द्वारा पथ संचलन का कार्यक्रम दंतेवाड़ा नगर में आयोजित किया गया, जिसमे भारी संख्या में स्वयं सेवक शामिल हुए। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपने प्रारम्भ वर्ष 1925 से प्रमुख पर्व एवं उत्सवों के अवसर पर संघ शक्ति प्रकटीकरण हेतु संचलन आयोजित करता आ रहा है। इस वर्ष संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने एवं विजयदशमी के पावन पर्व के अवसर पर दंतेवाड़ा नगर में वृहद् पथ संचलन का आयोजन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त जिला दंतेवाड़ा द्वारा किया गया। इस पथ संचलन के महत्वपूर्ण अवसर पर सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक कतारबद्ध होकर रैली के शक्ल में पथ संचलन के सहभागी बने। पथ संचलन इतिहास निर्माण के लिए गौरव पूर्ण क्षण है, जिसका जगह-जगह नगर के चौक चौराहों पर मातृशक्ति एवं आम जनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पावन पर्व विजयदशमी के अवसर पर आयोजित पथ संचलन में जिले के जनप्रतिनिधि समेत प्रतिष्ठित नागरिक भी सहभागी एवं साक्षी बनकर गौरवान्वित हुए।

# गांवों में तैयार हो रहा 5 साल का प्लान



- आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सफल क्रियान्वयन
- कलेक्टर-सीईओ के मार्गदर्शन में बन रही योजना

**दंतेवाड़ा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदि कर्मयोगी विलेज विजन प्रोग्राम 2030 का जिला दंतेवाड़ा में प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा के निर्देशन में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में अभियान के कार्यों को सुनिश्चित किया जा रहा है।

अभियान के तहत ग्राम पंचायत कासोली-1, बड़े कारली एवं हीरानार में ग्रामीणों की बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में ग्रामीणों की आवश्यकताओं, मूलभूत सुविधाओं तथा विकास योजनाओं के आधार पर ग्रामों का विजन दस्तावेज तैयार किया गया। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि विलेज विजन प्रोग्राम 2030 के माध्यम से उनके गांवों का समुचित एवं सतत विकास संभव होगा। इस अवसर पर ग्रामों के नोडल अधिकारी राम प्रताप राजवाड़े (सहायक संचालक), ग्राम सचिव सुकलधर ठाकुर, रविन्द्र सोनी, सोहन यादव, ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी चोवाराम साहू, पटवारी डी.के. नागेश, श्रीमती पिंगला नेताम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी को जन्मदिन पर दी बधाई



**सिमगा,** 6 अक्टूबर। सिमगा भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी का जन्मदिन मंडल के कार्यकर्ताओं ने उन्हें केक खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर धीरज जैन परीक्षित चतुर्वेदी सचिन जैन अभिजीत अवस्थी सूर्यकांत ताम्रकार छोटू यादव कमलेश साहू परस पाटकर नीरज शर्मा रुझून सोनकर टेबू देवांगन अनूप तिवारी अभिषेक साहू विष्णु जायसवाल राजेश सिंह विनोद वर्मा सावंत आडवाणी मनोहर पंजवानी गगन तिवारी सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### दशहरा पसरा में हुई हत्या के...

भी अंदर गये जहां मृतक एवं विधि से संघर्षरत बालकों के बीच मारपीट हुआ। उसी दरमियान एक विधि से संघर्षरत बालक द्वारा पास में रखे धारदार चाकू से मृतक के जांघ पर वार किया गया जिस पर मृतक द्वारा पास में रखे डण्डा को उठाकर खदेड़ा जिस पर तीनों विधि से संघर्षरत बालक बाहर की ओर भागे जिसका पीछे करते करते मृतक द्वारा भी उनका पीछा करते करते दशहरा पसरा के गेट तक पहुंचा तब तक विधि से संघर्षरत बालक वहां से भाग चुके थे। फिर मृतक कुछ क्षण गेट के पास खड़ा रहा फिर घटना स्थल पर चला गया जहां उसकी मृत्यु हो गयी। आरोपी राहुल यादव एवं तीनों विधि से संघर्षरत बालक का मेमोरण्डम कथन एवं कबूलनामा के बाद अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# आज बस्तर दशहरे से अपने धाम लौटेगी मांई दंतेश्वरी




- अष्टमी पर हुई थी रवाना, आज होगा भव्य स्वागत
- आंवराभाटा में विश्राम के बाद बुधवार को मंदिर प्रवेश
- स्वागत में आज रायगढ़ के कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति

**दंतेवाड़ा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जगदलपुर से बस्तर दशहरे में शामिल होने के बाद मांई दंतेश्वरी पुन: अपने धाम शक्ति पीठ दंतेवाड़ा 7 अक्टूबर मंगलवार को लौटेगी। मां दंतेश्वरी, मां मावली माता की छत्र व डोली का आगमन होगा।

इसके स्वागत के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जा रहा है। मांई जी की डोली विश्राम स्थली आंवराभाटा के पास हीरो शो रूम के बाजू में रात्रि 8 बजे से रायगढ़ म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार मोनू ठाकुर और साथियों की रंगारंग प्रस्तुति होगी। टेम्पल स्टेट कमेटी दंतेवाड़ा की ओर से सभी आम नागरिकों और ग्रामीणों से इस जगराता/आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है। उल्लेखनीय है कि शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर मांई जी की डोली बस्तर दशहरे के लिए रवाना हुई थी। पंचमी तिथि पर राज परिवार की ओर से राजा कमलचंद भंजदेव, राजमाता कृष्ण कुमारी देवी की ओर से मांई दंतेश्वरी को बस्तर दशहरे का न्यौता दिया गया था।

बोधराज बाबा से अनुमति के पश्चात मांई जी की डोली मंदिर में प्रवेश करेगी। शहर थाने के बाजू में बोधराज बाबा का पूजा स्थल है। मंदिर प्रवेश से पूर्व यहां पर पूजा-अर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि बोधराज बाबा को नगर का दायित्व सौंपकर मांई दंतेश्वरी बस्तर दशहरे के लिए रवाना होती है। वापसी में बस्तर दशहरे से लाई हुई भेंट बोधराज बाबा को अर्पित कर मंदिर में प्रविष्ट होती है। भव्य आतिशबाजी और बाजे-गाजे के साथ मांई जी डोली मंदिर में प्रविष्ट होती है। 7 अक्टूबर की रात डोली आंवराभाटा पहुंचेगी फिर विश्राम स्थली जिया डेरा में रात्रि विश्राम के बाद 8 अक्टूबर की शाम मंदिर के लिए निकलेगी।

# आज से पेंशन हितग्राहियों के लिए आधार शिविर

### सभी ग्रामीण और नगरीय निकाय में होगा आयोजन

**दंतेवाड़ा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासन के निर्देशानुसार सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केंद्रीय पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का ऑनलाइन सत्यापन कार्य जिले के सभी ग्रामीण एवं नगरीय निकायों में जारी है। इस प्रक्रिया के दौरान अनेक पेंशनधारियों को आधार अपडेट से संबंधित कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में आधार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पेंशन हितग्राहियों का आधार अपडेट एवं सत्यापन कार्य किया जाएगा, जिससे उन्हें पेंशन प्राप्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित निकायों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र के समस्त पेंशनधारियों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित कराएं। जिले में आयोजित होने वाले शिविरों की शुरुआत 7 अक्टूबर को नगर पालिका दंतेवाड़ा क्षेत्र से होगी, जहां दुर्गा मंच, आंवराभाटा में आधार शिविर लगाया जाएगा। इसके बाद 8 अक्टूबर को नगर पंचायत बारसूर में सांस्कृतिक भवन में शिविर आयोजित किया जाएगा। 9 अक्टूबर को दो स्थानों पर नगर पंचायत गीदम (सांस्कृतिक भवन, वार्ड क्रमांक 3) तथा नगर पालिका किरन्दुल (मंगल भवन, वार्ड क्रमांक 3) में शिविर आयोजित होंगे। अंत में 11 अक्टूबर को नगर पालिका बड़े बचेली क्षेत्र में मंगल भवन, आर.ई.एस. कॉलोनी, बचेली में आधार शिविर लगाया जाएगा। प्रत्येक शिविर में निर्धारित आधार ऑपरेटरों की टीम पेंशनधारियों के आधार अपडेट एवं सत्यापन का कार्य करेगी। जिला प्रशासन ने सभी पेंशन हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित होकर आधार संबंधी कार्य पूर्ण कराएं, ताकि उनकी पेंशन सुविधा निर्बाध रूप से जारी रह सके।

# जुगानी हाई स्कूल के उन्नयन की मांग हुई तेज

**फरसगांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। फरसगांव ब्लाक के जुगानी कलार ग्राम पंचायत और आस-पास के गांवों के सैंकड़ों विद्यार्थियों का भविष्य वर्तमान में असुरक्षित आवागमन के कारण दांव पर है। स्थानीय अभिभावकों और निवासियों ने जुगानी कलार स्थित हाई स्कूल को तत्काल हायर सेकेंडरी स्कूल (कक्षा 11वीं और 12वीं) में उन्नत करने की पुरजोर मांग की है। निवासियों का मत है कि यह उन्नयन क्षेत्र के छात्रों, विशेषकर छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत आवश्यक है।



**10वीं के बाद थमती है पढ़ाई की रफ्तार**

जुगानी कलार के सरपंच श्रीमती संगीता नेताम एवं पूर्व सरपंच बिसम नेताम के अनुसार, जुगानी कलार का हाई स्कूल केवल दसवीं कक्षा तक ही संचालित है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार से लेकर वर्तमान सरकार तक, विधायक, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से हायर सेकेंडरी स्कूल उन्नयन हेतु मांग रखी गई है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है।

जुगानी कलार, जुगानी कैंप, आलिबेड़ा और कुल्हाड़ सहित आसपास के कई गाँवों के छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं। दसवीं पास करने के बाद, इन बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए दूसरे गाँवों पर निर्भर होना पड़ता है। निकटतम हायर सेकेंडरी स्कूल लंजोड़ा (6 किमी) और बोरगांव (5 किमी) में स्थित हैं।

**जानलेवा रास्ते, हाईवे और जंगल का डर**

स्थानीय पालकों के अनुसार, इन स्कूलों तक पहुँचने की दूरी और रास्ते की असुरक्षा ही मुख्य कारण है कि कई बच्चे, खासकर बालिकाएँ, 10वीं के बाद पढ़ाई छोड़ देती हैं।

0 जुगानी पुल डेंजर जोन- लंजोड़ा की ओर जाने वाले रास्ते में जुगानी पुल "डेंजर जोन" पड़ता है।

0 घना जंगल- बोरगांव की ओर का रास्ता नया पारा से बोरगांव तक दोनों ओर जंगल से होकर गुजरता है।

0 एनएच-30 पर भारी यातायात- ये रास्ते राष्ट्रीय राजमार्ग 30 (एनएच-30) पर पड़ते हैं, जहां भारी ट्रैफ़िक का खतरा हमेशा बना रहता है।

- जंगल और एनएच-30 का खतरा बना बालिका शिक्षा की बाधा
- अभिभावकों का रोष- 10वीं के बाद 6 किमी दूर असुरक्षित रास्तों से जाना पड़ रहा, सैकड़ों बच्चों का भविष्य अधर में

**बालिकाओं की शिक्षा पर सीधा असर—**

वर्तमान फरसगांव जनपद अध्यक्ष मानकु नेताम का कहना है कि इस क्षेत्र के लिए हायर सेकेंडरी स्कूल बहुत ही जरूरी है। जिसकी मांग हमने मुख्यमंत्री जी से भी किया है, उन्होंने कहा, "दसवीं पास करने के बाद लड़के तो फिर भी किसी तरह मुश्किलों का सामना करके दूर चले जाते हैं, लेकिन हम अपनी बेटियों को इस जंगल और भारी ट्रैफ़िक वाले रास्ते से रोज़ाना भेजना सुरक्षित नहीं मानते। इसी डर से कई बालिकाओं की शिक्षा बीच में ही प्रभावित हो जाती है। शासन को इस समस्या का जल्दी से जल्दी निराकरण करना चाहिए।

**समाज निर्माण के लिए उन्नयन अनिवार्य**

पालकों का स्पष्ट कहना है कि शिक्षा से ही एक अच्छे समाज का निर्माण होता है। भौगोलिक चुनौतियों को देखते हुए, जुगानी कलार हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नयन ही एकमात्र समाधान है। यह कदम न केवल उच्च शिक्षा का अवसर देगा, बल्कि बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने और ड्राप-आउट दर को कम करने में भी निर्णायक भूमिका निभाएगा।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं निवासियों ने प्रशासन और संबंधित शिक्षा अधिकारियों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण मांग पर तत्काल ध्यान दें और जुगानी हाई स्कूल को जल्द से जल्द हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नत करें।

# आदिकर्म योगी अभियान के तहत 352 जनजातीय गांवों का विजन प्लान तैयार

**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों के समग्र और सतत् विकास की दिशा में केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित आदिकर्मयोगी अभियान के अंतर्गत कोंडागांव जिले के कुल 352 जनजातीय गांवों के लिए ग्राम विजन प्लान 2030 तैयार किया गया है। यह योजना जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार, आत्मनिर्भरता बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अभियान के तहत चयनित ग्राम पंचायतों में आयोजित "आदि सेवा पर्व" शिविरों के माध्यम से इन विजन योजनाओं का प्रस्तुतिकरण और अनुमोदन 2 अक्टूबर को आयोजित ग्राम सभाओं में किया गया। ग्राम सभाओं में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही, जहां उन्होंने अपने गाँव के विकास की दिशा में सुझाव, प्राथमिकताएं और आवश्यकताओं को साझा किया।



**ग्रामसभा में हुआ विजन प्लान 2030 का प्रस्तुतिकरण व अनुमोदन**

शिविरों के दौरान ग्राम पंचायत भवनों में स्थापित आदि सेवा केंद्रों के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों से शासन की विभिन्न योजनाओं हेतु आवेदन लिए गए। इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, आवास, आधारभूत ढांचा, वनाधिकार, उद्यमिता और सामाजिक सुरक्षा योजनाएं शामिल रहीं। अधिकारियों द्वारा पात्रता के अनुसार आवेदनों का त्वरित निराकरण भी किया गया, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिला।

अभियान के दौरान अधिकारियों ने गांवों में ट्रांजेक्ट वॉक के माध्यम से अधोसंरचना और संसाधनों का निरीक्षण कर ग्राम की वास्तविक परिस्थितियों का आंकलन किया। इस दौरान सड़कों, पेयजल, शिक्षा संस्थानों, स्वास्थ्य सुविधाओं, आंगन बाड़ी केंद्रों और आजीविका साधनों की स्थिति का अध्ययन किया गया। ग्रामीणों ने भी इन वॉक में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए अपनी समस्याएं, सुझाव और स्थानीय जरूरतें साझा कीं। इन सभी सुझाव को संकलित कर ग्राम विजन प्लान 2030 तैयार किया गया है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, आधारभूत संरचना, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण तथा परंपरागत संस्कृति के संरक्षण जैसे मुख्य विषयों को प्राथमिकता दी गई है। इसका उद्देश्य गांवों को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सतत विकास के मार्ग पर अग्रसर करना है। आदिकर्मयोगी अभियान न केवल विकास की रूपरेखा तैयार कर रहा है, बल्कि यह जनभागीदारी आधारित शासन व्यवस्था को भी सशक्त बना रहा है। ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी और सुझावों के आधार पर बने ये विजन प्लान आने वाले वर्षों में कोंडागांव जिले के जनजातीय अंचलों के सर्वांगीण विकास की दिशा तय करेंगे।

# समूह की महिलाएं रैली के माध्यम से आवास हितग्राहियों को कर रही जागरूक




**बीजापुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता चैबे के निर्देशन में रजत जयंती के अवसर पर जिले में स्व सहायता समूह की महिलाएं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को जागरूक कर रही हैं। घर - घर जाकर महिलाएं योजनान्तर्गत गुणवत्ता युक्त आवास निर्माण, सामग्री की खरीदी में बरती जाने वाली सावधानियां के साथ कुशल राजमिस्त्री की उपलब्धता की जानकारी लाभार्थियों को साझा कर रही हैं। इस आवास रैली का मुख्य उदेश्य जागरूकता बढ़ाने के साथ ही अपूर्ण,अप्रारंभ आवासों के हितग्राहियों के आवास निर्माण हेतु प्रेरित करना है। रैली में पंचायत प्रतिनिधि के अलावा जमीनी अमले भी शामिल होकर आवास हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कर रहे हैं।

# ग्राम पाण्डे आठगांव में संस्कार केन्द्र का शुभारंभ

**फरसगांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मन्दिर फरसगाँव के तत्वावधान में ग्राम पाण्डे आठगाँव, संधपारा में रविवार को एक नए संस्कार केन्द्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य नन्हे-मुन्ने बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा के साथ-साथ उत्तम संस्कारों से पोषित करना है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कलार समाज के भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज पाण्डे उपस्थित रहे। उन्होंने मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्जवलित करके मंगलमय ढंग से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

**शिक्षा और संस्कारों पर ज़ोर**

मुख्य अतिथि धनराज पाण्डे ने अपने उद्बोधन में बच्चों को जीवन में संस्कारों के महत्व और शिक्षा की जागरूकता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मजबूत नींव के लिए संस्कार और शिक्षा दोनों आवश्यक हैं।

संस्कार केन्द्र की संचालिका श्रीमती करुणा पाण्डे ने उपस्थित सभी लोगों को शिशु मंदिर और इस नए संस्कार केन्द्र के उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि केन्द्र में ननिहाल भैया-बहनों को एक संस्कारमय वातावरण प्रदान किया जाएगा, जहाँ खेल के माध्यम से उन्हें सरलता से संस्कार और शिक्षा की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान कार्यक्रम में संचालिका, ग्रामवासी, पालकगण और बड़ी संख्या में छोटे भैया-बहन उपस्थित रहे, जिन्होंने इस सकारात्मक पहल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। यह संस्कार केन्द्र बच्चों के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# ट्यूटर शिक्षक संघ जिला कोण्डागांव ने मांगा पुन: नियुक्ति कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। ट्यूटर षिक्षक संघ जिला कोण्डागांव द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पुनः नियुक्ति मांगा गया है। कोण्डागांव कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कोण्डागांव जिले के पांचों विकास खण्डों के गांवों में संचालित प्राथमिक षालाओं में वर्श 2017 से 2024 तक कार्यरत ट्यूटर षिक्षकों को पुनः नियुक्ति दिया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान कोण्डागांव जिले के पांचों विकास खण्डों के गांवों में संचालित प्राथमिक षालाओं में वर्श 2017 से 2024 तक कार्यरत ट्यूटर षिक्षक काफी संख्या में उपस्थित रहे और कलेक्टर कोण्डागांव से पुनः नियुक्ति के सम्बन्ध में किसी भी तरह को कोई ठोस और सकारात्मक आष्वासन नहीं मिलने से निराष नजर आए।

# आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना कोण्डागांव कार्यालय परियोजना अधिकारी द्वारा सेक्टर बनियागांव अंतर्गत ग्राम पंचायत बनियागांव के आंगन बाड़ी केन्द्र बनियागांव सरगीपारा में आंगन बाड़ी सहायिका के रिक्त पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र समस्त प्रमाण पत्रों सहित कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना कोण्डागांव में कार्यालयीन समय में 17 अक्टूबर 2025 तक जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संबंधित ग्राम पंचायत और संबंधित पर्यवेक्षक एवं परियोजना कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# कलेक्टर ने बालक उमावि का किया निरीक्षण, गणित विषय की कक्षाएं ली



**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने 6 अक्टूबर को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के कक्षा 10 वीं में गणित की कक्षाएं ली और प्रश्नों को हल करके विद्यार्थियों को समझाया। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने विद्यार्थियों को गणित के प्रश्नों को हल करने के टिप्स दिए और उन्हें मेहनत तथा ध्यान से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। उन्होंने ब्लैक बोर्ड पर सवाल हल करते हुए चरणबद्ध तरीके से समझाया। कलेक्टर ने शिक्षकों को विद्यार्थियों को रोचक और इंटरेक्टिव तरीके से पढ़ाने का निर्देश दिया, ताकि बच्चे पढ़ाई में रुचि और ध्यान बनाए रखें। साथ ही उन्होंने विद्यालय की कक्षाओं को पुराने केवीके भवन में संचालित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान तथा विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

# जिला जल स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक

## कलेक्टर ने जल जीवन मिशन कार्यों में तेजी लाने व गुणवत्ता पर विशेष जोर देने दिए निर्देश

**बीजापुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में आज जिला जल स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई और अब तक की प्रगति का मूल्यांकन किया गया।



कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जल जीवन मिशन केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बरसात के कारण कार्यों की गति धीमी रही है, किंतु अब मौसम अनुकूल है, अत: कार्यों में तेजी लाकर लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम में जलापूर्ति योजनाओं की नियमित निगरानी की जाए और जहां तकनीकी या प्रशासनिक अड़चनें हैं, उन्हें तत्काल दूर किया जाए। कलेक्टर ने कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा और स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में यह भी चर्चा हुई कि जिन ग्रामों में "हर घर जल" प्रमाणीकरण पूर्ण हो चुका है, वहां योजना के संचालन और रखरखाव के लिए ग्रामीण स्तर पर हितग्राहियों को प्रशिक्षित किया जाए । कलेक्टर ने कहा कि उचित प्रशिक्षण प्रदान कर स्थानीय स्तर पर योजना के सतत संचालन की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए, ताकि पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एसआर नेताम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता राहुल नाग, एवं विद्युत विभाग के सहायक अभियंता योगेश कुमार देवांगन, जिला बाल संरक्षण अधिकारी राहुल कौशिक, क्रेडा विभाग के अधिकारी सहित जिला जल स्वच्छता मिशन के सदस्यगण एवं विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के सभी ग्रामीण परिवारों तक शुद्ध पेयजल की सुविधा शीघ्र उपलब्ध कराई जा सके।

# पुराने कार्यों का पुन: भूमिपुजन कर झूठा श्रेय लेने का प्रयास कर रही लता उसेंडी : संजय करन

**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व में भूमिपूजन किए जा चुके कार्यों का पुनः भूमिपूजन किए जाने को लेकर तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम की सुचना नहीं देने को प्रशासन पर सवालिया निशान बताते हुए कोण्डागांव कांग्रेस और कोंडागांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय करन ने प्रतिक्रिया देते हुए प्रेस को बयान जारी करते हुए कहा कि कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न निर्माण कार्यों का तत्कालीन मुख्य मंत्री भूपेश बघेल द्वारा सामूहिक भूमिपूजन किया गया था जिसे जमीनी स्तर पर जाकर तत्कालीन विधायक मोहन मरकाम द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के साथ भूमिपुजन किया गया था।



आज पुनः उन्ही कार्यों का भूमिपूजन कोंडागांव विधायक लता उसेंडी द्वारा किया जा रहा है। संजय करन ने आगे कहा कि सुश्री लता उसेंडी को कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र की जनता ने क्षेत्र के विकास के लिए चुना है, जनादेश दिया है, क्षेत्र विकास के लिए नए काम लाएं और भूमिपूजन-लोकार्पण करें, हम उनका स्वागत करते हैं। परन्तु पूर्व में स्वीकृत और भूमिपूजन हो चुके कार्यों का पुनः भूमिपुजन करना कहीं न कहीं जबरन श्रेय लेने जैसा है। नेवता से जूनापानी पहुंच मार्ग का भूमिपूजन प्रशासकीय स्वीकृति राशि 562.06 लाख 4.50 किलोमीटर है, मालाकोट से किबईबालेंगा पहुंच मार्ग प्रशासकीय स्वीकृति राशि 667.57 लाख रुपए 3 किलोमीटर का भूमिपूजन 24 सितम्बर 2023 को हो चुका है, जिसे वर्तमान विधायक द्वारा पुनः भूमिपुजन किया जाना हास्यास्पद है। पूर्व में किए गए भूमिपूजन के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का नाम भी बोर्ड पर अंकित है, परन्तु आज हुए भूमिपूजन बोर्ड में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों तक के नामों उल्लेख नहीं है, जो सरासर गलत है। निर्वाचित होने के बाद प्रतिनिधि किसी पार्टी विशेष के नहीं होते हैं, परन्तु कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों को कार्यक्रम की सुचना तक नहीं देना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान है। कांग्रेस पार्टी निर्वाचित जनप्रतिनियों के अपमान को बर्दास्त नहीं करेगी आगामी समय में इस मुद्दे को लेकर प्रशासन के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

# जल जीवन मिशन बना गुल्लापेंटा गांव के लिए संजीवनी, घर-घर पहुंचा शुद्ध पेयजल



**बीजापुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के ग्राम गुल्लापेंटा में लंबे समय से 122 परिवारों की जल आपूर्ति की जिम्मेदारी गांव में संचालित 32 हैंडपंपों पर टिका हुआ था। ग्रामीणों को रोजाना पीने के पानी के लिए हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था और गर्मियों के दिनों में यह समस्या और भी विकराल रूप ले लेता था। महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों की भारी खपत होती था। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "जल जीवन मिशन" के अंतर्गत समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से गुल्लापेंटा गांव में फिल्टर युक्त शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इस योजना के तहत प्रत्येक घर में नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुँचाया जा रहा है। गांव के रहवासियों ने इस बदलाव को खुले दिल से स्वीकार किया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें रोज-रोज पानी के लिए जद्दोजहद नहीं करनी पड़ती। खासकर महिलाओं को बड़ी राहत मिली है, जो पहले घंटों पानी लाने में बिताती थीं। अब वे अपने समय का उपयोग अन्य कार्यों में कर पा रहे हैं। ग्रामवासियों ने केंद्र व राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आया है।

जल जीवन मिशन के तहत गांव में न केवल शुद्ध जल की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, बल्कि इससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है।

# छग में मिलेट क्रांति का रोडमैप तैयार, खेत से बाजार तक पर ज़ोर

**फरसगांव**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कृषि विज्ञान केंद्र, कोंडागांव (बोरगांव) में "खेत से बाजार तक- छत्तीसगढ़ में मिलेट आपूर्ति श्रृंखला" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में कोंडागांव जिले के विभिन्न किसानों और कृषि विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य मिलेट (लघुधान्य फसल) के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा करना और उनके समाधान खोजना था।

**मिलेट को वैल्यू चेन कमोडिटी बनाने पर फोकस-**

उद्घाटन सत्र में विशेषज्ञों ने मिलेट को पारंपरिक फसल की बजाय एक व्यावसायिक "वैल्यू चेन कमोडिटीज" के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।



**डॉ. सुरेश कुमार मरकाम** ने स्वागत भाषण में मिलेट मिशन के तहत किसानों की आय बढ़ाने और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए "खेत से बाजार तक" की अवधारणा को महत्वपूर्ण बताया।

**कृषि विज्ञान केंद्र कोंडागांव (बोरगांव) में राष्ट्रीय कार्यशाला**

**प्रोफेसर डॉ. मनीष कुमार पांडे** ने मिलेट की उच्च उत्पादक किस्मों और उन्नत तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने लघुधान्य फसलों की खेती को बढ़ावा देते हुए उनके प्रसंस्करण को व्यावसायिक स्तर तक परिपूरित करने की आवश्यकता बताई।

**डॉ. भूपेंद्र ठाकुर** ने जोर देकर कहा कि मिलेट को "वैल्यू चेन कमोडिटीज" के रूप में देखने से ही किसानों को उचित लाभ मिल पाएगा।

**प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और बाज़ार संपर्क की आवश्यकता-**

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने मिलेट उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए आधुनिक तकनीकों और बेहतर बाज़ार संपर्क को अनिवार्य बताया।

**डॉ. हितेश कुमार मिश्रा** ने मिलेट प्रसंस्करण तकनीकों, पैकेजिंग और ब्रांडिंग के आधुनिक उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को तकनीकी सहायता और बाज़ार संपर्क मिलने पर मिलेट उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सकती है।

**सुश्री आरती वानकर** ने किसानों को प्रेरित किया और मिलेट परियोजना की प्रगति, बाजार संपर्क, और मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ करने पर अपने विचार रखे।

**डॉ. अंजली यादव** ने ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने में महिला स्व-सहायता समूहों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

**पोषण और पर्यावरण संरक्षण-**

**डॉ. प्रिया सिन्हा** ने मिलेट के दोहरे लाभ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल पोषण का स्रोत है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत कृषि के लिए भी अत्यंत उपयोगी फसल है। उन्होंने पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन, भंडारण और लॉजिस्टिक सुधार पर भी अपने विचार साझा किए।

तकनीकी सत्र में, विशेषज्ञों ने फसल प्रबंधन, सुखाने की तकनीक, भंडारण मानक, और मार्केटिंग रणनीतियों जैसे मिलेट सप्लाई चेन के हर पहलू पर गहन चर्चा की। यह राष्ट्रीय कार्यशाला छत्तीसगढ़ में मिलेट उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुई है।

# सदर पद के लिए चुनाव संपन्न मोहम्मद सैयद शफीक विजयी



**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंजुमन इस्लामिया कमेटी कोंडागांव के मुतवल्ली या सदर पद के लिए सोमवार को संपन्न हुए चुनाव में मोहम्मद सैयद शफीक ने 5 मतों से विजय हासिल किया। परिणाम घोषित होते ही मुस्लिम समाज ने नवनिर्वाचित सदर का जोशीला स्वागत किया। नवनिर्वाचित सदर ने कहा समाज के लोगों ने मुझ पर भरोसा जताया है, उनके भरोसे पर खरा उतरने और समाज को आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगा।

सदर पद के लिए दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। कड़े मुकाबला के बीच मोहम्मद सैयद शफीक पांच मतों से विजयी रहे। मोहम्मद सैयद शफीक को 220 मत प्राप्त हुए। कुल 542 मतदाताओं में से 435 मतदाताओं में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान प्रक्रिया सामुदायिक भवन कोंडागांव में सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला। चुनाव को देखते हुए प्रशासन ने मतदान स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम किए थे।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

टीचर (चिंटू से)- होमवर्क क्यों नहीं किया?
चिंटू- मैम, मैं जब पढ़ने बैठा तो लाइट चली गई.
टीचर- तो लाइट आने के बाद क्यों नहीं की पढ़ाई?
चिंटू- बाद में मैंनें इस डर से पढ़ने नही बैठा कि कहीं मेरी वजह से फिर से लाइट न चली जाए.

## संपादकीय

### गौरक्षा सुनिश्चित करे सरकार

*कृषि प्रधान राज्य होने के नाते गोधन के मामले में छत्तीसगढ़ बेहद समृद्ध है परन्तु गौवंश की जो दुर्दशा हो रही है, वह देखी नहीं जाती। प्रदेश सरकार को उनके संवर्धन और सुरक्षा के ठोस कदम उठाने चाहिये क्योंकि भूख-प्यास से अथवा सड़कों पर वाहनों से कुचलकर वे मारी जा रही हैं। ऐसे मवेशियों की संख्या थोड़ी नहीं बल्कि बड़ी तादाद में है। राज्य के किसी भी इलाके में जाने के लिये यात्रा करने पर सड़कों पर वे वाहनों की ठोकरों से मारे गये या घायल हुए मवेशी दिखते हैं। इसे लेकर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने भी आवाज़ उठाई है जिसे यह कहकर नज़रंदाज़ नहीं करना चाहिये कि विरोधी दलों का काम ही गलतियां बतलाना है। राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गायों-बैलों तथा मवेशियों का बेहद महत्व है क्योंकि वे विविध तरीकों से खेती-किसानी और दुग्ध उत्पादों से अतिरिक्त आय अर्जित करने में किसानों व दूध उत्पादकों की सहायता करते हैं।*

*कांग्रेस ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर इस तरफ राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा लाई गयी गोठान योजना को फिर से लागू करने की मांग की। पार्टी नेताओं का दावा था कि छग के विभिन्न क्षेत्रों से 5 लाख से ज्यादा मवेशी गायब हैं। उनके अनुसार ढाई हजार से अधिक की मौत दुर्घटनाओं और भूख से हो गयी है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि उनकी सरकार के कार्यकाल में 10 हजार से अधिक गोठान प्रदेश में खोले गये थे जिनमें मवेशियों के लिये चारा-पानी तथा छांव का प्रबन्ध था। बाड़ों में घिरे इन गोठानों में गौधन पूर्णत: सुरक्षित हुआ करता था। उनकी देखरेख के लिये सरकार की ओर से राशि भी प्रदान की जाती थी। वर्तमान सरकार (भारतीय जनता पार्टी की) द्वारा गोठानों को बन्द कर दिये जाने से राज्य के गोधन में 40 प्रतिशत की कमी आने का दावा भी प्रेस कांफ्रेंस करने वाले नेताओं ने किया।*

*यदि यह आंकड़ा सही है, या उसके आसपास भी है तो बहुत चिंता का विषय है। सियासत को एक ओर रख दें तो भी यह बात सही है कि गोठान योजना ग्रामवासियों के लिये बेहद लाभदायक थी। मवेशी जिस प्रकार से खेतों तथा बाड़ियों में घुसकर तबाही मचाते हैं तथा वह विवाद का कारण बनता है, उसमें कमी आई थी। गायों, सांडों व बछिया-बछड़ों को खाने की तलाश में कचरे के ढेर में मुंह मारने या कूड़ा-कर्कट खाने की नौबत कम आती थी। इसी की तलाश में मवेशी रास्तों पर विचरण करते हैं या सड़कों पर बैठकर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। राज्य में कई बड़ी दुर्घटनाएं इस वजह से हो चुकी हैं जिनमें निरीह पशुओं की जान तो जाती ही है, वाहन चालक भी घायल हो रहे हैं और मारे जाते हैं। सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे।*

# रायपुर रेलवे स्टेशन पर कुलियों ने किया प्रदर्शन

## बैटरी गाड़ी के खिलाफ कर रहे विरोध



**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए बैटरी चलित वाहन शुरू करने के फैसले के खिलाफ कुलियों का विरोध नहीं थम रहा है।इस कदम को अपनी आजीविका पर बड़ा संकट बताते हुए बड़ी संख्या में कुलि आज प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर लामबंद हुए।रेलवे लाइसेंसी पोर्टर्स के बैनर तले कुली प्रदर्शन कर रहे हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं।

प्रदर्शन कर रहे कुलियों का कहना है कि रेलवे में आधुनिकीकरण और निजीकरण के कारण उनकी आजीविका पर भीषण संकट मंडरा रहा है। महंगाई के दौर में उनकी सीमित आमदनी से परिवार का पालन-पोषण करना लगभग असंभव हो गया है।रेलवे ने कुलियों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई आदेश जारी किए थे, जैसे उनके बच्चों को रेलवे विद्यालयों में मुफ्त शिक्षा, परिवार के सदस्यों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा व्यवस्था, प्रतिवर्ष चार वर्दी प्रदान करना और आधुनिक सुविधाओं से युक्त विश्रामालय उपलब्ध कराना।ये सभी प्रावधान अभी तक जमीनी स्तर पर लागू नहीं हो पाए हैं।विशेष रूप से रायपुर मंडल में कुलियों की उपस्थिति और स्टेशनों पर बैटरी चालित वाहनों की नि:शुल्क सेवा उपलब्ध होने के बावजूद सामान ढोने का ठेकेदारी कार्य एक निजी कंपनी को सौंप दिया है।प्रति यात्री 50 रुपये तथा प्रति लगेज 30 रुपये की दर से यह कुलियों की आजीविका का हनन है।

रेल्वे लायसेंसी पोर्टर्स मजदूर सहकारी संस्था मर्यादित, रायपुर ने 22 सितंबर को मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन दिया था। जिसमें उन्हें आश्वसन मिला था कि उनके हितों का ध्यान रखा जाएगा, लेकिन कुछ घण्टों बाद बताया गया कि निविदा निरस्त हो सकती है। उन्होंने मांग की है कि निविदा को निरस्त कर कुलियों के रोजी-रोजगार को बचाने की व्यवस्था की जाए नहीं तो जिस प्रकार 2003 में कुलियों को रेलवे में समायोजित किया गया था, उसी प्रकार पुन: किया जाए।

# कांग्रेसियों ने 5 घंटे तक सिविल लाईन थाने का किया घेराव

## भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ जुर्म दर्ज नहीं करने पर न्यायालय जाएंगे : विकास



**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सीने में गोली मारने के अशोभनीय बयान को लेकर केरला बीजेपी प्रवक्ता पिन्टू अमित महादेव के ऊपर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर कांग्रेसी सोमवार को 5 घंटे तक सिविल लाइन थाना में डटे रहे। उसके बावजूद उनकी शिकायत पर एफ आई आर दर्ज नहीं की गई।

सोमवार को दोपहर 12 बजे काफी संख्या में कांग्रेसजन सिविल लाईन थाने पहुंचे। भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ पूर्व की गई शिकायत पर अब तक कोई कारवाई नहीं करने से नाराज थे।इसके विरोध में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय और शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व में कांग्रेसजन थाना के अंदर ही धरने में बैठ गए। शाम 5 बजे तक सिविल लाईन थाने में बैठे रहे।लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कारवाई नहीं हुई। इसके पूर्व 29 सितंबर को काफी संख्या में कांग्रेसजन सिविल लाईन थाना पहुँचे थे। एफआईआर की मांग को लेकर आवेदन दिये थे लेकिन आज तक भाजपा प्रवक्ता पिन्टू अमित महादेव के ऊपर एफआईआर नहीं की गई है।

गिरीश दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार डंडे के दम पर इस प्रदेश में सरकार चला रही है जहाँ एक ओर लोकसभा के नेताप्रतिपक्ष को सीधे गोली मारने की बात सत्ताधारी पार्टी के प्रवक्ता द्वारा कहा जाता है और उस पर एफआईआर तक नहीं किया जाना एक सोचनीय विषय है। कि इस प्रदेश को भारतीय जनता पार्टी के नेता कहाँ लेकर जा रहे हैं।

विकास उपाध्याय ने कहा कि यदि आज तत्काल भाजपा केरला प्रवक्ता पिन्टू अमित महादेव के ऊपर एफआईआर दर्ज नहीं किया जाता है तो ऐसी स्थिति में हम न्यायालय का दरवाजा खटखटायेंगे और पुलिस विभाग के खिलाफ भी न्यायालयीन लड़ाई लड़ेंगे।

आज के घेराव में गिरीश दुबे, विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, पंकज शर्मा, प्रमोद चौबे, सूर्यमणी मिश्रा, दीपा बग्गा, देवकुमार साहू, सुंदर लाल जोगी, अन्नू राम साहू, संदीप तिवारी, आसिफ मेमन, दलजीत चावला, मुमताज खान, दिलीप चौहान, योगेश दीक्षित, बंशी कन्नौजे, बीरेश शुक्ला, शांतनू झा, माधव छुरा, मोहसिन, सुरजीत साहू, राहुल तिवारी, स्वपनिल मिश्रा, सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# ठाकरे परिसर में मंत्रियों को बैठाने से नाराजगी दूर नहीं होगी : भूपेश



**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा कार्यालय में आज से सहयोग केंद्र फिर से से शुरू होने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निशाना साधा है।उन्होंने कहा कि 22 महीने बीत चुके हैं, कार्यकर्ता और जनता नाराज हैं। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मंत्रियों को बैठाने से नाराजगी दूर नहीं होगी।बघेल ने कहा, किसी भी पंचायत में कोई राशि नहीं मिली है। जगह-जगह अवैध शराब की बिक्री हो रही है। रायता इतना फैल चुका है कि समेटना मुश्किल है

पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर को हाउस अरेस्ट करने को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने तंज कसते हुए कहा, भाजपा यह संदेश दे रही है कि ननकीराम कंवर को नजरबंद कर सकते हैं तो कार्यकर्ता की क्या बखत है।भाजपा ने यही संदेश आदिवासियों को भी दिया है।जब ननकीराम को नजरबंद कर सकते हैं तो बाकी की क्या बखत है। बघेल ने कहा, ननकीराम कंवर वरिष्ठ नेता हैं। मध्यप्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ तक बड़े पदों में रहे हैं।कुछ ही वरिष्ठ और पुराने नेता बचे हैं।

# गृह मंत्री निवास का आज एनएसयूआई करेगी घेराव

**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में बढ़ते अपराध, फैलती नशाखोरी और छात्र नेताओं पर दर्ज की जा रही फ़र्ज़ी एफ आई आर के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। इसी क्रम में मंगलवार, 7 अक्टूबर को एनएसयूआई द्वारा गृह मंत्री निवास घेराव किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी आज रायपुर पहुँच रहे हैं।

कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ता कांग्रेस भवन, गांधी मैदान (जिला मुख्यालय) से रैली निकालकर ओ सी एम चौक होते हुए गृह मंत्री निवास तक मार्च करेंगे। घेराव शाम 4 बजे से शुरू होगा।कार्यक्रम में शामिल होने प्रदेश के सभी जिलों से कार्यकर्ता रायपुर पहुँचेंगे। संगठन ने कहा कि यदि माँगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

**तीन सूत्रीय मांग को लेकर सरकार के खिलाफ मुखर**

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने कहा कि प्रदेश में छात्र नेताओं को अपनी बात रखने के लिए झूठे मुकदमों में फँसाया जा रहा है। यह लोकतंत्र और छात्रों के अधिकारों पर सीधा प्रहार है। ऐसे अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इस अन्याय के खिलाफ आवाज़ बुलंद करेंगे।

हस्ताक्षर अभियान' भी आयोजित किया जाएगा। यह आंदोलन प्रदेश की बिगड़ती कानून-व्यवस्था, छात्रों पर हो रहे अत्याचार और नशाखोरी के बढ़ते खतरे के विरोध में युवाओं की एक सशक्त आवाज़ बनेगा।

# शराब घोटाला : चैतन्य बघेल 13 तक न्यायिक रिमांड पर

**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे चैतन्य बघेल को आज एसीबी-ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट ने चैतन्य बघेल को 13 अक्टूबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा।

■ जमानत याचिका पर 8 को होगी सुनवाई



ईओडब्ल्यू ने चैतन्य बघेल को 13 दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की है। रिमांड खत्म होने पर आज उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। चैतन्य को 13 अक्टूबर तक के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। वहीं चैतन्य बघेल के बेल के लिए ईओडब्ल्यू कोर्ट में जमानत याचिका लगाई गई है, जिस पर सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी कोर्ट पहुंचे और अपने बेटे चैतन्य बघेल से मुलाकात की। चैतन्य बघेल और वकील से कोर्ट के फैसलों की जानकारी ली। बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि ईओडब्ल्यू ने आज चैतन्य बघेल को अदालत में पेश किया, क्योंकि उनकी रिमांड आज समाप्त हो गई थी। उन्हें 13 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। चैतन्य बघेल ने अपनी जमानत के लिए याचिका दायर की है, जिसकी सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी।

चैतन्य को शराब घोटाले से 16.70 करोड़ रुपये नगद मिले

ईडी की जांच में पता चला है कि चैतन्य बघेल को शराब घोटाले के 16.70 करोड़ रुपए मिले हैं। उन्होंने इस पैसे का इस्तेमाल अपनी रियल एस्टेट फर्मों में किया है। इस पैसे का उपयोग उनके प्रोजेक्ट के ठेकेदार को नकद भुगतान, नकदी के खिलाफ बैंक प्रविष्टियों आदि के माध्यम से किया गया था।

# रायपुर में बैठकर देशभर में शादी के नाम पर ठगी

## मैट्रिमोनियल साइट के नाम पर 50 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी, चार गिरफ्तार





**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर से ऑपरेट हो रहे एक साइबर ठग गिरोह ने मैट्रिमोनियल साइट्स के जरिए देशभर में 50 लाख रुपये की ठगी की। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया और 100 सिम, 50 मोबाइल, 60 बैंक किट जब्त की हैं।

रायपुर से एक बड़ा साइबर फ्रॉड गिरोह पकड़ा गया है, जो मैट्रिमोनियल साइट्स पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर शादी का झांसा देता था और लोगों से लाखों रुपये ठग रहा था। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर इस हाई-टेक ठगी का पर्दाफाश किया है। इनका नेटवर्क रायपुर से देशभर में फैला हुआ था और अब तक 50 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी सामने आ चुकी है।

**दो फर्जी ऑफिस खोलकर चला रहे थे फ्रॉड कंपनी**

मुख्य आरोपी गज सिंह सुना (32) ओडिशा का रहने वाला है और उसने इस गिरोह की कमान संभाल रखी थी। उसके साथ भीखू सचदेव (गुजरात), साहिल कौशिक (बिलासपुर) और हर्षित शर्मा (रायपुर) भी शामिल थे। ये चारों पहले आगरा में एक साथ काम करते थे और एक साल पहले रायपुर आकर ठगी की स्कीम शुरू की।

गिरोह ने डंगनिया में किराए का मकान लेकर वहाँ दो कमरों से 'जीवन जोड़ी' और 'रॉयल रिश्ता' नाम की फर्जी मैट्रिमोनियल कंपनियां चला रहे थे। इसके साथ ही कटोरा तालाब इलाके में 'ई-रिश्ता' नाम से एक और फर्जी ऑफिस खोला गया था।

**सोशल इंजीनियरिंग से फंसाते थे शिकार**

गिरोह के सदस्य मैट्रिमोनियल साइट्स पर फर्जी प्रोफाइल बनाते, जिसमें सुंदर युवक-युवतियों की तस्वीरें लगाई जाती थीं। फिर उनसे चैटिंग शुरू कर, भावनात्मक रिश्ता बनाया जाता और शादी का झांसा देकर ठगी की जाती थी।

आरोपी गिफ्ट भेजने के नाम पर फाइल भेजते थे, जिससे पीड़ित के मोबाइल में सेंध लग जाती थी। इस तकनीक का इस्तेमाल कर वे बैंक खातों की जानकारी तक पहुंच जाते और पैसे उड़ा लेते।

**पुलिस ने जब्त किए मोबाइल, सिम और बैंक किट**

टीआई मनोज नायक के मुताबिक, आरोपियों के पास से 100 सिम कार्ड, 50 मोबाइल फोन, 10 कंप्यूटर सिस्टम, और 60 बैंक अकाउंट किट जब्त की गई हैं। इनके जरिए वे अलग-अलग नामों से खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर करते थे।

उन्होंने रिश्तेदारों के नाम पर फर्जी बैंक खाते खुलवाए और उन्हें यह कहकर भरोसे में लिया कि ज्यादा ट्रांजैक्शन पर इनकम टैक्स का झंझट होगा, इसलिए उनके खातों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**बैंक खातों की जांच से फूटा राज**

गिरोह का भंडाफोड़ तब हुआ जब केंद्र सरकार की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने एचडीएफसी और साउथ इंडियन बैंक के चार संदिग्ध खातों की जांच शुरू की। खाताधारकों से पूछताछ में चारों आरोपियों की पहचान हुई, जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार किया। अब तक 495 बैंक खातों की जांच जारी है, जिनका उपयोग देशभर में ठगी के लिए किया गया था।

साइबर क्राइम एक्सपर्ट मुकेश चौधरी का कहना है कि आजकल सोशल इंजीनियरिंग के जरिए लोग ठगी के जाल में फंस जाते हैं। खासकर मैट्रिमोनियल साइट्स पर प्रोफाइल वेरिफिकेशन की कोई ठोस प्रक्रिया नहीं होती, इसलिए किसी भी अजनबी से जुड़ते समय अपनी प्राइवेसी का ध्यान रखें, कोई व्यक्तिगत जानकारी या पैसे शेयर न करें, और अनजान लिंक या फाइल को डाउनलोड करने से बचें।

# सरकार 1 नवंबर से 3286 रुपए में धान खरीदी करे : दीपक बैज

**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने मांग किया है कि सरकार 1 नवंबर से धान खरीदी की घोषणा करे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार की नीयत 15 नवंबर से धान खरीदी करने की है जो कि गलत है धान खरीदी 1 नवंबर से होनी चाहिए।

साथ ही यह भी स्पष्ट घोषणा की जानी चाहिए कि 21 चिंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी होगी। साथ ही धान का कीमत 3100+117+69 कुल 3286 रू. का भुगतान करने का भी घोषणा किया जाए। 2024-25 में किए गए एमएसपी में वृद्धि 117 तथा 2025-26 में किए गए एमएसपी में वृद्धि 69 को जोड़कर कुल 3286 रुपए प्रति चिंटल होता है।



**एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन 1 माह बढ़ाया जाना चाहिए**

श्री बैज ने कहा कि सरकार अति वर्षा से हुए किसानों के नुकसान का भी आकलन कर उसकी क्षतिपूर्ति मुआवजे की घोषणा भी तत्काल करे, ताकि वर्षा के कारण हुए फसल नुकसान में कुछ मदद मिल सके।

उन्होंने कहा कि धान खरीदी के लिए अनिवार्य किए गए एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन बंद हो गया। अभी तक पूरे किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है, पिछले साल के मुकाबले लाखों किसान पंजीयन से वंचित है। एग्री स्टेक पोर्टल में आने वाली दिक्कतों पोर्टल बंद रहने, डाटा की गड़बड़ियों खसरा खतौनी में मिलान नहीं होने से बहुत से किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि पोर्टल में पंजीयन की तिथि और बढ़ाई जाए। जिनका पंजीयन पोर्टल से नहीं हो रहा उनका पंजीयन सोसायटियों में करने की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

श्री बैज ने कहा सरकार को किसानों पर भरोसा नहीं है किसान झूठ बोलकर धान बेचेंगे क्या ? सरकार किसानों का पूरा धान खरीदना नहीं चाहती इसलिए तमाम नियम कायदे बना कर परेशान किया जा रहा है।ताकि समर्थन मूल्य पर कम से कम धान खरीदना पड़े। सरकार एक साल में ही 3100 में धान खरीदने में हांफ गई है।

# कृषि और उद्यानिकी विवि के बदले गए कुलसचिव

**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु) राज्य शासन ने कृषि और उद्यानिकी विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक बदलाव करते हुए नए कुलसचिवों की नियुक्ति की है। इस फेरबदल में तीन अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने आदेश जारी किए गए।

■ यशवंत केराम महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, पाटन के और कपिल देव दीपक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलसचिव नियुक्त

जारी आदेश के अनुसार, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, पाटन (दुर्ग) के कुलसचिव बदले गए। आर.के. खरे, संयुक्त संचालक कृषि को मूल विभाग भेजा गया है। यशवंत केराम, संयुक्त संचालक कृषि को प्रतिनियुक्ति पर लेते हुए नया कुलसचिव बनाया गया है। वहीं कपिल देव दीपक संयुक्त संचालक कृषि को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर का कुलसचिव नियुक्त किया गया है।

# सफाई कर्मी नदारद, ठेकेदारों पर दस-दस हजार जुर्माना



## नगर निगम की कार्रवाई

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही ने नगर निगम जोन 10 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 49 और 53 में वार्ड और जोन 10 स्वास्थ्य विभाग सफाई गैंग की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया।

स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान जोन 10 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 49 , वार्ड क्रमांक 53 एवं जोन सफाई गैंग में निर्धारित संख्या से कम ठेका सफाई कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित मिले, इस पर गहन नाराजगी व्यक्त कर स्वास्थ्य अधिकारी ने सम्बंधित वार्ड क्रमांक 49,वार्ड क्रमांक 53 और निगम जोन 10 सफाई गैंग के सम्बंधित सफाई ठेकेदारों को नोटिस देकर उनमें प्रत्येक सफाई ठेकेदार पर 10-10 हजार रूपये का जुर्माना कड़ी चेतावनी भविष्य के लिए उन्हें देते हुए करने के निर्देश जोन 10 जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री अमित बेहरा को दिए.साथ ही इसकी पुनरावृति होने पर सम्बंधित सफाई ठेका नियमानुसार निरस्त करने की कार्यवाही करने जोन 10 स्वास्थ्य विभाग की ओर से सक्षम स्वीकृति प्राप्त करने विभागीय प्रस्ताव भेजने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी ने सम्बंधित जोन 10 जोन स्वास्थ्य अधिकारी को दिए हैं।

नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही ने नगर निगम जोन 4 के वार्डों में निर्धारित 57 सफाई कर्मचारियों में से आज 13 सफाई कर्मचारियों द्वारा ड्यूटी पर बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर और जोन 10 क्षेत्र में दो नियमित सफाई कर्मचारियों के ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने पर सम्बंधित अनुपस्थित सफाई कर्मचारियों को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी कर भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देने और पुनरावृति होने पर सम्बंधित सफाई कर्मचारियों पर नियमानुसार कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

पाए गए जिसमें सभी पर 10 हजार का पेनाल्टी लगाया गया कम कर्मचारी संख्या के कारण त्योहारी सीजन में सफाई व्यवस्था काफी प्रभावित पाई गई जिससे नुक्कड़ और मुख्य मार्ग भी प्रभावित हो रहा है जिसके लिए स्वास्थ्य अधिकारी मैडम द्वारा पेनाल्टी के साथ ही साथ बिना सूचना के अनुपस्थित जोन 4 के वार्डों में उपस्थित 57 कर्मचारियों में 13 सफाई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए एवं जोन 10 के 2 रेगुलर सफाई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए सभी को आवश्यक नोटिस एवं अगली बार गलती होने पर नोटशीट के माध्यम से ठेका निरस्त एवं रेगुलर सफाई कर्मचारियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही के आदेश दिए गए ।

## शहर भाजपा की टीम घोषित, ललित, सत्यम बने उपाध्यक्ष



**रायपुर,** 6 अक्टूबर। रायपुर शहर जिला भाजपा के पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। ललित जैसिंघ, और सत्यम दुआ व ? नवीन शर्मा उपाध्यक्ष के अलावा अमित मैसरी व गुंजन प्रजापति महामंत्री बनाए गए हैं।

## नगर निगम ने 16 अवैध गुमटियों को हटाया

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। शंकर नगर वार्ड क्रमांक 30 अंतर्गत शंकर नगर टर्निंग पॉइंट से लोधीपारा चौक मुख्य मार्ग तक अवैध रूप से काबिज 16 गुमटियों को हटाया गया। यातायात जाम की समस्या को दूर करवाने की दृष्टि से अभियान चलाकर मार्ग के दोनों ओर लगभग 16 अवैध ठेलों, गुमटियों, लगभग 5 अवैध कब्जों को हटाकर मुख्य मार्ग को कब्जामुक्त किया गया।

# छसपा को नोटिस जारी

## निर्वाचन आयोग ने वार्षिक खाता का मांगा जवाब

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ ने बताया है कि छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी, हण्डीपारा, आजाद चौक रायपुर द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23 तथा 2023-24) के वार्षिक लेखापरीक्षित खाते निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। इन खातों की अंतिम तिथियाँ क्रमशः 30 नवम्बर 2022, 31 दिसम्बर 2023 तथा 15 दिसम्बर 2024 थीं।

इसके अतिरिक्त, उक्त पार्टी ने विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में भाग तो लिया, किंतु निर्धारित अवधि के भीतर व्यय विवरणी प्रस्तुत नहीं की। निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार विधानसभा चुनाव हेतु व्यय रिपोर्ट 75 दिनों के भीतर तथा लोकसभा चुनाव हेतु 90 दिनों के भीतर दाखिल किया जाना अनिवार्य है।

निर्वाचन आयोग ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29-ए के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी को पंजीकृत दलों की सूची से हटाने का प्रस्ताव पारित किया है।

इस संबंध में दल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा 09 अक्टूबर 2025 को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, रायपुर में सुनवाई हेतु तिथि निर्धारित की गई है। सुनवाई में दल के अध्यक्ष, महासचिव अथवा प्रमुख पदाधिकारी का उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित तिथि तक पार्टी की ओर से कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि पार्टी को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और आयोग बिना किसी अन्य संदर्भ के उचित आदेश पारित करेगा।

# कांग्रेस का हाथ अपराधियों के साथ : नवीन मार्कण्डेय

## भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**रायपुर,** 6 अक्टूबर। भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने जांजगीर के श्याम सुपर मार्केट में डकैती की साजिश को अंजाम देते नकाबपोश अपराधियों की गिरफ्तारी और इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों में एनएसयूआई के नगर अध्यक्ष जितेंद्र दिनकर के भी शामिल होने पर प्रदेश में अपराधों को लेकर स्यापा मचा रही कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। डॉ. मार्कण्डेय ने कहा कि प्रदेश में घट रहे अधिकांश अपराधों में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नेताओं की संलिप्तता सामने आने के बाद अब कांग्रेस को पहले अपने गिरेबाँ में झाँकना चाहिए कि वह जनता के साथ है या फिर लूटमार करने वाले अपराधियों के साथ खड़ी है?

भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. मार्कण्डेय ने सोमवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का हाथ उनके पार्टी के भीतर के अपराधियों के साथ है कांग्रेस और अपराधियों का एक संगठित गिरोह बनता जा रहा है इसका डकैती प्रकरण ताजा मामले हैं जो हथियार बरामद हुए हैं, वह क्षेत्रीय विधायक के घर से मिले हैं। इससे यह साफ है कि कांग्रेस जनता की सेवा और सुरक्षा के रास्ते से भटक चुकी है। कांग्रेस अपराधियों को इस तरह संरक्षण देकर अपराधियों का राजनीतिकरण और राजनीति का अपराधीकरण कर रही है। डॉ. मार्कण्डेय ने कहा कि बलौदाबाजार हिंसा से लेकर डकैती के इस ताजा खुलासे तक कांग्रेस का यही राजनीतिक चरित्र सामने आ रहा है। कांग्रेस के विधायक के घर से हथियार मिल रहे हैं, कांग्रेस की एक महिला विधायक का रेत खनन के अवैध कारोबार के लिए रंगदारी वसूलने का ऑडियो वायरल हो रहा है, किसानों के लाखों रुपए फर्जी तरीके से अपने और अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर करने के आरोप भी कांग्रेस के ही एक विधायक पर लगे हैं। बस्तर से लेकर सरगुजा तक कांग्रेस नेताओं की अपराधों में संलिप्तता उजागर हो रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट इस बात को बताती है कि कांग्रेस शासनकाल में कितने अपराध हुए है और उसके लिए कौन जिम्मेदार हैं।

# राधाकृष्ण मंदिर का 30 नवम्बर को 100 साल होने जा रहे पूर्ण



## शताब्दी वर्ष को एक विशाल महोत्सव के रूप मनाने का संकल्प , बैठक में मंदिर में उमड़ी महिलाओं की भीड़

**नवापारा राजिम,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राधाकृष्ण मंदिर को 30 नवम्बर 2025 को 100 साल पूरे होने जा रहा है। जिसके लिए मंदिर ट्रस्ट एवम नगरवासी इस शताब्दी वर्ष को एक विशाल महोत्सव के रूप मनाने का संकल्प लिया है, इस दौरान पूरे नगरवासियों को भोजन प्रसादी, विशाल महायज्ञ,3 दिवसीय राधकिशोरी के द्वारा नानी बाई का मायरा, विशाल भजन संध्या, विजय शंकर मेहता जी का उदबोधन एवम विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है,।

इस शोभायात्रा में ऊंट ,घोड़े, राजनांदगांव की महाकाल की विशाल झांकी,उड़ीसा के उड़िया नृत्य,बस्तर के मुरिया नृत्य,राउत नाचा, बेंड बाजा ,भजन मंडली सभी आयोजनों की जवाबदारी अलग अलग समाज एवम संस्थाओं को सौपी जा रही है, नगर के हर घर मे आमंत्रण पत्र भेजे जावेंगे। शोभा यात्रा की जवाबदारी श्रीसालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति को सौपी गई है। इस संबंध में आज मंदिर प्रांगण में सालासर समिति एवम मंदिर ट्रस्ट ने सभी समाज की नारी शक्तियों की विशाल बैठक आयोजित की गई।

जिसमे सैकड़ों की संख्या में महिला समूह, आंगनबाड़ी, मितानिन, ग्रीन आर्मी, गायत्री परिवार,रामायण समिति, सालासर हनुमान चालीसा समिति एवम हर समाज की माता बहने इस बैठक में शामिल हुई, सबसे बड़ी बात रही कि ठीक बैठक के समय मे बारिश होने लगी पर नारी शक्ति का उत्साह कम नही हुवा। बैठक को गिरधारी अग्रवाल,पूजा,निधि वर्षा अग्रवाल,नगरपालिका अध्यछ ओम कुमारी साहू,नीता धीवर,पदमणी सोनी,अन्नपूर्णा देवांगन, रानी निसाद योगिता सिन्हा,साधना सौरज,हर्षा कंसारी,रेणुका तिवारी,कस्तूरी साहू,उमा गुप्ता आदि ने अपने विचार एवम सुझाव रखे। पूरे कार्यक्रम का संचालन राजू काबरा ने किया,इस बैठक में मोहनलाल , गोपाल, अभिषेक, अग्रवाल अग्रवाल, श्रीमती विना,गौरी अग्रवाल रूपेंद्र चन्द्राकर,संतोष अग्रवाल,सरिता सिंह,हनुमान चालीसा सदस्य,मयाराम साहू,गिरधारी सेन, आदि नगरवासी उपस्थित थे,आभार प्रदर्शन वर्षा रवि अग्रवाल ने किया।

## उच्च शिक्षा व तकनीकी शिक्षा विभाग में दीपावली अवकाश 20 से 25 तक हो : आरएन ध्रुव



**पलारी** 6 अक्टूबर (देशबन्धु) छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में घोषित दीपावली अवकाश दिनांक 17 से 21 अक्टूबर 2025 तक है। दीपावली के बाद हिंदू समाज का महत्वपूर्ण पर्व गोवर्धन पूजा 22 अक्टूबर को एवं भाई दूज का पर्व 23 अक्टूबर को है। उक्त महत्वपूर्ण पर्व पर अवकाश नहीं होने से त्योहार मनाने हेतु शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को अलग से अवकाश लेने पर मजबूर होना पड़ेगा। जिसके कारण शैक्षणिक कार्य प्रभावित होंगे। ज्ञात हो स्कूल शिक्षा विभाग में भी दीपावली अवकाश दिनांक 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक है। अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष आर एन ध्रुव द्वारा श्री टंकराम वर्मा जी मंत्री श्री खुशवंत साहेब जी मंत्रीङ्क कुलसचिव छत्तीसगढ़ विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई को पत्र लिखकर निवेदन किए है कि दीपावली अवकाश की तिथि में संशोधन करते हुए दिनांक 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक कुल 6 दोनों तक एवं शीतकालीन अवकाश 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक हो।

# फिर सुलगने लगी भाटापारा स्वतंत्र जिले की आग

**भाटापारा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरायपाली को जिला बनाने की प्रक्रिया शुरू होने की खबर मिलते ही भाटापारा क्षेत्र के निवासियों में एक बार फिर आक्रोश का मंजर देखा जा रहा है। विदित हो कि सरायपाली के विधायक चातुरी नंद ने मुख्यमंत्री से मिलकर सरायपाली को स्वतंत्र जिला बनाने की मांग की थी जिस पर अब कार्यवाही शुरू हो गई है और वह दिन दूर नहीं जब सरायपाली स्वतंत्रता जिला के रूप में अस्तित्व में आएगा। यह खबर मिलते ही नगर में जिले की आग फिर से सुलगने लगी है।

**जनता की नजरें पूर्व विधायक पर टिकी-** 2023 में विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने यह घोषणा की थी कि भाजपा की सरकार आने पर निश्चित रूप से भाटापारा को स्वतंत्र जिले का दर्जा मिलेगा इसमें कहीं कोई शक की गुंजाइश नहीं है। लेकिन अब जब सरायपाली को जिला बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है तब आम जनता की निगाहें पूर्व विधायक के ऊपर जाकर टिक गई है। उनकी कद्दावर छवि से लोग भली-भाँति परिचित है यदि वे चाहे तो भाटापारा स्वतंत्र जिला बन सकता है,लेकिन इस मुद्दे पर पूर्व विधायक की खामोशी से आम जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है।




**वर्तमान विधायक की खामोशी चर्चा का विषय बना-** जिले के मुद्दे पर वर्तमान कांग्रेस विधायक इन्द्र साव की खामोशी आम जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है। विपक्ष में होते हुए भी वे इन मुद्दों को नहीं उठा रहे हैं इस पर भी कई प्रकार के सवाल उन पर उठाए जा रहे हैं।

लोग तो यह भी कह रहे हैं कि जब विपक्ष की विधायक चातुरी नंद सरायपाली को जिला बनाने के लिए सरकार पर दबाव बना सकती है तो वर्तमान कांग्रेस विधायक चुप क्यों है? क्षेत्र की जनता ने क्या उन्हें इसीलिए चुनकर भेजा है? विपक्ष की निष्क्रियता लोकतंत्र में कोई अच्छा संदेश नहीं माना जाता है।

**44 साल से छला जा रहा है भाटापारा-** स्वतंत्र राजस्व जिले के नाम पर पिछले 44 साल से भाटापारा को छला जा रहा है तत्कालीन मध्य प्रदेश से लेकर आज पर्यंत तक जिले के नाम पर क्षेत्र की जनता के साथ विश्वासघात हुआ है। यहां की ओछी राजनीति के चलते हर बार स्वतंत्र जिले की मांग पर भाटापारा को असफलता हाथ लगी है। जिले के नाम पर आम जनता सड़कों पर उतरती है,धरना होता है, विरोध प्रदर्शन होता है लेकिन यहां के कर्णधारों को इन सब बातों से कोई वास्ता नहीं जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है और मूलभूत आवश्यकताओं के लिए तरस रही है।

**भूपेश बघेल ने भी किया था वादा खिलाफी-**

2018 के आम चुनाव के दौरान तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल ने लोकोत्सव मैदान में घोषणा की थी कि उनकी सरकार आने पर भाटापारा को स्वतंत्र राजस्व जिले का दर्जा मिलेगा। छत्तीसगढ़ की जनता ने उन्हें सत्ता पर बिठाया लेकिन सत्ता पर बैठते ही भूपेश बघेल अपना वादा भूल गए। लगातार 5 साल तक क्षेत्र के लोग उनके संपर्क में रहे लेकिन उन्होंने भाटापारा को स्वतंत्र जिले का दर्जा नहीं दिया। आम जनता के मन में अब यह सवाल उठ रहा है क्या कांग्रेस की तरह भाजपा भी यहां की जनता को छलने का काम कर रही है। जिस प्रकार भूपेश बघेल अपने वादे से मुकर गए क्या इसी प्रकार भाजपा भी मुकर जायेगी?

# चिट्टा हेरोईन व्यवसाय से जुड़े 3 आरोपी जेल भेजे गए

**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नशे के विरूद्ध जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। आज भी मोहन नगर पुलिस के साथ ही एससीसीयू की टीम 3 आरोपियों को चिट्टा हेरोइन तस्करी के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से इन सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। हेरोईन चिट्टा के इस व्यवसाय से जुड़े अब तक 24 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है।

पुलिस द्वारा इस मामले में बताया गया कि जिले में चिट्टा हेरोईन तस्करों का एक गिरोह पिछले काफी समय से सक्रिय है। आज इस मामले में जिन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया इसमें आशीष सिंह उर्फ मुज्जी कुरूद थाना जामुल, लोकेश अवस्थी, उर्फ लल्ली खुर्सीपार एवं अजय सोनी हाउसिंग बोर्ड थाना जामुल है। पुलिस ने बताया कि इन सभी गिरफ्तार आरोपियों के संपर्क में गिरोह के सभी सदस्यों से आपस में जुड़े हुए है। ये एक दूसरे के संपर्क में रहकर योजनाबद्ध तरीके से नशे के पदार्थ का व्यापार कर रहे है। इस व्यवसाय से मिलने वाली रकम ये आरोपी नकद व आनलाईन सुविधानुसार बांट लेते है। इन सभी के तार दुर्ग-भिलाई से लेकर पंजाब तक जुड़े है। आज इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 5 नग मोबाईल बरामद किया गया है।

## निधन

### स. रणजीत सिंह विर्दी



**रायपुर,** 6 अक्टूबर। छोटापारा निवासी स. रणजीत सिंह विर्दी का आकस्मिक निधन 6 अक्टूबर को हो गया है उनकी अंतिम यात्रा 7 अक्टूबर को 11 बजे उनके निवास गोविंद कॉटेज छोटापारा रायपुर से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे रौनक सिंह, बब्बल विर्दी सेठ के पिता थे। अमिंदरपाल कौर (पुत्र वधू), अभिषेक सेठ (दामाद), जगजीत कौर वर्दी (पत्नी)।

# जंगल में जुआ खेल रहे 9 गिरफ्तार

**धमतरी,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु) ।पुलिस थाना रूद्री को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम बेंदरानवागांव के जंगल क्षेत्र में कुछ व्यक्ति आपस में ताश पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। हाथी विचरण क्षेत्र होने के कारण जुआरियों को यह भ्रम था कि पुलिस वहाँ तक नहीं पहुँच पाएगी, इसलिए वे जंगल के भीतर जुआ खेल रहे थे।




## 40,200 रूपये नकदी, 8 मोबाइल और 4 वाहन जप्त

सूचना मिलते ही धमतरी पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस को देखते ही कुछ जुआरी भागने का प्रयास करने लगे, किंतु सतर्कता और घेराबंदी के दौरान 09 जुआरियों ऋषभ अजमानी पिता बलजीत अजमानी उम्र 25 वर्ष साकिन लालबगीचा धमतरी, अनमोल उर्फ सौरभ ज्ञानचंदानी पिता राजू ज्ञानचंदानी उम्र 25 वर्ष इतवारी बाजार साई मंदिर के पास धमतरी, राजीव मीनपाल पिता गणेश मीनपाल उम्र 27 वर्ष आमापारा गौराचौरा के पास धमतरी, संतोष सोरी पिता स्व. भन्नूलाल सोरी उम्र 45 वर्ष हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी श्यामतराई धमतरी, संतोष निर्मलकर पिता कल्याण निर्मलकर उम्र 30 वर्ष बिलाई माता मंदिर के पास धमतरी, मनोज साहू पिता दिनानाथ साहू उम्र 32 वर्ष सोरिद डीपोपारा धमतरी, सावन उर्फ गुड्डू यादव पिता स्व. भूवन यादव उम्र 32 वर्ष सोरिद नगर धमतरी, हरिश पवार पिता सतीश पवार उम्र 19 वर्ष मराठापारा धमतरी और श्यामलाल ध्रुव पिता स्व. कुशलराम ध्रुव उम्र 45 वर्ष साकिन सोरम थाना रूद्री को पुलिस ने मौके पर ही पकड़ लिया। पकड़े गए जुआरियों से 40,200 रुपये नगद, 1 बंडल ताश पत्ती 52 पत्ती, 1 नग पीला रंग की तालपत्री, 7 स्मार्टफोन एवं 01 कीपैड मोबाइल कुल कीमती 1 लाख रूपये, 3 मोटरसाइकिल एवं 01 स्कूटी (कुल 04 वाहन) कीमती 1,20,000 रूपये इस प्रकार कुल जुमला 2,60,200 रूपये की सामग्री जप्त की गई। जप्तशुदा रकम एवं सामान के संबंध में थाना रूद्री में आरोपियों के विरुद्ध धारा 03(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई है।

## महिला संघ ने दिया धरना

**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। एनआरएलएम (बिहान) एवं सीआरपी सक्रिय महिला संघ की महिलाओं ने हिन्दी भवन के सामने अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। धरना के बाद ये महिलाएं, भरी बरसात में भींगते हुए रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय गई और वहां पर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री, मुख्य सचिव, पंचायत सचिव बिहान के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। रैली का नेतृत्व संगठन की अध्यक्ष पदमा पाटिल एवं सलाहकार विश्वजीत हारोडे ने किया। इन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे व जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन से भी भेंट की। इस संबंध में संस्था की अध्यक्ष पदमा पाटिल ने बिहान में कार्यरत महिलाओं व मानदेय 19 सौ 10 रूपयें प्रतिमाह से बढ़ाकर सम्मानजनक मानदेय देने की मांग की।

# गरियाबंद जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए दावेदारों की तलाश

## भवानी शंकर शुक्ल और भाव सिंह साहू के नामों की चर्चा, इन नामों के सामने और भी कार्यकर्ता नहीं कर पा रहे दावेदारी





**राजिम,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजिम कांग्रेस वैसे तो छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद राजिम विधानसभा में भाजपा कांग्रेस की टक्कर चली आ रही है कुल मिलाकर फायदा भाजपा को ही हुआ है ।अब कांग्रेस भी कार्यकर्ताओं की मजबूत टीम तैयार कर रही है । इसके तहत कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिना दबाव के सक्रीय कार्यकर्ताओं में से जिलाध्यक्ष चुनने की तैयारी कर रही है और इसके लिए राजिस्थान से पर्यवेक्षक भी भेजे गए हैं जो तीन दिन गरियाबंद जिले का दौरा कर अध्यक्ष पर अपनी मोहर लगायेंगी।

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद अब तक पहुंच वाले एक ही व्यक्ति के पसन्द का अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी बनते थे जिससे धीरे धीरे कार्यकर्ताओं में नाराजगी पनपने लगी और चुनाव में कार्यकर्ताओं ने भीतरघात करना शुरू कर दिया इससे कांग्रेस को नुक्सान ही हुआ । अबकी बार भी कांग्रेस शायद उसी पड़ाव पर आकर खड़ी है ऐसा प्रतीत हो रहा है जिसमे सही निर्णय का लिया जाना बेहद जरूरी माना जा रहा है अन्यथा नुकसान तो कांग्रेस झेल ही रही है दरअसल यहां पर यह चर्चा अंचल में

### निष्पक्ष चयन नहीं हुआ तो इससे हो सकता है कांग्रेस को नुकसान

कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष को लेकर हो रही है कांग्रेस का नया जिलाध्यक्ष कौन बनेगा यह फिलहाल तय नहीं हुआ है मगर इसे लेकर लॉबिंग जरूर हो रही है हालांकि इस दौड़ में युवा भी है और सीनियर भी है कहने को तो इस दौड़ में शामिल पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल के पुत्र भवानी शंकर शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष भाव सिंह साहू का नाम प्रमुखता से आ रहा है एक बार्गी देखा जाए तो वरिष्ठ कार्यकर्ता अध्यक्ष बनने लायक तो बहुत है मगर अमितेश के पुत्र भवानी शंकर शुक्ल के सामने अपनी दावेदारी पेश करने की हिम्मत कोई नहीं कर पा रहा है ।जब देशबंधु संवाददाता ने कुछ प्रमुख कार्यकर्ताओं से अध्यक्ष के दावेदारी के लिए बात की तो नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि श्री शुक्ल के सामने किसकी हिम्मत है जो सामने आये।

कांग्रेस पार्टी को दूर और पास की नजर से देखे तो यह पार्टी अलग अलग खेमों में बटी हुई नजर आती है फिर जब पार्टी के लोग ही अलग अलग खेमों में बटे है तो सीधी सी बात है कि वह अपने ही खेमे के किसी सदस्य को अपना मुखिया बनाना चाहते है मगर फिर बात वहीं पर आकर अटक जाती है कि आपके चाहने से कुछ होगा नहीं बल्कि जनता और कार्यकर्ता की चाहत से होगा लिहाजा जिलाध्यक्ष ऐसे व्यक्ति को बनाया जाना चाहिए जिसकी जमीन भी मजबूत हो ऐसे ही एक सीनियर व्यक्तित्व की बात जिले में शोर मचा रही है कि उन्हें जिलाध्यक्ष की कमान देने से पार्टी को बड़ा लाभ मिल सकता हैबहरहाल आगे कांग्रेस का जिलाध्यक्ष कौन बनता है यह तो आगे ही पता चलेगा ।

# बिना मान्यता 40 प्ले स्कूल मालिकों के खिलाफ जुर्म दर्ज करने थाने में शिकायत

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने उप सचिव शिक्षा विभाग, संचालक, लोक शिक्षण संचालननालय, आशुतोष चावरे, हिमांशु भारतीय जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर, राजीव गुप्ता सहित 40 बिना मान्यता के संचालित प्ले स्कूल के मालिकों के खिलाफ सिविल लाइन थाना में अपराध दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है।

विकास तिवारी ने कहा कि राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में महंगी शिक्षा और नि:शुल्क शिक्षा कि हक मारने का सुनियोजित शाजिश करने वाले स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी, छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसिशियेशन बड़ा घोटाला करके छात्रो और उनके अभिभावकों को लूट रहे है।ग़रीब वंचित छात्रों के नर्सरी स्कूलों में शिक्षा का हक छीनकर महंगे फीस लेकर बेच रहे है।इन माफियाओं के कारण छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है और ड्रॉप आउट स्कूली छात्रों की संख्या भी हर साल बढ़ रही है।


फाइल फोटो

थाने में की गई लिखित शिकायत में कहा गया है कि फारिया आलम सिद्धिकी, ऋतुराज रघुवंशी, आशुतोष चावरे, हिमांशु भारतीय, राजीव गुप्ता सहित 40 प्राइवेट अवैध स्कूल संचालको आदि द्वारा एकमत और एकराय होकर षड्यंत्रपूर्वक जनमानस के साथ आपराधिक कृत्य, धोखाधड़ी, जालसाजी एवं ठगी की गई है।

राज्य में 1 अप्रेल 2010 से प्राइवेट स्कूलों में नि:शुल्क एवं बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2010 लागू हो चुका है। जिसके अंतर्गत रायपुर में संचालित सभी हिंदी/अंग्रेजी माध्यम के प्राइवेट स्कूलों को अपने स्कूल के इंट्री क्लास अर्थात नर्सरी में कुल नयी भर्ती का 25त्न आस-पास के गरीब, वंचित, आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओ को नि:शुल्क प्रवेश देना अनिवार्य था।

नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 18 एवं मान्यता प्रारूप-2 के मान्यता शर्त क्रमांक 12 च्विद्यालय को किसी व्यक्ति, व्यक्ति समूह, संघ या किन्ही अन्य व्यक्तियों को लाभ के लिये नहीं चलाया जाना है।उक्त स्कूल को मान्यता नो प्रॉफिट नो लॉस के तहत संचालन करना है।

# बेवजह पति से अलग रहने वाली महिला को नहीं मिलेगा गुजारा भत्ता



**हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के फैसले को सही ठहराया**

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि अगर पत्नी बिना वजह अपने पति से अलग रह रही है तो वो भरण-पोषण के लिए हकदार नहीं है। पति से अलग रहने के लिए पत्नी के पास पर्याप्त और ठोस आधार होना जरूरी है। यह फैसला चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने रायगढ़ की एक महिला की गुजारा भत्ता मांगने की मांग की अपील को खारिज करते हुए सुनाया। उन्होंने फैमिली कोर्ट के फैसले को सही ठहराया।

रायगढ़ की महिला ने अपने पति से भरण पोषण की मांग करते हुए फैमिली कोर्ट में आवेदन दिया था, जिसमें बताया गया कि उनकी शादी 21 जून 2009 में हुई। 26 फरवरी 2011 को उनके जुड़वां बेटे हुए। पत्नी का आरोप है कि पति और उसके परिजन दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। बाद में पति ने उसे मायके में छोड़ दिया।

पति ने कहा ङ्क बिना किसी वजह के अलग रह रही पत्नी

महिला ने आर्थिक संकट के चलते पति से भरण-पोषण दिलाने की मांग की। साथ ही कहा कि पति भिलाई में कपड़े का व्यवसाय करता है और हर माह करीब 70 हजार रुपए कमाई है।इस आधार पर पति उसे हर माह 20 हजार रुपए गुजारा भत्ता दे। वहीं पति ने पत्नी के आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि पत्नी बिना किसी वजह के अलग रह रही है। उसे और उसके माता-पिता को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देती थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद रायगढ़ की फैमिली कोर्ट ने 27 सितंबर 2021 को महिला की अर्जी को खारिज कर दिया। कोर्ट ने पाया कि महिला के पास अलग रहने का कोई उचित कारण नहीं है।

चीफ जस्टिस ने फैमिली कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि सबूतों से साफ है कि महिला अपनी इच्छा से अलग रह रही है और जब तक वह अलग रहने का उचित कारण साबित नहीं करती, तब तक वह भरण-पोषण पाने की हकदार नहीं है।

# घर के बाहर पार्किंग में रखी कार चोरी



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। शंकर नगर इलाके में शातिर नाबालिगों ने कार चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. दो नाबालिग घर के बाहर खड़ी कार (स्कोडा कुशाक) को चुरा ले गए। अगली सुबह रायपुर-महासमुंद मार्ग के तुमगांव के सुनसान जगह पर कार क्षतिग्रस्त हालत में मिली। घटना की जानकारी कार मालिक को मोबाइल पर नोटिफिकेशन के जरिए मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और कार को बरामद कर लिया। पूरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है.।

शंकर नगर सेक्टर-2 में चोरों ने एक स्कोडा कुशाक कार चोरी कर ली। पीड़ित मिलन चंद गाईन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि 4 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे उनके पिता ने कार (क्रमांक ष्टत्र04क्च9472) घर के बाहर खड़ी कर लॉक कर दिया था। अगले दिन सुबह करीब 6.40 बजे जब उन्होंने बाहर देखा तो कार वहां नहीं थी परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला इसकी कीमत करीब 5 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दो नाबालिग को हिरासत में लिया गया है।आगे की कार्रवाई जारी है।

**सीसीटीवी फुटेज आया सामने**

इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस वीडियो में दो शातिर नाबालिग रात के वक्त कार को चोरी करते नजर आ रहे हैं।

# ईडी अधिकारियों पर मारपीट का मामला, हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराने दिए निर्देश**

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कारोबारी हेमंत चंद्राकर ने ईडी अधिकारी पर पूछताछ के नाम पर मानसिक प्रताड़ना और मारपीट करने का आरोप लगाया है।इस मामले में सोमवार को हाइकोर्ट ने सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा की बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान पीड़ित पक्ष से कहा कि अपना बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराएं। साथ ही ईडी अधिकारी (आरोपी) के खिलाफ वे एक आवेदन दाखिल करने और मेडिकल जांच के लिए भी एक आवेदन पेश करने की निर्देश दिए हैं।

हेमंत ने कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दी थी कि ईडी उनपर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत अन्य लोगों के खिलाफ गवाही देने का दबाव बना रही है। यह मामला आज हाईकोर्ट में पहुंच गया।ईडी की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और सौरभ पांडे ने पक्ष रखा।

हाइकोर्ट ने दोनों पक्षों ने दलीलें सुनीं. हेमंत के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता के साथ मारपीट की गई है. वहीं ईडी की तरफ से कहा गया कि कोई थर्ड डिग्री टॉर्चर नहीं किया गया है. सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने श्वष्ठ के वकील का बयान रिकॉर्ड कराया.

बता दें, राजधानी के रोहणीपुरम स्थित कंचनगंगा कॉलोनी के निवासी हेमंत चंद्राकर ने पुलिस को दिए अपनी लिखित शिकायत में बताया कि वह 29 सितंबर को सुबह 10.30 बजे प्रवर्तन निदेशालय के रायपुर कार्यालय में पूछताछ के लिए गया था. पूछताछ रात 8.30 बजे तक चला, जिसके बाद मुझे अगले दिन फिर से आने को कहा.

चंद्राकर ने आरोप लगाया कि पूछताछ के दौरान शारीरिक तौर पर प्रताड़ित करने के साथ मानसिक तौर पर दबाव डाला कि वह यह स्वीकार करे कि भूपेश बघेल के लोग विजय भाटिया, रामगोपाल अग्रवाल, आशीष वर्मा, मंदीप चावला और उनके एजेंट आदित्य अग्रवाल, शाश्वत जैन, किशोर चंद्राकर, सतपाल सिंह छाबड़ा को कमीशन देकर कार्य किया गया है.

इसके अलावा कांग्रेसी नेता ने यह भी आरोप लगाया कि ईडी अधिकारी ने उनके साथ-साथ उनके परिवार पर भी अवैधानिक तरीके से बयान देने का दबाव बनाया. कांग्रेसी नेता ने थाना प्रभारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करते हुए संबंधित अधिकारी के खिलाफ विधिसम्मत उचित कार्रवाई की मांग की है.

# अशोका हास्पिटल में गंदगी, 50 हजार जुर्माना

- वेस्ट पाईप लाईन टूटी मिली, उससे अस्पताल के दूषित जल का रिसाव होना मिला
- हॉस्पिटल प्रबंधन को कड़ी चेतावनी देकर 50 हजार का जुर्माना किया

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)।आज रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग में प्राप्त हॉस्पिटल में दूषित जल के रिसाव से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही के नेतृत्व में पंडरी स्थित अशोका हॉस्पिटल की स्वच्छता व्यवस्था का वस्तुस्थिति की जानकारी लेने औचक निरीक्षण नगर निगम जोन 3 स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग की टीम सहित जोन 3 जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री पूरन कुमार तांडी, निगम मुख्यालय स्वच्छता निरीक्षक श्री गिरिजेश तिवारी एवं अन्य सम्बंधित स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों की उपस्थिति में किया.




नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही के नेतृत्व में औचक निरीक्षण के दौरान प्राप्त जनशिकायत स्थल पर सही मिली. अशोका हॉस्पिटल पंडरी में वेस्ट पाईप लाईन टूटी हुई मिली और टूटी पाईप लाईन से हॉस्पिटल के दूषित जल का रिसाव होना पाया गया. इसे अत्यंत गंभीरता से लेते हुए जनशिकायत सही मिलने दूषित जल के रिसाव से प्रदूषण और संक्रमण की आशंका को देखते हुए आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी ने सम्बंधित अशोका हॉस्पिटल पंडरी के सम्बंधित प्रबंधक को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए 50 हजार रूपये का जुर्माना किया गया.

# रंगकर्मी विजय मिश्रा हमर चिन्हारी से अलंकृत



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। हमर चिन्हारी साहित्य समिति और सोच विचार मीडिया के मंच पर छत्तीसगढ़ी पत्रिका हमर चिन्हारी का विमोचन एवं वेबसाइट का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने विमतारा भवन में किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ी भाषा संस्कृति की समृद्धि- संरक्षण की जिम्मेदारी समस्त प्रदेशवासियों की है।

कला संस्कृति के उत्थान -संरक्षण के पुनीत कार्यों में सम्बद्ध रामेश्वर शर्मा, विजय मिश्रा अमित भोजराज धनगर, चंद्रशेखर चकोर, ईश्वर साहू, बेणीराम वर्मा, संतोष सोनकर, विक्की लोहाना को हमर चिंहारी अलंकरण से विभूषित किया गया।इसी क्रम में राम रेखा प्रभा जोशी बहनों के दल ने लुप्तप्राय नाचा की प्रस्तुति दी।दीक्षा- दीपिका धनगर, गौरव राय ने सुमधुर गायकी से जनमन को मोहित किया।

# देव, गुरु, धर्म की प्राप्ति सर्वोच्च उपलब्धि : मनीष सागर



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। विवेकानंद नगर में जारी नवपद ओलीजी की आराधना के आठवे दिन सम्यक चारित्र्य पद की आराधना की गई। धर्मसभा में सोमवार को उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी मनीष सागर ने कहा कि देव, गुरु और धर्म की प्राप्ति हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सम्यक चारित्र्य मोह से लड़कर आत्मा को स्थिर रखने की कला है। इस कला को पाने का प्रयास सभी सम्यक दृष्टि जीव करते हैं। कोई कोई ही इस सम्यक चारित्र्य को प्राप्त कर पाता है। जीवन में सम्यक चारित्र्य पद की आराधना अवश्य करनी चाहिए।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि सम्यक चारित्र्य पद की आराधना मनुष्य गति में ही संभव है। पर्याप्त जीवन है व आर्य देश है। सकल इंद्रियां हैं व स्वस्थ शरीर है। इसके साथ ही सम्यक दर्शन व सम्यक ज्ञान है। देव, गुरु और धर्म का आश्रय है। इनके माध्यम से पुरुषार्थ की प्राप्ति होती है। ये पुरुषार्थ ही मोह के पड़ाव को पार कर दे तो जीव सम्यक चारित्र्य की प्राप्ति कर लेता है।जिन्होंने सम्यक चारित्र्य को प्राप्त कर लिया उसके जीवन से सीख लेना चाहिए। उनका अनुसरण कर अपने आत्म कल्याण के लिए अग्रसर होना चाहिए।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि बाहर से चारित्र्य की अभिव्यक्ति है। वास्तविक चारित्र्य भीतर ही है। कषायों पर विजय पाने से चारित्र्य की प्राप्ति होती है। सम्यक दर्शन व सम्यक ज्ञान के बल पर भीतर के कषायों पर विजय पाना है। तत्व के बल पर यह संभव है। तत्व की प्राप्ति कर जीवन में लागू करते हैं तो कषाय मिट जाता है। जैसे-जैसे कषाय कम होगा वैसे-वैसे चारित्र्य प्राप्त करने की योग्यता प्रकट होती है। जो सही ढंग से सम्यक चारित्र्य का निर्वाह करेगा, उस जीव के सात आठ भाव से अधिक इस संसार में श्रेष्ठ नहीं रहते हैं। अल्प काल इस संसार परिभ्रमण का शेष होता है।

# प्रोजेक्ट अनुभव: विद्यार्थियों को मिल रहा प्रशासनिक अनुभव का लाभ




**निगम आयुक्त विश्वदीप ने प्रतियोगी परीक्षार्थियों का बढ़ाया हौसला, दिए महत्वपूर्ण टिप्स**

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप जिले में प्रतियोगी विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में फुंडहर स्थित योग भवन रायपुर में आयोजित प्रोजेक्ट च्अनुभवज्ज के तहत रायपुर नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप ने छात्रों से संवाद किया और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक मार्गदर्शन प्रदान किया।

कक्षा के दौरान श्री विश्वदीप ने भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़ी महत्वपूर्ण अवधारणाओं जैसे बजट, सब्सिडी एवं आर्थिक नीति को सरल और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने छात्रों को यह संदेश दिया कि जटिल विषयों को समझने के लिए निरंतर अध्ययन और जिज्ञासा बनाए रखना सबसे आवश्यक है। आयुक्त ने छात्रों को यह भी बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान समय प्रबंधन, आत्म अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण सफलता की कुंजी हैं। उनके उद्बोधन से उपस्थित विद्यार्थियों को नई दिशा और ऊर्जा मिली। जिले में कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट च्अनुभवज्ज के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारी विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर रहे हैं, जिससे उन्हें न केवल परीक्षा की दृष्टि से बल्कि जीवन प्रबंधन और नेतृत्व के पहलुओं पर भी व्यवहारिक सीख मिल रही है।

# महादेवघाट विसर्जन कुण्ड की हुई सफाई



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 8 द्वारा जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत महादेवघाट के समीप नगर पालिक निगम रायपुर के विसर्जन कुण्ड की रात्रिकालीन सफाई का विशेष अभियान जेसीबी मशीन की सहायता से चलाया जा रहा है. रायपुर नगर निगम के विसर्जन कुण्ड में दुर्गोत्सव उपरांत प्रारम्भ रात्रिकालीन विशेष सफाई अभियान की स्थल पर सतत मॉनिटरिंग नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल के मार्गनिर्देशन में कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता अनुराग पाटकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा की उपस्थिति में की जा रही है.

# शरद पूर्णिमा पर बनी औषधियुक्त खीर का वितरण आज प्रात:



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)।शरद पूर्णिमा के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में गायत्री परिवार ट्रस्ट के द्वारा औषधि युक्त खीर का निर्माण शक्तिपीठ के प्रांगण में किया जाएगा। गायत्री शक्तिपीठ में औषधि युक्त खीर का निर्माण 20 किलो का किया गया है। जिसका वितरण मंगलवार की सुबह मां गायत्री की आरती पूजा के बाद किया जाएगा।

गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस और सहायक प्रबंध ट्रस्टी सदाशिव हथमल ने जानकारी देते हुए बताया कि शरद पूर्णिमा की चांदनी अमृत वर्षा करती है जो रोग चिकित्सा विशेषकर अस्थमा दमा रोग निदान में रामबाण का कार्य करती है। शरद पूर्णिमा को अमृतमय चांदनी में खीर बनाकर अस्थमा दमा से पीड़ित व्यक्ति को खिलाने से विशेष लाभ होता है। आयुर्वेद के साथ जब ज्योतिष विज्ञान के मुहूर्त का समन्वय होता है, तो यह मनुष्य के लिए विशेष कल्याणकारी सिद्ध होता है।

आरके शुक्ला ने आगे बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा के दिन भगवान श्री कृष्ण ने द्वापर युग में चांदनी रात में महारास किया था। जिससे प्रसन्?न होकर चंद्रमा ने अमृत वर्षा की थी। मान्?यता है कि शरद पूर्णिमा की रात को चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से परिपूर्ण होकर अमृत वर्षा करते हैं। यही वजह है कि शरद पूर्णिमा की चांदनी रात में खीर रखने से उसमें अमृत घुल जाता है। इसके अलावा शरद पूर्णिमा यानी कि मां लक्ष्?मी के जन्?मोत्?सव पर उन्हें उनकी प्रिय खीर का भोग लगाकर प्रसाद के रूप में खाने से मां लक्ष्?मी प्रसन्?न होकर आशीर्वाद प्रदान करती हैं।

शरद पूर्णिमा के दिन खीर बनाकर रात भर खुले आसमान में रखने के बाद दूसरे दिन सुबह उस खीर को ग्रहण करने से जहां पाचन तंत्र मजबूत होता है वही हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली बढ़ती है शरीर को एनर्जी मिलने के साथ ही त्वचा बाल और शरीर के लिए यह खीर बेहद फायदेमंद होता है।

# आंगनबाड़ी एवं शासकीय स्कूलों में बच्चों की हुई नि:शुल्क हृदय जांच



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए चलाई जा रही योजना च्प्रोजेक्ट धड़कनज्ज के अंतर्गत ज़िले भर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य है - बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर और नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराना।

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा श्री सत्य साई हॉस्पिटल के सहयोग से आज आंगनबाड़ी क्रमांक 1, 2 ,3 सिवनी, आरंग में 98 बच्चों की जांच की गई। जिसमें 49 छात्र एवं 49 छात्राएं शामिल रही। जिसमें कोई भी बच्चा सस्पेक्टेड नहीं मिला। शिविर के दौरान बच्चों की जांच तेज धड़कन, वजन न बढ़ना, शरीर में नीलापन, बार-बार सर्दी-खांसी, सांस लेने में तकलीफ, तथा स्तनपान के समय पसीना आने जैसे लक्षणों के आधार पर की गई।

# फल की आकांक्षा से मुक्त होकर कर्म करना ही यज्ञ है : संकर्षण शरण



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ नगर सरस्वती शिक्षा मंदिर में जारी गीता ज्ञान अमृत वर्षा मेंगुरुदेव संकर्षण शरण ने आज कर्म और यज्ञ की बारे में बताएं, गुरुजी यह बताएं कि यज्ञ की प्रक्रियाची कर्म है। होनी चाहिए कर्तापन का भाव नहीं होनी चाहिए उसमें अहंकार नहीं होना चाहिए। हमे अंदर और बाहर दोनों जगह यज्ञ की आवश्यकता होती है ,बाहर का यज्ञ जब हम हवन कुंड में जौ , तिल, नारियल, चावल ,घी आदि से हवन करते हैं, बाह्य यज्ञ होता है,और अंदर से भी यज्ञ करना अर्थात अपने विकारों को मिटाना , ईर्ष्या, क्रोध, लोभ,मोह, अहंकार ,इत्यादि दुर्गुण को समाप्त करना।

तब अंदर भी यज्ञ होता है जैसे जौ ..जो सृष्टि का पहला अन्न है इसलिए कलश स्थापना में जौ डालते हैं जौ का अर्थ गुरुजी बताएं की हमारे अंदर की विकारों को नष्ट करता है,तिलज् तिल से ईर्षा बढ़ती है , तिल का हवन करते समय हमें अपने अंदर की ईर्ष्या को भी परमात्मा को अर्पण कर देना , नारियल.. जो कई परतों में होता है ,नारियल हमारे अंदर की अहंकार का प्रतीक है ,जब हम नारियल अपने से कभी टूटता नहीं है नारियल को मेहनत करके तोड़ना पड़ता है नारियल अर्पण करते समय मन में यह भाव होना चाहिए कि हम अपना अहंकार परमात्मा को अर्पण कर रहे हैं। हमारे अंदर की क्रोध का प्रतीक है बेल का अर्पण करते समय क्रोध को परमात्मा को अर्पण करते हैं। जब हम वह पदार्थ अर्पण करते हैं तो अंदर की भाव को भी उसी तरह अर्पण करना है तब आंतरिक यज्ञ होता है अर्थात अंदर से पवित्र होते हैं गुण और अवगुण सब तुमको अर्पण।बाहर के यज्ञ से पर्यावरण और प्रकृति शुद्ध होती है और आंतरिक यज्ञ से हम अंदर से शुद्ध होते हैं जब हमारे अंदर से भी विकार नष्ट हो जाएंगे ,हम अंदर से शुद्ध हो जाएंगे तो अंदर भी शांति मिलेगी प्रसन्नता मिलेगी। साथ में यह बताएं कि कोई भी कार्य करते समय कर्तापन का बोध नहीं होना चाहिए सब कुछ परमात्मा को अर्पण करना चाहिए।

उल्टा पुल्टा

टीचर (चिंटू से)- होमवर्क क्यों नहीं किया?
चिंटू- मैम, मैं जब पढ़ने बैठा तो लाइट चली गई.
टीचर- तो लाइट आने के बाद क्यों नहीं की पढ़ाई?
चिंटू- बाद में मैंने इस डर से पढ़ने नही बैठा कि कहीं मेरी वजह से फिर से लाइट न चली जाए.

संपादकीय

## गौरक्षा सुनिश्चित करे सरकार

*कृषि प्रधान राज्य होने के नाते गोधन के मामले में छत्तीसगढ़ बेहद समृद्ध है परन्तु गौवंश की जो दुर्दशा हो रही है, वह देखी नहीं जाती। प्रदेश सरकार को उनके संवर्धन और सुरक्षा के ठोस कदम उठाने चाहिये क्योंकि भूख-प्यास से अथवा सड़कों पर वाहनों से कुचलकर वे मारी जा रही हैं। ऐसे मवेशियों की संख्या थोड़ी नहीं बल्कि बड़ी तादाद में है। राज्य के किसी भी इलाके में जाने के लिये यात्रा करने पर सड़कों पर वे वाहनों की ठोकरों से मारे गये या घायल हुए मवेशी दिखते हैं। इसे लेकर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने भी आवाज़ उठाई है जिसे यह कहकर नज़रंदाज़ नहीं करना चाहिये कि विरोधी दलों का काम ही गलतियां बतलाना है। राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गायों-बैलों तथा मवेशियों का बेहद महत्व है क्योंकि वे विविध तरीकों से खेती-किसानी और दुग्ध उत्पादों से अतिरिक्त आय अर्जित करने में किसानों व दूध उत्पादकों की सहायता करते हैं।*

*कांग्रेस ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर इस तरफ राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा लाई गयी गोठान योजना को फिर से लागू करने की मांग की। पार्टी नेताओं का दावा था कि छग के विभिन्न क्षेत्रों से 5 लाख से ज्यादा मवेशी गायब हैं। उनके अनुसार ढाई हजार से अधिक की मौत दुर्घटनाओं और भूख से हो गयी है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि उनकी सरकार के कार्यकाल में 10 हजार से अधिक गोठान प्रदेश में खोले गये थे जिनमें मवेशियों के लिये चारा-पानी तथा छांव का प्रबन्ध था। बाड़ों में घिरे इन गोठानों में गौधन पूर्णतः सुरक्षित हुआ करता था। उनकी देखरेख के लिये सरकार की ओर से राशि भी प्रदान की जाती थी। वर्तमान सरकार (भारतीय जनता पार्टी की) द्वारा गोठानों को बन्द कर दिये जाने से राज्य के गोधन में 40 प्रतिशत की कमी आने का दावा भी प्रेस कांफ्रेंस करने वाले नेताओं ने किया।*

*यदि यह आंकड़ा सही है, या उसके आसपास भी है तो बहुत चिंता का विषय है। सियासत को एक ओर रख दें तो भी यह बात सही है कि गोठान योजना ग्रामवासियों के लिये बेहद लाभदायक थी। मवेशी जिस प्रकार से खेतों तथा बाड़ियों में घुसकर तबाही मचाते हैं तथा वह विवाद का कारण बनता है, उसमें कमी आई थी। गायों, सांडों व बछिया-बछड़ों को खाने की तलाश में कचरे के ढेर में मुंह मारने या कूड़ा-कर्कट खाने की नौबत कम आती थी। इसी की तलाश में मवेशी रास्तों पर विचरण करते हैं या सड़कों पर बैठकर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। राज्य में कई बड़ी दुर्घटनाएं इस वजह से हो चुकी हैं जिनमें निरीह पशुओं की जान तो जाती ही है, वाहन चालक भी घायल हो रहे हैं और मारे जाते हैं। सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे।*

# दुर्ग में कृषि महाविद्यालय की होगी स्थापना : नेताम

## इंडियन वेटनरी और इंडियन मेडीकल एसोसिएशन का दो दिवसीय संयुक्त सम्मेलन का शुभारंभ





**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मछली पालन, पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम के मुख्य आतिथ्य में इंडियन वेटनरी एसोसिएशन और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में वन हेल्थ सिनर्जी (एक स्वास्थ्य तालमेल) को मजबूत करना. अंतर.क्षेत्रीय नवाचार और एकीकरण के माध्यम से एएमआर (एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध) का मुकाबला विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आज शुभारंभ हुआ। स्थानीय पृथ्वी पैलेस पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा एवं ललित चंद्राकर और जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि यह दो दिवसीय सम्मेलन पशु एवं मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और वन्य जीवों के बीच बहुक्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की हमारी साझा प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। जिसका उद्देश्य वन हेल्थ फ्रेमवर्क के अंतर्गत एन्टीमाइक्रोबियल रेसिसटेंस (एएमआर) की बढ़ती चुनौती से प्रभावी ढंग से निराकरण करना है। उन्होंने आयोजकों से कहा कि इस सम्मेलन में दिए गए सुझाव को केन्द्र व राज्य सरकार को अवगत कराएं। ताकि इसका क्रियान्वयन सरकार द्वारा और बेहतर ढंग से किया जा सके। उन्होंने कहा कि समय के साथ दवाईयों पर अनुसंधान भी बढ़े है। इनके उपयोग पर मानव आज उलझ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उपयोग हेतु बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना आज भी एक चुनौती है। कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से पशु पालन को बढ़ावा दिया जा सकता है। साथ ही कृषि के मामले में जैविक खेती पर जोर देते हुए कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती की दिशा में आगे आना चाहिए। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे जैविक खेती को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और वैज्ञानिक तकनीको को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने का प्रयास करें। उन्होंने दुर्ग ग्रामीण विधायक श्री चंद्राकर की मांग पर कामधेनु विश्वविद्यालय अंतर्गत दुर्ग में कृषि महाविद्यालय की घोषणा की। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने विश्वविद्यालय की स्मारिका, सोवेनियर बकरी प्रशिक्षण कैलेण्डर 2026 का विमोचन किया।

सांसद विजय बघेल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में दुर्ग में राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सम्मेलन के दौरान विषय विशेषज्ञों के सुझावों से प्रदेश में पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी की सोच के अनुरूप संबंधित विभाग बढ़ती चुनौती पर प्रभावी ढंग से कार्य कर रहें है। उन्होंने कामधेनु विश्वविद्यालय अंतर्गत दुर्ग में कृषि महाविद्यालय खोलने के लिए मुख्य अतिथि कृषि मंत्री श्री नेताम का ध्यान आकर्षित किया। समारोह को विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने संबोधित किया। कामधेनु विश्वविद्यालय के प्रभारी डीन डॉ. संजय शाक्य अपने स्वागत उद्बोधन में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भारत सरकार के पशुपालन आयुक्त डॉ. प्रवीण मलिक, कार्यपालन निर्देशक एवं एम्स रायपुर के सीईओ लेफ्टीनेंट जनरल अशोक जिंदल, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेलए कुलपति लुआसए हिसार (हरियाणा) डॉ. विनोद कुमार वमा, निर्देशक एनआईओएच नागपुर डा. प्रज्ञा यादव, मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड डॉ.जी. मणि, अध्यक्ष इंडियन वेटनरी एसोसिएशन डॉ.सुधिर कुमार सहित विभिन्न महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं निर्देशक शिक्षक उपस्थित थे।

## नये शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिये दिनभर चली ब्लाक कांग्रेस की अलग-अलग बैठकें, की जाती रही रायशुमारी





■ दिग्गज नेता एवं दावेदार दिनभर रहे सक्रिय

**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज का दिन दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं से रायशुमारी का दिन रहा। आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक अजय कुमार लल्लू एवं प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त सहपर्यवेक्षक पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया एवं यू. डी. मिंज ने अलग अलग ब्लाक कांग्रेस इकाईयों की बैठकें लेकर अलग अलग स्थानों पर बैठकर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। इन बैठकों में पर्यवेक्षकों के साथ ही दुर्ग शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, पूर्व महापौर आर.एन.वर्मा, धीरज बाकलीवाल एवं संबंधित ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शामिल रहें। इन सभी ब्लाक कांग्रेस की बैठकों में पर्यवेक्षक अजय लल्लू ने पुरानी बातें दोहराई। उन्होंने कहा कि कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहूल गांधी की मंशा के अनुरूप आप कार्यकर्तागण ऐसा नाम सुझाएं जो कांग्रेस के प्रति सभी तरह से समर्पित और जुझारू होकर संगठन को मजबूती प्रदान कर सकें।

आज सुबह 10 बजे पहली बैठक शकुंतला मंगलम में दक्षिण ब्लाक कांग्रेस कमेटी की हुई। बैठक की अध्यक्षता अजय मिश्रा ने की। बैठक को पूर्व विधायक अरूण वोरा एवं ब्लाक अध्यक्ष अजय मिश्रा ने संबोधित किया। इसके बाद पर्यवेक्षक अजय लल्लू ने एक पृथक कमरे में दक्षिण ब्लाक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की अध्यक्ष पद को लेकर राय ली। लोगों की राय व नाम पूरी तरह गोपनीय रखे गये है। कक्ष से बाहर निकलने वालों ने भी प्रेस को किसी व्यक्ति का नाम जाहीर नहीं किया। इसी तरह मध्य ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक राजीव भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता अलताफ अहमद ने की। यहां भी संछिप्त उद्बोधन के बाद अजय लल्लू ने कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की। रायशुमारी के बाद पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वे सभी ब्लाक कमेटियों की बैठक के बाद ही कोई जानकारी देगें। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## जिले में 6 निरीक्षक सहित 11 पुलिस अधिकारियों का तबादला

दुर्ग, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रशासनिक दृष्टिकोण से दुर्ग जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के द्वारा 11 पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। जिसमें 6 निरीक्षक, 2 उप निरीक्षक एवं 3 सहायक उप निरीक्षक के नाम शामिल है। 6 थाना प्रभारी का प्रभार भी बदल गया है।

रक्षित आरक्षी केंद्र दुर्ग में पदस्थ तीन निरीक्षकों में जितेंद्र वर्मा को थाना प्रभारी भिलाई नगर, रामेंद्र कुमार सिंह को थाना प्रभारी जामुल एवं बसंत कुमार बघेल को थाना प्रभारी अमलेश्वर बनाया गया है। इसके अलावा थाना प्रभारी भिलाई नगर प्रशांत मिश्रा को थाना प्रभारी वैशाली नगर में पदस्थ किया गया। इसके अलावा जामुल थाना प्रभारी राजेश मिश्रा एवं थाना प्रभारी पुलगांव प्रकाशकांत को हटाकर रक्षित आरक्षी केंद्र दुर्ग में भेजा गया है। जबकि उप निरीक्षक वैशाली नगर अमित अदानी को थाना प्रभारी पुलगांव बनाया गया है। उप निरीक्षक पुलगांव खेलन साहू को चौकी अंजोरा का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा तीन सहायक उप निरीक्षक का भी स्थानांतरण किया गया है।

## चिट्टा हेरोईन व्यवसाय से जुड़े 3 आरोपी जेल भेजे गये



अब तक 24 लोग जेल दाखिल किये गये

**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नशे के विरूद्ध जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। आज भी मोहन नगर पुलिस के साथ ही एससीसीयू की टीम 3 आरोपियों को चिट्टा हेरोइन तस्करी के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से इन सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। हेरोईन चिट्टा के इस व्यवसाय से जुड़े अब तक 24 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है।

पुलिस द्वारा इस मामले में बताया गया कि जिले में चिट्टा हेरोईन तस्करों का एक गिरोह पिछले काफी समय से सक्रिय है। आज इस मामले में जिन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया इसमें आशीष सिंह उर्फ मुज्जी कुरूद थाना जामुल, लोकेश अवस्थी, उर्फ लल्ली खुर्सीपार एवं अजय सोनी हाउसिंग बोर्ड थाना जामुल है। पुलिस ने बताया कि इन सभी गिरफ्तार आरोपियों के संपर्क में गिरोह के सभी सदस्यों से आपस में जुड़े हुए है। ये एक दूसरे के संपर्क में रहकर योजनाबद्ध तरीके से नशे के पदार्थ का व्यापार कर रहे है। इस व्यवसाय से मिलने वाली रकम ये आरोपी नकद व आनलाईन सुविधानुसार बांट लेते है। इन सभी के तार दुर्ग-भिलाई से लेकर पंजाब तक जुड़े है। आज इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 5 नग मोबाईल बरामद किया गया है।

## 7 सूत्रीय मांगों को लेकर सक्रिय महिला संघ की कर्मचारियों ने दिया धरना




**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। एनआरएलएम (बिहान) एवं सीआरपी सक्रिय महिला संघ की महिलाओं ने आज हिन्दी भवन के सामने अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। धरना के बाद ये महिलाएं, भरी बरसात में भींगते हुए रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय गई और वहां पर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री, मुख्य सचिव, पंचायत सचिव बिहान के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। रैली का नेतृत्व संगठन की अध्यक्ष पदमा पाटिल एवं सलाहकार विश्वजीत हारोडे ने किया। इन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे व जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन से भी भेंट की।

इस संबंध में संस्था की अध्यक्ष पदमा पाटिल ने बिहान में कार्यरत महिलाओं व मानदेय 19 सौ 10 रूपयें प्रतिमाह से बढ़ाकर सम्मानजनक मानदेय देने की मांग की। यह मानदेय छत्तीसगढ़ शासन के न्यूनतम वेतन अधिनियम के अनुरूप दिये जाने की मांग की गई। वर्षो ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## जेआरटी स्कूल में लगेगा फटाका बाजार

### 9 को किया जायेगा स्टाल आबंटन

■ कल तक लिए जाएंगे आवेदन

**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपावली पर फटाका विक्रय हेतु इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा जेआरडी स्कूल के मैदान में अस्थाई दूकान लगाने की अनुमति फटाका व्यापारियों को दी जायेगी। इसके इच्छुक व्यापारी 8 अक्टूबर तक नगर निगम में आवेदन पत्र जमा कर सकते है। 9 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे लाटरी पद्धति से व्यवसाइयों को दूकानों का आबंटन किया जायेगा। नगर निगम के अनुसार प्रत्येक व्यवसाई को फटाका दूकान के लिये 10 गुणित 15 वर्गफुट की दूकान 3 सौ रूपये शुल्क पर आबंटित की जायेगी। इसके लिये नियम एवं शर्ते तैयार की गई है जिसका अध्ययन नगर निगम कार्यालय में किया जा सकता है।

## तिरगा रक्त दान शिविर में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर



**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। माय भारत दुर्ग एवं सर्जना युवा समिति तिरगा के संयुक्त तत्वधान में गायत्री मंदिर परिसर तिरगा में आयोजित स्वैच्छिक रक्त दान शिविर रक्त दाता एवं स्वच्छता में सहयोग करने वाले भाई बहन का सम्मान समारोह कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर किया। रक्तदाताओं को प्रणाम पत्र और हेल्मेट प्रदान कर साथ ही स्वच्छता मित्रो को गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान में आम का पेड़ रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।. दृ इस अवसर पर प्रमुखरूप सरपंच घसिया राम देशमुख उपसरपंच सुखीत राम रुक्मण देशमुख. रघुनाथ देशमुख हेमंत ऋषि देवी सिंह तोरण देशमुख रुपेश देशमुख मानसिंह देशमुख धनश्याम भूपेन्द्र बेलचंदन माय भारत प्रमुख नितिन शर्मा। उपस्थित रहे।

रक्तवीर नितिन शर्मा 44 बार हेमंत ऋषि 23 रूपेश देशमुख 13 रूपेश निषाद 13 लक्ष्मीकांत 8 तोरण देशमुख 22 ओंकार बेलचंदन 10 चन्द्रभूषण 6 रघुनाथ 1 किशोर 2 बार ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## लगातार वर्षा से किसान से लेकर आम नागरिक तक चिंता में डूबा

फसल एवं त्यौहारी सीजन पर प्रतिकूल प्रभाव



■ फसल एवं त्यौहारी सीजन पर प्रतिकूल प्रभाव

**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। दशहरा बीते चार दिन हो गये मगर अभी तक मानसून लौटा नहीं है और लगातार हो रही वर्षा ने जनजीवन दूभर कर दिया है। आज भी दोपहर एक बजे के आसपास वर्षा शुरू हुई जो रात्रि इन पंक्तियों के लिखे जाने रात्रि सवा आठ बजे तक जारी है। इस वर्षा की वजह से किसान, व्यापारी, आम नागरिक सभी परेशान है। दीवाली पर पसरा लगाने वाले दूकानदार पसरा नहीं लगा पा रहे है। आम नागरिक त्यौहारी सौदा नहीं कर पा रहे है और किसान को तो खेतों में खड़ी धान की फसल ही नहीं भविष्य में दलहन, तिलहन की फसल की चिंता सताने लगी है। हालांकि कृषि विभाग अभी भी मौसम सुधरने के साथ ही धान व अन्य फसलों में भी पर्याप्त सुधार की तसल्ली दे रहा है।

इस पूरे चौमासे में लगातार कुछेक दिनों को छोड़कर लगभग प्रतिदिन ही बरसात होती रही है मगर अब जिले में 110 प्रतिशत वर्षा हो चुकी है। आज दुर्ग शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में भी वर्षा हुई है। आज जिले में 64.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से आज तक 5 हजार 591.9 मिमी वर्षा दर्ज की चुकी है। जो प्रतिवर्ष होने वाली औसत वर्षा से काफी ज्यादा है। आज दुर्ग में 14 मिमी धमधा में 26.1 मिमी, पाटन में 12.2 मिमी बोरी में 0.0 भिलाई 3 में 7.4 मिमी, तथा अहिवारा में 5.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इस वर्षा से किसानों की तो चिंता बढ़ गई है। धान के पौधों में बालियां आने के दिन है और वर्षा की मार से पौधे जमीन पर गिर रहे है और डेमेज हो रहे है। खेतों में लबालब ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## लायंस क्लब के नेत्र परीक्षण शिविर में जरूरतमंदों को मिला लाभ



**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। लायंस क्लब दुर्ग विजन द्वारा सेवा सप्ताह में समाजसेवी एवं रचनात्मक गतिविधियों को पूरे उत्साह के साथ मूर्तरुप प्रदान किया जा रहा है। सेवा सप्ताह के श्रृंखला में क्लब द्वारा सिविललाइन कसारीडीह स्थित साईं मंदिर में निरूशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आंखों की जांच के लिए लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जिज्ञासी एवं उनके स्टाफने सेवा दी। शिविर में जांच के दौरान एक रोगी को मोतियाबिंद की शिकायत मिली। उक्त रोगी का क्लब द्वारा नि:शुल्क आपरेशन कराया जाएगा। दो लोगों को चश्मा की आवश्यकता पर उन्हें तुरंत चश्मा उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा अन्य रोगियों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिए गए।

शिविर से 100 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। इसके पहले नेत्र परीक्षण शिविर का लायंस क्लब के सदस्यों द्वारा विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब दुर्ग रीजन अध्यक्ष एमजेएफलायन आरके वर्मा एवं सेवा सप्ताह संयोजक एमजेएफलायन पीबी सक्सेना ने सेवा सप्ताह के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## 15 साल के बालक आगम सुराना 13 अक्टूबर को राजस्थान में लेंगे जैन दीक्षा

■ मुमुक्षु आगम ने अपने जन्मदिन पर मां-पिता से उपहार स्वरुप मांगी थी दीक्षा की अनुमति



**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। महेश कॉलोनी पुलगांव का राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण रविवार की दोपहर लोगों की आंखें आंसुओं से भीगीं रहीं। एक परिवार को अपने महज 15 वर्ष के पुत्र को धर्म, संयम और तप के मार्ग पर विदा करते हुए देखना उनके लिए सौभाग्य के साथ ही एक कठिन पल था। यह अवसर था दुर्ग निवासी बालक आगम सुराना के दीक्षा पूर्व वरघोड़ा और अभिनंदन समारोह का। दुर्ग के इतिहास में जैन समाज में पहली बार इतनी अल्पायु में किसी परिवार का बालक जैन भागवती दीक्षा लेने जा रहा है। महेश कॉलोनी में हुए समारोह में मुमुक्षु आगम समेत उनके पिता जयजी सुराना, माता शीतल सुराना, बहनें समेत परिवार के लोगों ने इस भाव यात्रा को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसमें मुमुक्षु आगम का वैराग्य का भाव जागने से लेकर माता.पिता और गुरुदेव की आज्ञा मिलने तक का वृतांत जीवंत बताया गया। उनकी जैन भागवती दीक्षा जैनाचार्य श्रीश्री रामलालजी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष आलोक ठाकुर का आज दुर्ग आगमन



**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर का नियुक्ति के पश्चात प्रथम दुर्ग जिला आगमन कल 7 अक्टूबर दिन मंगलवार को 11 बजे दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी एवं किसान मोर्चा के द्वारा दुर्ग के पटेल चौक में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत के पश्चात जिला भाजपा कार्यालय में स्वागत कार्यक्रम एवं किसान मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया है।

## उमदा वार्ड के आवासीय क्षेत्र में क्रेशर प्लांट, बॉलमिल से प्रदूषण की जनदर्शन में शिकायत

■ ग्राम अकतई में पाटन की जर्जर प्राथमिक शाला के जीर्णोद्धार की मांग



**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा एवं उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 92 आवेदन प्राप्त हुए।

ग्राम पथरिया एवं सहगांव के समस्त किसानों ने सेवा सहकारी समिति ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई का निर्देश दिया



**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-1 अंतर्गत टेनिस ग्राउण्ड, पुष्पक नगर में अवैध प्लाटिंग सहित फरीद नगर लिम्हा तालाब का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत द्वारा वार्ड क्रमांक-2 स्मृति नगर टेनिस ग्राउण्ड का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने निर्देशित किया गया है। पुष्पक नगर होटल इंपीरियल के पीछे भू.माफियाओं द्वारा अवैध प्लाटिंग कर आम नागरिको को विक्रय किया गया है। नागरिको द्वारा नगर निगम भिलाई से बिना भवन अनुज्ञा लिए मकान निर्माण कर लिया गया है। उक्त स्थल का अवलोकन कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। वार्ड क्रमांक-11 फरीद नगर स्थित लिम्हा तालाब का निरीक्षण कर तालाब के जलकुम्भी की साफ-सफाई कराने निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, बसंत साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, क्रिस्टोफर पाल उपस्थित रहे।

# बकायादारों ने 13.35 लाख जमा किए




**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत निवासरत भवनध्भूमि स्वामीयों द्वारा लम्बे समय से अपने बकाया संपत्तिकर की राशि निगम कोष में जमा नहीं कर रहे थे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के अधीन कुर्की की कार्यवाही करने सभी जोन सहायक राजस्व अधिकारियों का टीम गठित किया गया है। निगम के सभी जोन कार्यालय से कुर्की टीम बकायेदारों के घरो में जा रहे है। कुर्की की कार्यवाही के पूर्व ही बकायादारों द्वारा कुर्की से बचने हेतु निगम कोष में 13 लाख 35 हजार 547 रूपये जमा किए हैं। जिन बकायेदारों द्वारा बकाया संपत्तिकर की राशि जमा नहीं किया जा रहा हैए उनकी भवनध्भूमि की कुर्की कार्यवाही कर राशि वसूल की जाएगी। नगर पालिक निगम भिलाई शहर के समस्त संपत्तिकर एवं जलकर बकायादारों से अपील करती है कि अपने बकाया करों का भुगतान नगर निगम मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में जाकर जमा करेंए अन्यथा कुर्की जैसी अप्रिय स्थिति निर्मित होने की जिम्मेदारी आपकी होगी। उल्लेखनीय है कि 30 सितम्बर को भी निगम भिलाई द्वारा नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत निवासरत भवन, भूमि स्वामीयों द्वारा अपने बकाया संपत्तिकर की राशि निगम कोष में जमा नहीं कर रहे हैं। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के अधीन कुर्की की कार्यवाही सभी जोन क्षेत्र में जारी है। भिलाई निगम क्षेत्र के बकाया संपत्ति कर वसूली हेतु कुर्की टीम गठित की गई है। बकायेदारों के घर जमीन या भवन कुर्की के लिए टीम घरों में पहुंच रहे हैं। किंतु कुर्की की स्थिति निर्मित होने के पूर्व बकायेदारों द्वारा राशि जमा कर दी गई है। जो भी बकायेदार हैं राशि निगम कोष में अविलंब जमा करें, अन्यथा संपत्ति कुर्की कर राशि वसूल की जाएगी। जिसके तहत जोन 04 अंतर्गत वार्डो में संपत्तिकर बकायादारों के विरूद्व प्रचलित कुर्की वारंट के परिपेक्ष्य में चार संपत्तिकर दाताओं से 1,26,958 रूपये निगम कोष में जमा कराये है। नगर पालिक निगम भिलाई शहर के समस्त संपत्तिकर एवं जलकर बकायादारों से अपील करती है कि अपने बकाया करों का भुगतान नगर निगम मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में जाकर जमा करेंए अन्यथा कुर्की जैसी अप्रिय स्थिति निर्मित होने की जिम्मेदारी आपकी होगी।

# सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभांरभ



**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ 6 अक्टूबर से किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य संसदीय क्षेत्र में जमीनी स्तर पर खेल आंदोलन का नेतृत्व करने हेतु सशक्त बनाना। यह महोत्सव मंत्रालय की दृष्टि के अनुरूप खेल संस्कृति को बढ़ावा देने, स्वदेशी एवं मुख्यधारा खेल को प्रोत्साहित करने, युवाओं की सहभागिता बढ़ाने तथा फिट इंडिया आंदोलन का समर्थन करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। यह खेल संसदीय क्षेत्रों में योजना, क्रियान्वयन, प्रचार.प्रसार एवं विरासत निर्माण के लिए एक समान एवं उच्च मानक सुनिश्चित करेगा तथा जमीनी स्तर पर प्रतिभा की पहचान पर विशेष ध्यान देगा। सांसद खेल महोत्सव के लिए पंजीयन की तिथि 11 सितम्बर से 25 सितम्बर तक किया जा चुका है। इसमें व्यक्तिगत खेल एथेलिटिक्स, गेड़ी, योगासन, वेटलिर्फ्टिंग, कुश्ती, फुगड़ी एवं सुरीली कुर्सी एवं सामूहिक खेलों में वालीबॉल, खो.खो एवं कबड्डी को शामिल किया गया है। इस खेल में महिलाए पुरूष, दिव्यांग प्रतिभागी की आयु 9 से 15 वर्ष, 15 से 30 वर्ष व 30 से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकते है। खेल का लेवल ग्राम पंचायत व नगरीय प्रशासन वार्ड में 6 से 10 अक्टूबर, कलस्टर व नगरीय में 11 से 17 अक्टूबर, विधानसभा क्षेत्र में 10 से 15 नवम्बर एवं लोकसभा क्षेत्रों में 23 से 25 दिसम्बर तक खेला जाएगा। नगरीय क्षेत्रों में प्रतियोगिता आयोजन के नोडल अधिकारी आयुक्त एवं नगर पालिक अधिकारी होगें। खेल के दौरान विधानसभा भिलाईनगर.65 के लिए ड्रेस कलर लाल.निला एवं वैशालीनगर 66 के लिए गुलाबी रखा गया है। निगम भिलाई शहर के प्रतिभागी एवं इच्छुक महिला, पुरूष से अपील करती है कि इस खेल महोत्सव म अपने हुनर को आगे बढ़ाने का लाभ उठावें। खेल में विजेता खिलाड़िको को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित भी किया जाएगा।

# मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल में स्वच्छता अभियान



**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र में स्वच्छ भारत अभियान के तहत चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल एम के गोयल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि स्वच्छता केवल घर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि कार्यस्थल पर भी इसका समान महत्व है। उन्होंने पर्यावरण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक दिन का प्रतीकात्मक आयोजन न होकर एक निरंतर चलने वाला प्रयास होना चाहिए। उन्होंने उपस्थित ठेका श्रमिकों, कर्मचारियों और वरिष्ठ अधिकारियों को स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहने की शपथ भी दिलाई। अभियान के दौरान वर्क्स बिल्डिंग 12 और मिल क्षेत्र के बीच सफाई अभियान चलाकर आसपास के क्षेत्रों से खरपतवार हटाकर स्वच्छता का सन्देश दिया गया। अभियान में विभाग के अनुभाग प्रमुख व महाप्रबंधक प्रचालन, एस.के. हरिरमानी, महाप्रबंधक विद्युत श्रीमती अनुपमा कुमारी, महाप्रबंधक यांत्रिकी, पी.एस. कोरेटी सहित वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारीगण ने बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्यस्थल और आस.पास के वातावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्रबंधक श्रीमती समायला अंसारी, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी सी.आर. साहू और जितेन्द्र कुमार सोनी का विशेष सहयोग रहा। भिलाई इस्पात संयंत्र में प्रतिवर्ष अक्टूबर माह में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाता है, जिसके अंतर्गत विभिन्न विभागों में स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियाँ, जनजागरूकता कार्यक्रम और सफाई अभियान चलाए जाते हैं। स्वच्छता केवल सफाई कर्मचारियों की नहीं बल्कि हर नागरिक और प्रत्येक कर्मचारी की सामूहिक जिम्मेदारी है, इस भावना को रेखांकित किया जाता है।

# ओबीसी महासभा दुर्ग के जिलाध्यक्ष बने भानुप्रताप यादव



**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। ओबीसी महासभा मध्य क्षेत्रीय राष्ट्रीय कार्यालय द्वारिकापुरी कालोनी वार्ड क्रमांक 5 अशोकनगर प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम साहू द्वारा भानु प्रताप यादव प्रातांध्यक्ष छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन अधिकारी, कर्मचारी प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनित किया है। उल्लेखनीय है कि श्री यादव छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संध दुर्ग, मीडिया प्रभारी कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पद का निर्वाहन कर रहे है। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि ओबीसी महासभा एक सामाजिक संगठन है जो ओबीसी समाज को संवैधानिक अधिकार दिलाने निरंतर प्रयास कर रही है। इस हेतु संगठनात्मक सुंदृढ़ीकरण को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर संगठन विस्तारीकरण करते हुए दुर्ग जिला का प्रभार भानु प्रताप यादव को दिया गया है। जो समर्पण, अनुशासन, ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ समाज की समस्त जातियों के साथ सामंजस्य बनाकर संगठन द्वारा दी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। ओंबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष बनने पर राजेश चटर्जी प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन एवं प्रांतीय सचिव तथा दुर्ग संभागीय संयोजक कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, आनंद यादव महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संध एवं संगठन के सदस्यों सहित अनेक संगठनों के कर्मचारियों ने श्री यादव को बधाई दी है।

# संयंत्र के भीतर से कॉपर चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के भीतर एक ठेका श्रमिकों व एक अन्य सहयोगी को कॉपर केबल चोरी के आरोप में सीआईएसएफ द्वारा पकड़ा गया। दोनों के पास से करीब 60 किलो कॉपर वायर जप्त किया गया। सीआईएसएफ की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ भिलाई भट्टी पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। भिलाई भट्टी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई बीएसपी के रोलिंग मिल समवाय में कार्यरत है। 4 अक्टूबर को लगभग 9 बज रोलिंग मिल गेट चेकिंग पर तैनात था। संयंत्र के रोलिंग मिल गेट के बाहर घने जंगल में दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा। संदेह के आधार पर उन्होंने दोनों को रोका तथा चेकिंग के दौरान उनके पास से स्क्रैप कॉपर केबल बरामद किया। पकड़े गए व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम सुरेंद्र 30 वर्ष व दूसरा व्यक्ति जिसका नाम जगदीश 25 वर्ष स्टेशन मरोदा निवासी हैं। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि बिल्डिंग नंबर 14 के पिछले हिस्से से संयंत्र के अन्दर घुसा था। जिसका अनुमानित कीमत रुपये 39000 अंकित की गई है। भिलाई इस्पात संयंत्र एक प्रतिबंधित क्षेत्र है जहाँ यूआरएम क्षेत्र से कॉपर केबल को चोरी कर अनाधिकृत रूप से बैग में छिपाकर भिलाई इस्पात संयंत्र से बाहर ले जाने की कोशिश कर रहे थे। जो कि एक संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। रिपोर्ट दर्ज करने भिलाई भट्टी पुलिस के सुपुर्द किया गया। भिलाई भट्टी पुलिस द्वारा आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 303(2) 3(5) बीएनएस, 25-26 छ. ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम का अपराध पाये जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

# नृत्य, संगीत, वाद्य, चित्रकला और चित्रकारी पर बच्चों की प्रस्तुति



**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर.4 स्थित एसएनजी विद्या भवन में चल रही नृत्यधाम कला समिति की नृत्य, संगीत, वाद्य, चित्रकला और चित्रकारी प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंच पर बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, कथक और मोहिनी अट्टम जैसे शास्त्रीय नृत्य रूपों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति के बाद भवन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। नृत्य गुरु डॉ.राखी रॉय ने बताया कि प्रतियोगिता 12 अक्टूबर तक चलेगी। हजारों प्रतिभागियों में से 12 श्रेष्ठ कलाकारों को जय पद्मा अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। अब तक निर्णायकों द्वारा 6 प्रतिभागियों का चयन किया जा चुका है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागी और उनके अभिभावक मौजूद थे। जिन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों पर उत्साहपूर्वक तालियां बजाईं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में ऋषिकेश पोहनकर, युवराज, डॉ. कुणाल दासगुप्ता और निसार अहमद शामिल हैं।

# भिलाई जिला कांग्रेस के अध्यक्ष की प्रक्रिया शुरु



**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यसमिति के सदस्य एवं प्रवेक्षक संगठन सृजन अभियान के प्रभारी भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अजय कुमार लल्लू ने भिलाई जिला कांग्रेस के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के नया अध्यक्ष का चयन किया जाने कांग्रेस के नीतियों की जानकारी देने के साथ चयन प्रकिया प्रारंभ किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के परवेक्षक रूप में विक्रम मांडवी ने बैठक में उपस्थित हुए उन्होंने कांग्रेस जनों से अनुरोध किया कि भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी करनी है वे अपने आवेदन जमा कर सकते है। मिली जानकारी के अनुसार बैठक में आधे घंटे में लगभग 39 कांग्रेस नेताओं ने अध्यक्ष पद के दावेदार के रूप में चयन करने आवेदन फार्म भरा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यसमिति के सदस्य एवं परवेक्षक दुर्ग जिला संगठन सृजन अभियान के प्रभारी अजय कुमार लल्लू ने जिला अध्यक्ष चयन संबंधी जानकारी देने पत्रकार वार्ता लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी में लोकतांत्रिक रूप से संगठन का चुनाव प्रारंभ किया है। देश में भ्रष्टाचार को लेकर अपनी लड़ाई जारी रखा है। देश की चुनाव व्यवस्था को लेकर बड़ा खुलासा किया है। वर्तमान भाजपा की केंद्र सरकार वोट चोरी से बनाने का आरोप भी लगाया है। इसको लेकर वे लगातार लोगों को जानकारी दे रहे है। कांग्रेस पार्टी देश के संविधान की रक्षा करने देश में, एकता एवं अखंडता के लिए समर्पित पार्टी है। कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का चयन करने जिला के प्रत्येक ब्लॉक में मीटिंग लेकर सभी के राय कर चयन किया जाएगा। उन्होनें कहा कांग्रेस पार्टी संगठन में पूर्ण रूप से पारदर्शी के साथ जिला अध्यक्ष चयन किया जाएगा। पार्टी में नेताओं की परिक्रमा करने वाले को अध्यक्ष नहीं बनाएगी जो पार्टी के लिए समर्पित होगा उसे ही अध्यक्ष चयन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष को कांग्रेस पार्टी विधायक चयन समिति में शामिल करने की बात उन्होंने कही। बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, पूर्व राज्यमंत्री बीडी कुरैशी, पूर्व संसद प्रत्याशी प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व विधायक विक्रम मांडवी, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, रिसाली नगर महापौर शशिकला सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, भिलाई के सभापति गिरवर बंटी साहू, प्रदेश एवं जिला कांग्रेस के पदाधिकारी निगम के एमआईसी मेंबर, पार्षद, जिला के संगठन सृजन अभियान के प्रभारी ब्लॉक अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप, सभी ब्लॉक अध्यक्ष, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई मंडल, प्रकोष्ठ, सहकारिता सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता भरी संख्या में उपस्थित हुए।

# सेल ने आईएनएस आन्द्रोत के लिए विशेष ग्रेड स्टील की आपूर्ति



**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात निर्माता और महारत्न कंपनी सेल ने आईएनएस आन्द्रोत के लिए विशेष ग्रेड स्टील की पूरी ज़रूरत की आपूर्ति की है। जिसे आज 6 अक्टूबर को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। यह भारत की नौसेना के आधुनिकीकरण की दिशा में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। आईएनएस आन्द्रोत, एंटी सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट श्रृंखला का दूसरा युद्धपोत है। इस श्रृंखला का पहला शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस अर्नाला था, जिसे 18 जून 2025 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। सेल ने उल्लेखनीय योगदान देते हुएए गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित आठ एंटी.सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट युद्धपोतों जिसमें अर्नाला और आन्द्रोत शामिल हैं के लिए आवश्यक सम्पूर्ण विशेष ग्रेड स्टील, जिसमें एचआर शीट्स और प्लेट्स शामिल हैं, की आपूर्ति की है। इस विशेष ग्रेड इस्पात की आपूर्ति सेल के बोकारो, भिलाई, राउरकेला संयंत्रों से की गई है। आईएनएस आन्द्रोत का कमीशन भारत की समुद्री क्षमताओं के विस्तार और आत्मनिर्भर भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सेल इस राष्ट्रीय प्रयास के लिए अपने सहयोग को फिर से दोहराते हुएए स्वदेशी स्टील उत्पादन के जरिये रणनीतिक रक्षा अवसंरचना को और मज़बूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सीबीआई की चार्ज शीट से हकीकत जनता के सामने : देवेन्द्र



**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव ने प्रेस कॉफ्रेंस में कहा कि सीबीआई की चार्ज शीट से साफ हो गया कि उस समय भाजपा ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार और कांग्रेस पार्टी पर जो आरोप लगाया था यह झूठा था। यह आरोप राजनीति से प्रेरित था। विधायक श्री यादव ने कहा कि बिरनपुर मामले में सीबीआई द्वारा विशेष अदालत में अपनी चार्ज शीट दाखिल किए जाने के बाद अब हकीकत जनता के सामने है। सीबीआई की जांच में बिरनपुर की घटना में कोई राजनैतिक षडयंत्र नहीं पाए जाने की बात सामने आने के बाद अब कांग्रेस के विधायक और संगठन के लोग भाजपा को घेर रहे हैं। भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव ने विरनपुर की घटना असल में बच्चों के मामूली झगड़े ने खूनी रूप ले लिया। विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि सीबीआई केन्द्र सरकार की एजेंट है लेकिन उसके बावजूद भी सीबीआई को सच सामने लाना पड़ा है। इससे साबित होता है कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नही हो सकता है। विधायक ने कहा कि सीबीआई की चार्जशीट ने भाजपा का झूठ को सामने रख दिया। भाजपा ने उस समय घटना का राजनैतिक लाभ लेने का षडयंत्र रचा था। इस मामले को लेकर भाजपा ने एक समाज को कांग्रेस के खिलाफ भड़काने का प्रयास किया। विधानसभा चुनाव में भी पूरे प्रदेश में इस झगडे को साप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया। विधयाक देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा ने मृतक भुनेश्वर के पिता ईश्वर साहू को टिकिट दे कर सहानुभूति बटोर ली। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने भी माना है कि कांग्रेस की सरकार ने जो कार्रवाई कर जिन लोगों की गिरफ्तारियां की वह सही थी। विधायक यादव ने कहा कि इस समय कांग्रेस को राजनैतिक रूप से नुकसान हुआ था। इस मामले में भाजपा को जनता से माफी मांगनी चाहिए। पत्रकार वार्ता में नगर पालिक निगम के महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मी पति राजू व अन्य उपस्थित थे।

# अश्विन पूर्णिमा का वर्षावास समापन समारोह आज



**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के तत्वावधान में डा आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 भिलाई में अश्विन पूर्णिमा 7 अक्टूबर को वर्षावास समापन दिवस समारोह का आयोजन भंतेजी शील रत्न एव भंतेजी सुमेध (श्रीलंका) के सानिध्य में तथा अध्यक्ष सविता मेश्राम की अध्यक्षता में किया जा रहा है। वर्षावास पिछले तीन महीने से याने 10 जूलाई 2025 चला आ रहा है। इस अवसर पर 7 अक्टूबर सुबह 9. 30 बजे वर्षावास समापन में भंतेजी द्वारा द्वीप प्रजल्वित, पूजा वंदना, परित्राणाय पाठ किया जाएगा और उनके द्वारा धम्म देशना दी जिएगी। संस्था के समस्त पदाधिकारियो, कार्यकारी सदस्यों, सामान्य सदस्यों, दुर्ग. भिलाई की विभिन्न समितियों के सदस्यों और गणमान्य नागरिकों से निवेदन किया जाता है कि इस वर्षावास समापन समारोह में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाये। उक्त जानकारी संस्था के महासचिव रामराव ढोक ने दी।

# दिगम्बर जैन मंदिर नेहरु नगर में अवतरण दिवस आज



**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। आचार्य श्रीका अवतरण दिवस बड़े उत्साह से मनेगा नेहरू नगर दिगम्बर जैन मंदिर परिसर मे 7 अक्टूबर को संत शिरोमणी आचार्य विद्यासागर महाराज ओर आचार्य समय सागर महाराज का अवतरण महोत्सव शरद पूर्णिमा 7 अक्टूबर को भिलाई मे दिगम्बर जैन मंदिर नेहरु नगर मे भव्य और दिव्य रूप से आर्यिका अक्षयमति एवम निर्मद मति माताजी के सानिध्य मे मनाया जायेगा। गुरू गरिमा दिवस के त्रय विधान महोत्सव के आज दूसरे दिन ऋध्दिधारी मुनिराज की आराधना करते हुए श्री चोसठ ऋद्धि मंडल विधान हुआ। प्रात:काल माता के मुखारविद से मंगल शान्तिधारा अनिल ऊषा जैन एवम महावीर अर्चना पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ। भिलाई नगर गोरव मुनि प्रणेय सागर महाराज की दीक्षा दिवस मनाया गया। साथ हि आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के तैल चित्र का अनावरण एवम दिप प्रज्वलित कर अर्घ्य समर्पित किये गए। विधान के दूसरे दिन सोधर्म इन्दं बनकर अर्घ समर्पित का सोभाग्य अनिल ऊषा जैन, ईशान, इन्दं, श्वेता, भारत गोधा, सानत इन्दं, विजय, सरला जैन, महेन्द्र, इन्दं, जिनेन्दं, सिमा चौधरी, कुबेर इन्दं रूचि, आर के सिघई परिवार को प्राप्त हुआ। आर्यका अक्षयमति माताजी विधान के साथ चोसठ ऋद्धि एवम उन्हे धारण करने वाले महामुनी राजो के एश्वर्य शक्ति महिमा के संदर्भ मे बताए आचार्य विद्यासागर महाराज के दीक्षा दिवस पर प्रकाश डाला सभी ने आचार्य विद्यासागर महाराज के प्रति अपनी वियान जलि अर्पित की। विधानाचार्य पंडित नमन ने पुरेविधि विधान से आज धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराए। शरद पुर्णिमा के अवसर पर एतिहासिक पहली बार 36 मंडलिय विधान होगा संयोजक जिनेन्दं जैन, क्षितिज, रमेश नाहर, सोरभ जैन, आनंद जैन, गोरव जैन, नागेन्द्र मोहन, सचिन जैनम, अध्यक्ष मनितजैन अंगूरी जैन चेल्लना सुनिता जैन ने धर्म लाभ प्राप्त किए।

## आकाशवाणी के मोर भुइंया में आज होगा वार्ता, कहानी और कविता

**मगरलोड।** आकाशवाणी के छत्तीसगढ़ी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर भुइंया में आज निम्नांकित कार्यक्रमों का प्रसारण होगा। पोखनलाल जायसवाल की वार्ता छत्तीसगढ़ी लोक जीवन मेंप्रचलित रीति रिवाज तथा फुनू राम साहू की छत्तीसगढ़ी कहानी फोकट केब्याज और श्रीमती संध्यारानी शुक्ला की छत्तीसगढ़ी कविता व गीत मोर भुइंया केइस अंक का संपादन व प्रस्तुति महेंद्र साहू ने किया हैं।इ



# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगामी प्रवास को लेकर प्रशासन सक्रिय

**बेमेतरा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगामी 9 अक्टूबर को प्रस्तावित बेमेतरा प्रवास एवं विभिन्न लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रमों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह तैयारियों में जुटा हुआ है। कार्यक्रम को सफल, भव्य और सुव्यवस्थित रूप देने के उद्देश्य से आज कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री रणबीर शर्मा ने विधायक श्री दिपेश साहू सहित जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तृत बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की रूपरेखा, मंच व्यवस्था, आमजन की बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, मीडिया समन्वय, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, स्वच्छता और पार्किंग जैसी सभी व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा एवं समीक्षा की गई।



**कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों से माँगे सुझाव कहा- यह जिले का गौरवपूर्ण अवसर**

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बेमेतरा प्रवास जिले के लिए गौरव का अवसर है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्वागत और कार्यक्रम आयोजन में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी विभाग और प्रतिनिधि एकजुट होकर समन्वयपूर्वक कार्य करें ताकि यह आयोजन बेमेतरा की पहचान बने और जिले की उत्कृष्टता प्रदर्शित करे।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल पर नागरिकों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि मंच, पंडाल, विद्युत, पेयजल और यातायात व्यवस्था सहित सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएँ।

**कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विधायक दिपेश साहू एवं जनप्रतिनिधियों से की बैठक**

**विधायक दिपेश साहू और जनप्रतिनिधियों ने दी राय, कार्यक्रम को बने यादगार अवसर**

बैठक में विधायक दिपेश साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का यह दौरा बेमेतरा जिले के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के स्वागत और कार्यक्रम आयोजन में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। यह अवसर जिले की जनता के लिए गौरवपूर्ण है, इसलिए हम सब मिलकर इसे यादगार बनाएँगे। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत करते हुए कहा कि आम जनता के बैठने, पेयजल, यातायात और पार्किंग की व्यवस्था सुचारु होनी चाहिए ताकि लोग कार्यक्रम में बिना किसी असुविधा के शामिल हो सकें। उन्होंने कहा कि आयोजन ऐसा हो जिससे जिले की अतिथि सत्कार की परंपरा और प्रशासनिक दक्षता दोनों की झलक दिखाई दे।

**कलेक्टर ने दी निर्देश सभी विभाग समय-सीमा में करें तैयारी पूर्ण**

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, सजावट, मंच एवं विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा दल, एम्बुलेंस और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों की दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए और स्थल पर वरिष्ठ अधिकारी प्रतिदिन निरीक्षण करें। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जलप्रदाय और ग्रामीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा, जो जिले के समग्र विकास की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ेंगे।

## मनी साहू बने तहसील साहू संघ के अध्यक्ष

**कोहिका नेवरा,** 6 अक्टूबर। दास जी साहू पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ जो रायपुर जिला साहू संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं 6 वर्ष पहले तहसील साहू संघ तिल्दा नेवरा के तहसील अध्यक्ष रह चुके है, उन्होंने समाज हित में क्या कहा आइये हम आगे देखते हैं तिल्दा नेवरा तहसील का चुनाव जिला साहू संघ निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में शानदार व शांति पूर्वक सफलता पूर्वक हुआ। समाज के जागरूक मतदाता साथी जिसे प्रजा तंत्र में साक्षात भगवान माना गया हैं, मतदाता चाहते है तो गरीब को अमीर बना देते है , और अमीर को गरीब बना देते हैं। तो इस प्रजातंत्र के मतदाता हैं जिसे भगवान का दर्जा मिला हैं उन सभी भगवान को मेरा हृदय से प्रणाम और एक सच्चाई है जो मेरे आत्मा का आवाज है मै तहसील में चुनाव हो करके थोड़ा भी नहीं चाहता था। जैसे प्रदेश में सभी पदों के लिये निर्वाचन प्रक्रिया हुआ उसी प्रक्रिया में चुनाव करा कर तिल्दा नेवरा में भी सभी पद निर्विरोध करा कर तिल्दा नेवरा का नाम का इतिहास बनवाना चाहता था।

# जिले में व्यापक जनसमर्थन के साथ हिंद सेना का महाआंदोलन आज

**बालोद,** 6 अक्टूबर। आज जिले में होने वाले हिंद सेना के महाआंदोलन को लगातार व्यापक जनसमर्थन मिलता जा रहा है। शिक्षित बेरोजगारों के शोषण और महिला एवं बाल विकास विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ किए जा रहे इस आंदोलन को अब ओबीसी महासभा, आम आदमी पार्टी के साथ.साथ विभाग के अभ्यर्थी संघर्ष वीर राकेश जोशी का भी समर्थन प्राप्त हुआ है। ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष यज्ञ देव पटेल ने प्रदेश संयोजक तरुण नाथ योगी को पत्र जारी कर संगठन की ओर से तन, मन और धन से सहयोग देने का आश्वासन दिया है।



महासभा ने पत्र में कहा है कि बालोद जिले में संविदा भर्ती एवं शासकीय नियुक्तियों में लगातार अनियमितताएं और लापरवाहियां सामने आ रही हैं जिससे शिक्षित युवाओं में भारी आक्रोश है। महासभा ने इसे जन.कल्याणकारी आंदोलन बताते हुए कहा कि युवाओं और बेरोजगारों के अधिकार की लड़ाई में हिंद सेना के साथ खड़ा रहना संगठन का कर्तव्य है। वहीं आम आदमी पार्टी बालोद ने भी हिंद सेना के आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। पार्टी के जिला अध्यक्ष बालक सिंह साहू ने जारी पत्र में कहा कि प्रदेशभर में शिक्षित युवाओं के साथ हो रहे अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ हिंद सेना द्वारा उठाया गया कदम जनता की आवाज़ है। पार्टी ने इसे भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ निर्णायक संघर्ष बताते हुए कहा कि इससे शासन.प्रशासन को युवाओं के हित में ठोस निर्णय लेने का संदेश मिलेगा। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के हिंद सेना के आंदोलन को समर्थन देते हुए युवाओं से एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की है। उन्होंने कहा ष्साथ संघर्ष वीर जो अपने हक की लड़ाई के लिए आगे आए हैं। उन्होंने सही दिशा में कदम बढ़ाया है। अब नहीं जागे तो कभी नहीं जागेंगे। इसलिए बालोद जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को एकजुट होकर हल्ला बोलना होगा और अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करनी होगी। ओबीसी महासभा आम आदमी पार्टी और राकेश जोशी जैसे अभ्यर्थियों के समर्थन से अब हिंद सेना का यह आंदोलन और शक्तिशाली एवं व्यापक जनआंदोलन बनने की ओर अग्रसर है। चर्चा है कि आज बालोद में होने वाला यह महाआंदोलन जिले के इतिहास में भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ एक सशक्त जनघोषणा साबित हो सकता है। वहीं दूसरी ओर पाटेश्वर धाम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन भी हो रहा है ऐसे में ये आंदोलन कई मायनों में चर्चा का विषय बना हुआ है। जिला और पुलिस प्रशासन की नजर भी इस आंदोलन पर है।

## बढ़ती दरों के विरोध में कांग्रेस ने किया बिजली विभाग का घेराव, सरकार पर साधा निशाना




**गरियाबंद,** 6 अक्टूबर। प्रदेश में लगातार बढ़ती बिजली दरों और बिजली बिल हाफ योजना बंद किए जाने के विरोध में सोमवार को कांग्रेस ने बिजली विभाग के दफ्तर का घेराव किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय से रैली की शक्ल में बिजली कार्यालय पहुंचे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर, तख्तियां और झंडे लेकर बिजली दरों में बढ़ोतरी वापस लो, जनता का शोषण बंद करो जैसे नारे लगाए। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष भाव सिंह साहू ने कहा कि भाजपा सरकार जनता तकलीफों से बेपरवाह है। हाफ बिजली योजना बंद करने से आम लोगों पर महंगाई का पहाड़ टूट गया है। अगर सरकार ने इस फैसले को वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। कांग्रेस नेता भवानी शंकर शुक्ला ने कहा कि सरकार ने अगर जनविरोधी निर्णय वापस नहीं लिया तो जनता सड़कों पर उतरकर जवाब देगी। शैलेंद्र साहू ने कहा कि कांग्रेस ने गरीब और मध्यमवर्ग के लिए हाफ बिजली योजना शुरू की थी। भाजपा ने आते ही इसे बंद कर दिया। अब हर परिवार बढ़ते बिजली बिल से त्रस्त है। कांग्रेस जनता के साथ खड़ी है और इस अन्याय के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। शहर अध्यक्ष प्रेम सोनवानी ने कहा कि जनता के घरों में बढ़ते बिलों से हाहाकार मचा है लेकिन भाजपा नेता बिजली बिल की बढ़ोतरी पर चुप्पी साधे है। जनता से कोई सरोकार नहीं। इस अवसर पर हाफ़िज़ ख़ान, संजय नेताम, छगन यादव, संदीप सरकार, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और अन्य कार्यकर्ता।

# आरएसएस शताब्दी वर्ष में डौण्डी में हुआ पथ संचलन

**डौण्डी,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी उत्सव पर संघ शताब्दी वर्ष 1925 से लेकर 2025 के अंतर्गत आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर डौण्डी में उत्साहपूर्वक संघ शतकम मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक भवन नगर पंचायत डौण्डी में की गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघचालक जिला बालोद राजेंद्र राठी जी एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे मन्नू राम नायक एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता निर्मल साहू ,एवं विभाग बौद्धिक प्रमुख रूपेंद्र सिन्हा के द्वारा शस्त्र पूजन कर एवं भारत माता के छायाचित्र एवं संघ के संस्थापक पूज्य केशव बलिराम हेडगेवार एवं गुरुजी गोवलकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण , दीप प्रज्वलन एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात संघ का प्रार्थना हुआ । उसके बाद सभी स्वयंसेवकों द्वारा नगर में पथ संचालन कर पूरे नगर का भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण करते समय दुर्गा चौक में नगर की महिलाओं द्वारा स्वयंसेवकों के ऊपर पुष्प वर्षा की गई । नगर भ्रमण करके स्वयंसेवक वापस कार्यक्रम स्थल में आये। तत्पश्चात सर्वप्रथम अध्यक्षीय भाषण हुआ। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर के सम्मानित समाजसेवी एवं छत्तीसगढ़ पुलिस बल से सेवा निवृत डीएसपी मन्नू राम नायक जी के द्वारा संघ की शुरुआत और इतिहास के बारे में बताया गया । उन्होंने कहा की किस तरह संघ के स्वयंसेवकों द्वारा त्याग तपस्या बलिदान एवं राष्ट्रहित का कार्य संघ के द्वारा किया जाता है ,एवं किस तरह देश की स्वतंत्रता में संघ का योगदान रहा उसके बारे में बताया गया और साथ में उनके द्वारा



**समाजसेवी सेवानिवृत डीएसपी नायक संघ के 100 वर्ष होने पर सभी स्वयंसेवकों दी बधाई**

सभी को संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी । एवं आए हुए सभी गणमान्य नागरिक एवं स्वयंसेवकों से निवेदन किया गया कि प्रत्येक घर में एक स्वयंसेवक होना चाहिए तभी संघ का उद्देश्य पूर्ण होगा। तत्पश्चात स्वयंसेवक रॉबिन चौहान के द्वारा सुभाषित बोला गया । तत्पश्चात स्वयंसेवक शिवम दुबे के द्वारा एकल गीत प्रस्तुत किया गया। उसके बाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता निर्मल साहू के द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर संघ द्वारा किए गए कार्यों को विस्तार से बताया गया, साथ में शताब्दी वर्ष में संघ के द्वारा जितने भी कार्यक्रम आने वाले समय में किया जाना है। उन सभी साल भर चलने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्व के बताया एवं संघ का उद्देश्य राष्ट्रहित में सदा रहेगा यह कहा। संघ किस तरह से व्यक्ति निर्माण कर राष्ट्र हित में लगा हुआ है यह बताया। उसके बाद डौण्डी खंड के खंड -कार्यवाह श्री ईश्वर चक्रधारी के द्वारा कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। मंच का संचालन मुख्य शिक्षक राकेश देवांगन के द्वारा की गई ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के विजयदशमी उत्सव एवं पथ संचलन के कार्यक्रम में मुख्य रूप से डौण्डी खण्ड के स्वयंसेवक डॉ रुपेश कुमार नायक, मनीषा झा, दिनेश अग्रवाल, सोमेश सोरी , मुकेश कौडो, संजीव मानकर, महेंद्र पटेल, भुनेश्वर धनकर, अजय चौहान, निलेश जायसवाल, राजेंद्र नाहर ,रामनारायण धनकर ,छगन यदु, हिंसा राम साहू, नगर पंचायत डौण्डी की अध्यक्ष मोहंतीन चौरका एवं पार्षद गण एवं गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे।

## उच्च शिक्षा व तकनीकी शिक्षा विभाग में दीपावली अवकाश 20 से 25 तक हो : आरएन ध्रुव

**पलारी** 6 अक्टूबर (देशबन्धु) छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में घोषित दीपावली अवकाश दिनांक 17 से 21 अक्टूबर 2025 तक है। दीपावली के बाद हिंदू समाज का महत्वपूर्ण पर्व गोवर्धन पूजा 22 अक्टूबर को एवं भाई दूज का पर्व 23 अक्टूबर को है। उक्त महत्वपूर्ण पर्व पर अवकाश नहीं होने से त्योहार मनाने हेतु शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को अलग से अवकाश लेने पर मजबूर होना पड़ेगा। जिसके कारण शैक्षणिक कार्य प्रभावित होंगे। ज्ञात हो स्कूल शिक्षा विभाग में भी दीपावली अवकाश दिनांक 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक है। अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष आर एन ध्रुव द्वारा श्री टंकराम वर्मा जी मंत्री श्री खुशवंत साहेब जी मंत्रीङ्क कुलसचिव छत्तीसगढ़ विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई को पत्र लिखकर निवेदन किए है कि दीपावली अवकाश की तिथि में संशोधन करते हुए दिनांक 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक कुल 6 दोनों तक एवं शीतकालीन अवकाश 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक हो।



## जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में नि:शुल्क डायलिसिस सेवा

**बिलाईगढ़,** 6 अक्टूबर (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत् जीवनधारा नि:शुल्क डायलिसिस सेवा का सफल संचालन किया जा रहा है। क्रोनिक किडनी के मरीजों में खून की कमी, मूत्र में रक्त आना, पैरो में सूजन आना, चेहरों में सूजन आना, थकान, उक्त रक्तचाप, अनिद्रा, भूख में कमी, त्वचा में खुजली, रात्रि में जल्दी जल्दी पेशाब आना, मासपेशियों में झनझनाहट होना, सांस लेने में तकलीफ होना, मूत्र में प्रोटिन आना, शरीर के वजन में अचानक बदलाव आना, सिर दर्द होना आदि प्रकार के लक्षण होते है। इस प्रकार के लक्षण होने पर प्रतिदिवस जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में आकर जांच एवं उपचार हेतु चिकित्सकीय सलाह ले सकते है। मरीजों द्वारा ऐसे लक्षण होने पर नजर अंदाज करने पर विभिन्न प्रकार के जटिलताएँ हो सकती है एवं गुर्दे की विफलता की संभावना बढ़ जाती है जिसकी वजह से बहुत प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिसमें खून की कमी, केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र का नष्ट होना, त्वचा का रंग परिवर्तित होना, रक्त में पोटेशियम का स्तर बढ़ जाना जिससे हृदय को नुकसान होता है। अनिद्रा, पेरीकार्डिटिस, पेट में अलसर होना, प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाना इस प्रकार की जटिलताएँ होती है। इसी प्रकार के मरीजों को हिमो डायलिसिस कराने की संभावना बढ़ जाती है।

**डायलिसिस के लिए संपर्क नंबर 6267317316, 9329205242**

उल्लेखनीय है कि कोई भी मरीज जिनका डायलिसिस उच्च संस्था या किसी भी निजी संस्था में हो रही है, ऐसे मरीज जिला चिकित्सालय सारंगढ़ के डायलिसिस कक्ष में अपना आधार कार्ड लेकर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (पीएमएनडीपी) के तहत् जीवनधारा नि:शुल्क डायलिसिस सेवा का लाभ प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु मोबाईल नम्बर 6267317316, 9329205242 पर संपर्क कर सकते है।

## बुनकर संघ ने स्कूल को स्मार्ट टीवी भेंट किया



**भखारा,** 6 अक्टूबर। प्रगति बुनकर हाथकरघा सहकारी समिति सुपेला के समस्त बुनकरों की ओर से स्कूली बच्चों को आधुनिकी शिक्षा से जोड़ने के लिए शासकीय प्राथमिक शाला को स्मार्ट टी.वी. सप्रेम भेंट किया गया। इस अवसर पर बुनकर संघ के प्रबंधक बसंत देवांगन,अध्यक्ष रोहित देवांगन,उपाध्यक्ष नरेश देवांगन,संकुल समन्वयक पंचराम ध्रुव,प्रधानपाठक बी.आर.सिन्हा,शिक्षक एन.आर.साहू एवं सहायक शिक्षक श्री मति शिम्पी साहू मौजूद रहे।

# प्रिज्म स्कूल ऑफ़ एजुकेशन में बीएड प्रथम सेमेस्टर इंडक्शन का आयोजन

**पाटन,** 6 अक्टूबर। शिक्षक शिक्षा विभाग प्रिज्म स्कूल ऑफ एजुकेशन में बी.एड. प्रथम सेमेस्टर हेतु इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षण-पेशे की मूलभूत समझ, शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम की संरचना तथा संस्थान की गतिविधियों से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्रमुख श्री रुपेश कुमार गुप्ता( चेयरपर्सन) द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों को आशीर्वाद संबोधन करते हुए सर ने इंटर्नशिप के महत्व को विस्तार से समझाया। तथा प्रिज्म ग्रुप की डायरेक्टर ख्याति साहू मैडम और डायरेक्टर अशिम सर के द्वारा अनुशासन और सीनियर्स के आचरण से जूनियर्स संस्थान की संस्कृति और अनुशासन सीखते हैं पर बहुत सुंदर विचार वयक्त किए। फार्मेसी की प्राचार्य सीमा मैडम ने अपने उद्बोधन में कहा एक अच्छा शिक्षक समाज की नींव होता है। तथा शिक्षा विभाग की प्राचार्य महोदया डॉ अंजना ने शैक्षणिक कैलेंडर एवं प्रायोगिक कार्यों का परिचय दिया तथा विद्यार्थियों को शिक्षक के रूप में अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। नव प्रवेशित विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया तथा पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए।आज का यह कार्यक्रम प्राध्यापक रेखा नामदेव के मार्गदर्शन से संपन्न हुआ तथा कार्यक्रम का मंच संचालन मोनिका गायकवाड के द्वारा किया गया।



## निधन

### स. रणजीत सिंह विर्दी

**रायपुर,** 6 अक्टूबर। छोटापारा निवासी स. रणजीत सिंह विर्दी का आकस्मिक निधन 6 अक्टूबर को हो गया है उनकी अंतिम यात्रा 7 अक्टूबर को 11 बजे उनके निवास गोविंद कॉटेज छोटापारा रायपुर से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे रौनक सिंह, बब्बल विर्दी सेठ के पिता थे। अमिंदरपाल कौर (पुत्र वधू), अभिषेक सेठ (दामाद), जगजीत कौर वर्दी (पत्नी)।



## प्रादेशिकी का शेष...

### नये शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिये...

इसके बाद पश्चिम ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक पंचवटी भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता राजकुमार साहू ने की। यही प्रक्रिया यहां भी दोहराई गई। इसके बाद पूर्वी ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक आर्शीवाद भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार पाली ने की। बैठक में हुई चर्चा में जानकारी मिली है कि पर्यवेक्षक श्री लल्लू ने कहा है कि वे सभी ब्लाक इकाइयों से जिन नामों के सुझाव मिलेगें इन सभी नामों में से प्राथमिकता के अनुसार 6 नामों का पैनल बनाकर अ.भा. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे नेता प्रतिपक्ष राहूल गांधी को भेज देगें। जो नया जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनेगा उसे राहूल गांधी के संपर्क में मोबाईल पर रहना होगा। तीन माह तक राहूल गांधी उससे लगातार संपर्क में रहकर संगठन संबंधी व अन्य जानकारियां लेते रहेगें। इस कटौती पर खरा उतरने पर अध्यक्ष को कंटीन्यू रखा जायेगा। यदि खरा नहीं पाया गया तो उसे हटा दिया जायेगा।

इसके बाद अंतिम बैठक जैन भवन के पास दीपक में उत्तर ब्लाक कांग्रेस कमेटी की शाम 7 बजे इन पंक्तियों के लिखे जाने तक ब्लाक अध्यक्ष महीप सिंह भुवाल कर रहे है। बैठक अभी जारी है।

आज की सभी बैठकों में महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, हामिद खोखर, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दी।

### 7 सूत्रीय मांगों को लेकर...

से कार्यरत महिलाओं को बेवजह कार्य से बेदखल किया जाना बंद किया जाये। लखपति दीदी का आनलाईन कार्य का पैसा शीघ्र ही भुगतान किया जाये। सभी कर्मचारियों को नियमित करते हुए नियुक्ति पत्र दिया जायें।

इस अवसर पर अध्यक्ष पदमा पाटिल, सुरेखा बंजारे, सबरजीत सिंह, हेमकुमारी डहरिया, रेशमा, भानुमति साहू, और सरोजनी गायकवाड़ ने भी धरना में शामिल लोगों को संबोधित किया।

### तिरगा रक्त दान शिविर में ...

रक्त दान किया है और आज सभी रक्त दान किए। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर अपने संबोधन में रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया और कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है जो किसी की जिंदगी बचा सकता है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण का महत्व भी बताया।

### लगातार वर्षा से ...

पानी भरा है। किसान अतिरिक्त मजदूरी देकर खेतों से पानी निकलवा रहे है मगर फिर वर्षा होकर खेत भर रही। इससे धान के उत्पादन व उसकी क्वालिटी में भी कमजोरी की आशंका व्यक्त की जा रही है। किसानों का कहना है कि यदि यही हाल रहा तो दलहन व तिलहन की बोनी प्रभावित होगी और इनकी फसल लेना भी मुश्किल हो जायेगा।

बरसात का इन दिनों विपरीत असर बाजारों पर पड़ रहा है। दीवाली को मात्र 15 दिन रह गये है। व्यापारी दूकान में माल भरने में संकोच में है। वे चिंतित है कि यदि लगातार ऐसी ही बरसात होती रही तो वे कैसे व्यापार कर पायेगें। ठेले रेहड़ी वाले, दीपावली के दीप, रूई लाई बताशा, सजावट के सामान लगाने वालों में भी चिंता देखी जा रही है। इन लोगों ने महापौर से मिलकर अपने लिये सुरक्षित स्थान दिलाने की मांग की है जहां वे व्यापार कर सकें। सिर्फ इंदिरा मार्केट है। यही हटरी बाजार, शनिचरी बाजार, सिकोला भाठा, नयापारा बाजार, व बोरसी बाजार में भी मौसम को लेकर लोग परेशान है।

### लायंस क्लब के नेत्र परीक्षण शिविर में...

कार्यक्रम का संचालन लायन डॉ.रुचि सक्सेना ने किया इस अवसर पर लायन विशाल राजहंस, सुनंदा स्वामी, विभा गुप्ता, राजलक्ष्मी तिवारी, विनती अग्रवालएदुर्गेश नंदिनी दुबे, श्री साईं मंदिर समिति अध्यक्ष श्रीकांत समर्थए सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष शिवाकांत तिवारी, कोषाध्यक्ष सुजीत गुप्ता के अलावा लायंस क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे

### 15 साल के बालक आगम सुराना...

मसा और उपाध्याय प्रवर राजेश मुनिजी मसा के मुखारविंद से राजस्थान के दशनोक में 13 अक्टूबर को होगी। मुमुक्षु आगम ने बताया कि साल 2022 में दुर्ग में हर्षिम मुनि आदि ठाणा 2 के चातुर्मास के दौरान मेरी धर्मए ध्यान के प्रति रुचि बढ़ी। मैं शिवपारा के भवन में बीते कुछ वर्षों से विराजमान साध्वी हेमप्रभा मसा से नियमित भेंट कर धर्म चर्चा करता। साल 2023 में परिवार के साथ से राजस्थान की यात्रा के दौरान आचार्य रामलाल मसा के शिविर में भी शामिल हुआ। तब दादी से अनुमति ली। उसके बाद से मन में वैराग्य का भाव और प्रबल हो गया। फिर ब्यावर में हुए 10 दीक्षा समारोह में शामिल हुआ तो मेरा मन पक्का हो गया। साल 2024 में माता-पिता को बताया, तो उन्होंने मुझे प्रेमवश आज्ञा नहीं दी। लगातार उन्हें मनाने का प्रयास किया। 6 मई 2025 को अपने जन्मदिन पर माता-पिता से उपहार में मुनि दीक्षा की अनुमति मांगी, तब उन्होंने आज्ञा दे दी। एक माह पूर्व 1 सितंबर को आचार्य रामलाल जी मसा से भी दीक्षा की अनुमति मिल गई।

घर से निकला वरघोड़ा, समाज के लोगों ने फूल वर्षा से किया अभिनंदन : श्री साधुमार्गी जैन संघ दुर्ग द्वारा दीक्षा पूर्व वरघोड़ा (शोभायात्रा) और अभिनंदन समारोह के आयोजन में रविवार की सुबह मुमुक्षु आगम सुराना के घर से शोभायात्रा निकाली गई। लोगों ने जगह.जगह फूल बरसाकर मुमुक्षु का अभिनंदन किया। दीक्षा महोत्सव के कार्यक्रम से जैन समाज में उत्साह व हर्ष का माहौल है। श्री साधुमार्गी जैन संघ, महिला एवं बहु मंडल, समता युवा संघ आदि ने इसमें सहयोग दिया। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र गांधी, समता महिला समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष चंचल प्रकाश सांखला, प्रदीप बोथरा, श्री साधुमार्गी जैन संघ दुर्ग के अध्यक्ष ओमप्रकाश सांखला, महामंत्री ज्ञानचंद पारख, कोषाध्यक्ष अजय कांकरिया, उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला, धर्मपाल बोथरा, सहमंत्री रमेश छाजेड़, गौतम बांठिया सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### उमदा वार्ड के आवासीय क्षेत्र में ...

को कोडिया में रखने आवेदन दिया। किसानों ने बताया कि वे कई वर्षों से खाद.बीज व कृषि ऋण का लेन.देन कोडिया समिति से ही करते आ रहे हैं और धान खरीदी केन्द्र कोडिया ही उनके लिए सुविधाजनक है। चूंकि वर्तमान में नए धान खरीदी केन्द्र मेडेसरा प्रस्तावित हैए जिसमें ग्राम पथरिया एवं सहगांव को भी जोड़ा जा रहा है जो दूरी में अधिक और असुविधाजनक है। इस पर कलेक्टर ने जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

ग्राम पंचायत अकतई सरपंच ने प्राथमिक शाला भवन की मरम्मत करवाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत अकतई तहसील पाटन के प्राथमिक शाला भवन की स्थिति जर्जर हो चुकी है। बारिश के दिनों में छत से पानी टपकने और मलबा गिरने की वजह से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सूचित किया गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। सीईओ जनपद पंचायत को निरीक्षण कर तत्काल कार्यवाही करने को कहा।

वार्ड क्रमांक 6 उमदा के पार्षद एवं समस्त वार्डवासियों ने आवासीय क्षेत्र में क्रेसर प्लांट (बॉल मिल) स्थापित करने से हो रहे प्रदूषण की शिकायत की। वार्डवासियों ने बताया कि यह संयंत्र आवासीय क्षेत्र में बिना अनुमति के लगाया गया है, जिससे मानव स्वास्थ्य के साथ.साथ पशुधन को भी नुकसान हो रहा है। रिहायशी इलाके में ऐसे प्रदूषणकारी प्लांट को अनुमति कैसे मिल गई। निवासियों ने संयंत्र को औद्योगिक क्षेत्र में स्थानांतरित करने की माँग की हैए ताकि पर्यावरण और जनस्वास्थ्य की रक्षा हो सके। इस पर कलेक्टर ने क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जनदर्शन में नगर निगम, समाज कल्याण, खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर

## कलेक्टर रणबीर शर्मा ने की तैयारियों की समीक्षा



**बेमेतरा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगामी 9 अक्टूबर को प्रस्तावित बेमेतरा प्रवास एवं विभिन्न लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रमों के मद्देनज़र जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। मुख्यमंत्री का मुख्य कार्यक्रम जिले के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित होना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व सभी व्यवस्थाएँ सुचारु रूप से सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा ने आज सुबह 10 बजे बेसिक स्कूल मैदान पहुँचकर मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा परिधि, यातायात नियंत्रण एवं आमजन की सुविधा से संबंधित तैयारियों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल पर उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण किए जाएँ ताकि मुख्यमंत्री के आगमन के समय किसी भी प्रकार की कमी न रहे।

### मैदान में बैठक एवं तैयारी की समीक्षा

कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ मैदान में ही बैठक आयोजित कर पंडाल, मंच, विद्युत, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था, मीडियाकर्मियों के लिए स्थान, पार्किंग व्यवस्था तथा आम जनता की बैठने की सुविधा की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही, लोक निर्माण विभाग को सड़कों की मरम्मत, रंग-रोगन और सजावट के कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। नगर पालिका को मैदान की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, और शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की व्यवस्था स्थल पर रखने के निर्देश दिए गए।

### कलेक्टरेट में विस्तृत समीक्षा बैठक

इसके पश्चात कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टरेट स्थित दिशा सभाकक्ष में सभी जिला अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन कार्यक्रम के विस्तृत प्रोटोकॉल और अधिकारियों की जिम्मेदारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्वागत, मंच संचालन, सुरक्षा, मीडिया समन्वय और नागरिक सुविधा से जुड़ी हर व्यवस्था पूर्व निर्धारित समय से पहले पूर्ण होनी चाहिए। सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों के प्रति सजग रहें और समन्वय बनाकर कार्य करें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि यह अवसर जिले के लिए गौरवपूर्ण है, इसलिए तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को टीम बनाकर कार्य की मॉनिटरिंग करने और दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रवास के दौरान जिले में कई विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा। इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जलप्रदाय और ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। साथ ही, मुख्यमंत्री जनता को संबोधित करेंगे और जिले के विकास हेतु नई योजनाओं की घोषणाएँ भी कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री का 9 को बेमेतरा में आगमन

## विधायक दीपेश साहू ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**बेमेतरा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी 9 अक्टूबर को बेमेतरा नगर में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के आगमन को लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं। इसी क्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने आज कार्यक्रम स्थल बेसिक स्कूल मैदान पहुँचकर तैयारियों का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान विधायक साहू ने अधिकारियों के साथ मुख्य मंच निर्माण, हितग्राही दीर्घा, पत्रकार दीर्घा, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, बैरिकेटिंग, वीआईपी बैठक और विभागीय स्टॉल की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक और भव्य स्वरूप में आयोजित किया जाए, ताकि मुख्यमंत्री के आगमन का अनुभव जनसामान्य के लिए अविस्मरणीय बने।

विधायक दीपेश साहू ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के मार्गदर्शन में जिले में जनकल्याण और विकास कार्यों की गति तेज हुई है। यह कार्यक्रम बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में विकास की एक नई दिशा तय करेगा। सभी नागरिकों से आग्रह है कि इस ऐतिहासिक अवसर में उत्साहपूर्वक भाग लें।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में पूर्ण हुए विकास कार्यों का लोकार्पण एवं नवीन कार्यों का भूमिपूजन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय कार्यक्रम स्थल पर हितग्राहियों से सीधे संवाद कर योजनाओं के प्रभाव का अनुभव भी साझा करेंगे।

पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा शहर मण्डल अध्यक्ष युगल देवांगन वरिष्ठ भाजपा नेता हर्षवर्धन तिवारी महेश साहू डॉ नरेश साहू राजीव तम्बोली सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ।

# महिला इकाई का दीपावली मिलन

## मातृ शक्तियों का सम्मान समारोह आयोजित

**बेमेतरा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। बेमेतरा के सफायर रेस्टोरेंट मे 2ड्ढद्ध महिला इकाई बेमेतरा द्वारा दीपावली मिलन, एवं उन मातृ शक्तियों का सम्मान किया गया जिन्होंने समाज, परिवार, एवं हमारे संगठन के लिए उत्कृष्ठ कार्य किया है द्य जिसमे 2ड्ढद्ध जिला बेमेतरा की अध्यक्षा कनकलता मिश्रा द्वारा मंच संचालन किया गया द्य सभी सदस्यों को दीपावली का आकर्षक गिफ्ट दिया गया साथ ही करुणा तिवारी, वर्षा गौतम, संतोषी तिवारी, आशा तिवारी, रानू दुबे, मंजू शर्मा, को उत्कृष्ठ कार्य के लिए प्रसस्ती पत्र एवं मेडल पहनाकर मनीषा शर्मा, सारिका शर्मा,एवं शशि किरण द्वारा सम्मानित किया गया द्य मनोरंजक गेम एवं लजीज नास्ते के साथ आगे ऐसे ही नेक कार्य करने का संकल्प लेकर कार्यक्रम का समापन किया गया द्य कार्यक्रम मे विशेष रूप से कनकलता मिश्रा, रिंकी पांडे, आशा तिवारी, पूजा मिश्रा, विनीता मिश्रा, अन्नू पांडे, वर्षा गौतम, अंजना तिवारी, संतोषी तिवारी, नीलिमा तिवारी, मंजू शर्मा, करुणा तिवारी, मनीषा शर्मा, रानू दुबे, इला तिवारी, सारिका शर्मा, मनीषा ( नेवनारा ) शशि किरण तिवारी, शशि शर्मा उपस्थित रहीं कार्यक्रम का समापन रानू दुबे द्वारा आभार प्रदर्शन से सम्पन्न हुआ।



# बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के विरोध में युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन कर चलाया हस्ताक्षर अभियान

**बालोद,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में बिजली के बढ़े दामों और बिजली बिल हाफयोजना बंद किए जाने के विरोध में बुधवारी बाजार में हस्ताक्षर अभियान चलाया। बिजली बिल बढ़ोतरी के विरोध में युवा कांग्रेस ने यह प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी अमित सिंह पठानिया एवं सह प्रभारी डॉक्टर मोनिका मंडारे जिला अध्यक्ष प्रशांत बाला बोकड़े के निर्देशानुसार बालोद के बुधवारी बाजार, नया पारा में सैकड़ों युवा सड़क पर उतरकर छत्तीसगढ़ में बिजली के बढ़े दामों और बिजली बिल हाफयोजना बंद किए जाने के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान नुक्कड़ सभा आयोजित कर सरकार के कदम का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। बिजली चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए। पार्षद सतीश यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि साय सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं है। इसलिए जनता को परेशान किया जा रहा है। वहीं उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि मनमानी कर बढ़ाए गए बिजली दर को यदि वापस नहीं लिया जाता तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में बालोद विधानसभा के अध्यक्ष संदीप साहू, जिला प्रशासनिक महामंत्री आदित्य दुबे, उपाध्यक्ष दीपक सानू पाल, देवेंद्र साहू, दिनेश्वर साहू, शहर उपाध्यक्ष फैज अली, अजहर तिगाला, कान्हा, धीरज यादव, पार्षद चंद्रहास साहू, सहित समस्त युवा साथी उपस्थित थे।



# धमतरी व बालोद जिले के सरहद में मंडरा रहा हाथी, फसलों को पहुंचा रहा नुकसान

**बालोद,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीते कुछ दिनों से एक हाथी लगातार कभी बालोद तो कभी धमतरी जिले में बार.बार दस्तक दे रहा है। जिससे वन विभाग ही नहीं किसान भी परेशान है। फसलों को रौंदते हुए यह हाथी चल रहा है। जिससे लोगों में भी दशहत का माहौल बना हुआ है। जहां दो दिन तक यह हाथी बालोद जिले के गुरुर ब्लॉक के सुदूर वनांचल के गांव के जंगलों और बस्ती तक में घूमता रहा तो रविवार की शाम तक यह धमतरी जिले की सीमा में दाखिल हो गया। बोरिदकला, गुरुर ब्लॉक से अंगार मोती धमतरी जिला जाने वाले मार्ग की ओर चला गया। इसे देखते हुए वन विभाग ने लोगों को सचेत किया है।



# सैकड़ों गरीब परिवारों में दैनिक उपयोग की सामग्री वितरण का कार्यक्रम संपन्न

**थानखम्हरिया,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री योग वेदांत सेवा समिति, बेमेतरा के तत्वावधान में आज शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर संत श्री आशारामजी बापू आश्रम, बेमेतरा (छ.ग.) परिसर में दीपावली पर्व के निमित्त सेवा एवं सद्भावना का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों गरीब एवं दरिद्र नारायण परिवारों को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्रियाँ — जैसे कि खाद्य सामग्री, वस्त्र, कंबल, तेल, साबुन, दीपक, बत्ती, साड़ी, शर्ट, कैलेंडर, चप्पल, बाल्टी, मिठाई एवं नगद दक्षिणा आदि — वितरित की गईं।

इस अवसर पर श्री योग वेदांत सेवा समिति बेमेतरा के अध्यक्ष श्री विश्राम साहू जी ने बताया कि पूज्य बापूजी की पावन प्रेरणा से देश-विदेश में स्थित 450 आश्रमों एवं 1250 समितियों द्वारा प्रत्येक वर्ष दीपावली जैसे पावन पर्वों एवं सर्दियों के मौसम में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए सेवा एवं भंडारा कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इसी कड़ी में बेमेतरा समिति द्वारा लगातार तीसरे वर्ष यह सेवा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

समाज के जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना ही सच्चे अर्थों में 'सेवा परमो धर्मः' का पालन है — यही समिति का ध्येय वाक्य है।

कार्यक्रम में श्री योग वेदांत सेवा समिति बेरला, थानखम्हरिया, साजा, नवागढ़ एवं बेमेतरा की उपसमितियों से जुड़े पदाधिकारी एवं सेवाधारी भाई-बहन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इनमें श्री भगवती साहू (उपाध्यक्ष), श्री जगत साहू, श्री संजय साहू, श्री भोजराम साहू, धारेन्द्र साहू, सिध्दांत चौहान, राजा देवांगन, श्री जनक साहू सहित सैकड़ों सेवाधारी एवं साधक परिवारों ने सहभागिता की।

### शरद पूर्णिमा विशेष कार्यक्रम

आज बेमेतरा आश्रम में शरद पूर्णिमा के अवसर पर रात्रि जागरण का आयोजन किया गया है। इस दौरान चंद्रमा की चांदनी में रखी गई खीर प्रसादी का वितरण किया जाएगा। साथ ही दमे (अस्थमा) के रोगियों के लिए विशेष निःशुल्क औषधि वितरण भी किया जाएगा।

# बिजली बिल बढ़े तो मत पूछो सवाल, सबका निवारण सोलर पैनल: विद्युत विभाग

**थानखम्हरिया,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत थानखम्हरिया में विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु महाराणा प्रताप भवन में विद्युत समस्या एवं निवारण शिविर का आयोजन किया गया। किंतु पूर्व सूचना के अभाव में यह शिविर खुद उपभोक्ताओं के लिए नई समस्या बनकर रह गया।

शिविर की जानकारी अधिकांश लोगों को नहीं मिल पाई, परिणामस्वरूप सिर्फ 10-12 उपभोक्ता ही स्थल तक पहुंचे, और वे भी अपनी शिकायतों का समाधान पाए बिना निराश होकर लौट गए। विद्युत विभाग ने 03 अक्टूबर को अखबार में शिविर की सूचना प्रकाशित की थी, परंतु उस दिन शिविर आयोजित ही नहीं हुआ। 03 अक्टूबर को उपभोक्ता अरुण साहू, अमित साहू, प्रमोद साहू, छन्नूराम, गोपाल वर्मा, त्रिलोक सिंह, केदार वर्मा, संतोष टंडन, ओमप्रकाश लहरे, अनुज साहू सहित कई लोग बिजली कार्यालय पहुंचे लेकिन शिविर के न होने से वापस लौटना पड़ा।

वास्तविक शिविर 06 अक्टूबर को लगाया गया, जिसकी सूचना न तो अखबारों में थी, न सार्वजनिक रूप से प्रसारित की गई। केवल उन्हीं को जानकारी थी जिन्होंने अधिकारियों के व्हाट्सऐप स्टेटस देखे!

इस भ्रम की स्थिति में पूरे दिन शिविर स्थल की कुर्सियाँ खाली रहीं।

**समाधान 'सोलर पैनल' ही एकमात्र रट-अधिकारी**

शिविर में पहुंचे उपभोक्ता बिजली बिल की अत्यधिक वृद्धि जैसी गंभीर शिकायतें लेकर आए थे, किंतु अधिकारियों ने अधिकांश समय सोलर पैनल योजना के प्रचार में व्यतीत किया।



स्थानीय उपभोक्ता सपना बाई, नर्मदा बाई, खेमिन बाई, डेलिया बाई, प्रमोद साहू, छन्नूराम साहू आदि ने बताया कि वे अपने बिजली बिल सुधार की उम्मीद से आए थे, परंतु अधिकारियों ने सिर्फ सोलर लगवाने की सलाह दी।

उपभोक्ताओं ने नाराजगी जताते हुए कहा 'यह शिविर समस्या समाधान का नहीं, सोलर विज्ञापन का था!'

### ये कैसी आत्मनिर्भरता?

स्थानीय उपभोक्ता कुंवर सिंह टंडन ने बताया कि पहले उनका मासिक बिल 100-150 आता था, जो अब ?1000 से अधिक हो गया है। भूपेंद्र नारंग सहित अन्य उपभोक्ताओं ने भी यही शिकायत दोहराई।

जनता ने आरोप लगाया कि सरकार अब 'बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य' जैसी मूलभूत जरूरतों से जनता को मुक्त कर 'आत्मनिर्भरता' का पाठ पढ़ा रही है।

उनका कहना था 'जब छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर है, तो जनता को गुलाम जैसा बिल क्यों दिया जा रहा है?'

# जिले में व्यापक जनसमर्थन के साथ हिंद सेना का महाआदोलन आज

**बालोद,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज जिले में होने वाले हिंद सेना के महाआंदोलन को लगातार व्यापक जनसमर्थन मिलता जा रहा है। शिक्षित बेरोजगारों के शोषण और महिला एवं बाल विकास विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ किए जा रहे इस आंदोलन को अब ओबीसी महासभा, आम आदमी पार्टी के साथ.साथ विभाग के अभ्यर्थी संघर्ष वीर राकेश जोशी का भी समर्थन प्राप्त हुआ है। ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष यज्ञ देव पटेल ने प्रदेश संयोजक तरुण नाथ योगी को पत्र जारी कर संगठन की ओर से तन, मन और धन से सहयोग देने का आश्वासन दिया है। महासभा ने पत्र में कहा है कि बालोद जिले में संविदा भर्ती एवं शासकीय नियुक्तियों में लगातार अनियमितताएं और लापरवाहियां सामने आ रही हैं जिससे शिक्षित युवाओं में भारी आक्रोश है। महासभा ने इसे जन.कल्याणकारी आंदोलन बताते हुए कहा कि युवाओं और बेरोजगारों के अधिकार की लड़ाई में हिंद सेना के साथ खड़ा रहना संगठन का कर्तव्य है। वहीं आम आदमी पार्टी बालोद ने भी हिंद सेना के आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। पार्टी के जिला अध्यक्ष बालक सिंह साहू ने जारी पत्र में कहा कि प्रदेशभर में शिक्षित युवाओं के साथ हो रहे अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ हिंद सेना द्वारा उठाया गया कदम जनता की आवाज़ है। पार्टी ने इसे भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफनिर्णायक संघर्ष बताते हुए कहा कि इससे शासन.प्रशासन को युवाओं के हित में ठोस निर्णय लेने का संदेश मिलेगा। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के हिंद सेना के आंदोलन को समर्थन देते हुए युवाओं से एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की है। उन्होंने कहा ष्साथ संघर्ष वीर जो अपने हक की लड़ाई के लिए आगे आए हैं। उन्होंने सही दिशा में कदम बढ़ाया है। अब नहीं जागे तो कभी नहीं जागेंगे। इसलिए बालोद जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को एकजुट होकर हल्ला बोलना होगा और अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करनी होगी। ओबीसी महासभा आम आदमी पार्टी और राकेश जोशी जैसे अभ्यर्थियों के समर्थन से अब हिंद सेना का यह आंदोलन और शक्तिशाली एवं व्यापक जनआंदोलन बनने की ओर अग्रसर है। चर्चा है कि आज बालोद में होने वाला यह महाआंदोलन जिले के इतिहास में भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफएक सशक्त जनघोषणा साबित हो सकता है। वहीं दूसरी ओर पाटेश्वर धाम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन भी हो रहा है ऐसे में ये आंदोलन कई मायनों में चर्चा का विषय बना हुआ है। जिला और पुलिस प्रशासन की नजर भी इस आंदोलन पर है।



# ओडिशा फॉरेस्ट रेंजर्स कॉलेज, अंगुल के प्रशिक्षुओं का अध्ययन भ्रमण

**कवर्धा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। ओडिशा फॉरेस्ट रेंजर्स कॉलेज, अंगुल के 40 प्रशिक्षु वन परिक्षेत्राधिकारी अमूल्य कुमार परिडा के नेतृत्व में आज अध्ययन भ्रमण के अंतर्गत वनमंडल कवर्धा के बोड़ला स्थित शहद प्रसंस्करण केंद्र पहुंचे।

इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल, उपवनमंडलाधिकारी अभिनव केसरवानी, तथा वन परिक्षेत्राधिकारी आकाश यादव, गजेंद्र कुमार एवं विक्रांत सिंह कंवर द्वारा प्रशिक्षुओं को शहद प्रसंस्करण की तकनीक, उत्पादन से विपणन तक की प्रक्रिया, तथा वन्यजीव गलियारे के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।




अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शहद प्रसंस्करण केंद्र न केवल स्थानीय समुदायों को आजीविका के नए अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि वन्यजीव संरक्षण, स्थानीय जैव विविधता के संवर्धन, एवं सतत वन प्रबंधन के भी सशक्त माध्यम हैं।

प्रशिक्षुओं ने केंद्र की कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए स्थानीय वन उत्पादों के मूल्य संवर्धन की संभावनाओं को समझा तथा वन विभाग की आजीविका आधारित पहल की सराहना की।

# भावना बोहरा ने पांडातराई में किया नए उप तहसील भवन का शुभारंभ

**कवर्धा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनता की सेवा, सुविधा और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए तत्परता से कार्य करते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से पांडातराई नगर की जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई। विधायक भावना बोहरा ने पांडातराई हाई स्कूल मैदान के पास नए उप तहसील भवन का शुभारंभ कर जनता की सेवा में समर्पित किया। इस सौगात के लिए विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का आभार व्यक्त किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस सौगात से अब नगर व आस-पास के क्षेत्र में निवासरत परिवारों को भू-राजस्व एवं विभिन्न आवश्यक कार्यों के लिए अब दूर-दराज नहीं जाना होगा उनके गाँव के समीप ही अब उनकी इन सभी समस्याओं के समाधान की सुविधा उन्हें मिलेगी।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि उप तहसील की स्थापना हमारे क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर है। यह एक ऐसा केंद्र है जो प्रशासन को जनता के और करीब लाता है। पहले, छोटे-छोटे प्रशासनिक कार्यों, जैसे जमीन के दस्तावेज, रजिस्ट्री, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, या अन्य सरकारी सेवाओं के लिए, हमारे क्षेत्रवासियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। इससे समय, धन, और ऊर्जा की बर्बादी होती थी। लेकिन अब, इस उप तहसील के खुलने से ये सभी सेवाएँ आपके अपने क्षेत्र में, आपके द्वार पर उपलब्ध होंगी। यह हमारे क्षेत्र के विकास, सुशासन, और जनता की सुविधा के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में निरंतर जनता की सुविधाओं और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता के साथ कार्य किया जा रहा है। विशेष रूप से हमारी बहनें और बुजुर्ग, जो लंबी यात्रा करने में असमर्थ होते हैं, अब आसानी से अपनी जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। उप तहसील के खुलने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इस उप तहसील की स्थापना से यहाँ कार्यरत कर्मचारी, नगर के छोटे व्यवसाय एवं व्यापारियों और स्थानीय बाजार को भी प्रोत्साहन मिलेगा।





उन्होंने आगे कहा कि यह उप तहसील केवल एक कार्यालय नहीं है, बल्कि यह सरकार और जनता के बीच एक सेतु है। यहाँ न केवल प्रशासनिक सेवाएँ मिलेंगी, बल्कि जनता की समस्याओं, शिकायतों, और सुझावों को भी सुना जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि यह उप तहसील एक ऐसी जगह बने, जहाँ हर व्यक्ति को सम्मान, सुविधा, और समाधान मिले। हमारी सरकार और प्रशासन का संकल्प है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। इस उप तहसील की स्थापना उसी दिशा में एक कदम है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यहाँ कार्यरत कर्मचारी जनता की सेवा में तत्पर रहें और आपकी हर समस्या का समाधान त्वरित और प्रभावी ढंग से हो। यह उप तहसील न केवल प्रशासनिक सुविधाओं का केंद्र बनेगा, बल्कि यह हमारे क्षेत्र की प्रगति, समृद्धि, और एकजुटता का प्रतीक भी बनेगा।

भावना बोहरा ने कहा कि इसकी स्थापना से सबसे ज्यादा किसानों को लाभ मिलेगा इसके साथ ही खसरा, खतौनी और नक्शा, जमीन का बँटवारा, नामांतरण, जमाबंदी लगान और राजस्व वसूली, ऋण मुक्ति प्रमाण पत्र, स्थानीय स्तर पर लोगों की शिकायतों का समाधान, जैसे भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं में समस्याएँ, या अन्य प्रशासनिक कार्यों का सुचारू रूप से समाधान सुनिश्चित होगा। यह जनता की समस्याओं को त्वरित और स्थानीय स्तर पर हल करने में मदद करता है, जिससे प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। आधुनिक तकनीक और डिजिटल सेवाओं के उपयोग से कार्य तेजी से और पारदर्शी ढंग से होते हैं, जिससे भ्रष्टाचार की संभावना कम होती है।

इस अवसर पर नगर पंचायत पांडातराई की अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, समस्त पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# डीपीएस में सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का डॉ रमन ने किया शुभारंभ

- सैनिक कैडेटों की मशाल रैली और रंग-बिरंगे बैलून से गूंज उठा परिसर
- 63 टीमों की भागीदारी,भारत के साथ दुबई, कुवैत, मस्कट और ओमान की टीमें भी शामिल




**राजनांदगांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। 6 अक्टूब को दिल्ली पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव में सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय और जोशपूर्ण वातावरण में हुआ। विद्यालय परिसर देशभक्ति, उत्साह और खेल भावना से सराबोर दिखाई दिया।उद्घाटन समारोह का प्रारंभ सैनिक कैडेटों की ऊर्जावान मशाल रैली से हुआ, जिसके साथ आसमान में उड़ते रंग-बिरंगे बैलून ने पूरे परिसर को प्रेरणा और उमंग से भर दिया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुल 63 टीमों ने हिस्सा लिया है, जिनमें भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ दुबई, कुवैत, मस्कट और ओमान की अंतरराष्ट्रीय टीमें भी शामिल हैं।मुख्य अतिथि, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा डीपीएस के छात्र अब न केवल राष्ट्रीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। खेल न केवल शारीरिक दक्षता का प्रतीक है, बल्कि यह अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास का भी परिचायक है।ज्विद्यालय के चेयरमैन सौरभ कोठारी ने शिक्षा और खेल के संतुलन को आज के युग की आवश्यकता बताया।

राजेश्वर राव कालवा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बीच राष्ट्रीय एकता और वैश्विक मित्रता को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को रणनीति, एकाग्रता और खेल भावना के मूल तत्वों पर प्रेरक मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

विद्यालय की प्राचार्या ने आयोजन की रूपरेखा, नियमावली और सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी साझा करते हुए सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया।

आयोजन का उद्देश्य और महत्व??

यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देता है, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व जैसे मूल्यों को भी सशक्त बनाता है।

डीपीएस राजनांदगांव ने इस राष्ट्रीय आयोजन के माध्यम से शिक्षा और खेल — दोनों ही क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान को और सुदृढ़ किया है। आने वाले दिनों में होने वाले रोमांचक मुकाबले निश्चित रूप से खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए उत्साह और प्रेरणा का स्रोत बनेंगे।

# जिला वन कर्मचारी संघ की इकाई का गठन, मनीष यादव बने अध्यक्ष



**डोंगरगढ,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला वन कर्मचारी संघ राजनांदगांव की आवश्यक बैठक अछोली डिपो डोंगरगढ़ में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की एकता एवं मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान डोंगरगढ़ इकाई का गठन किया गया, जिसमें मनीष यादव को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर जिला वन कर्मचारी संघ राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष डोमन साहू, उपाध्यक्ष दामोदर कोसरकर, जिला सचिव देवेंद्र सलामे, जिला महामंत्री अविनाश साहू, जिला प्रवक्ता पंकज निर्मलकर तथा जिला कार्यकारिणी सदस्य संजय जायसवाल, भिजेश्वर चनाप, रविकुमार परसाई उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न ब्लॉकों से पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। खुज्जी ब्लॉक से सचिव नेमचंद ठाकुर और कोषाध्यक्ष कमलेश चंद्रवंशी बाघनदी ब्लॉक अध्यक्ष हरेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे। डोंगरगढ़ ब्लॉक की नई कार्यकारिणी अध्यक्ष मनीष यादव, उपाध्यक्ष मासूम बॉम्बर्डे, गायत्री वर्मा, सचिव नंदकिशोर गोआर्य, कोषाध्यक्ष सीमा सेन, महामंत्री फगवा राम, सदस्य नीतीश सिंह, रवि कंवर, रामेश्वर साहू, सुरेश यादव, देवदत्त शर्मा को बनाया गया है। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु सामूहिक प्रयास करने का निर्णय लिया गया।

## गौतम पारख जीवनदीप समिति में सदस्य नामांकित हुए

राजनांदगांव, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला चिकित्सालय में नवगठित जीवनदीप समिति में 7 सदस्यों की नियुक्ति के बाद आठवें सदस्य का चयन प्रभारी मंत्री की अनुशंसा के बाद जिला कलेक्टर द्वारा पत्र जारी कर उन्हें साधारण सभा के सदस्य के रूप में नामांकित किया गया।



विदित हो शहर के गणमान्य सामाजिक संस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाने वाले गौतम पारख लंबे समय से जिला चिकित्सालय में सेवा के रूप में अपना योगदान देते रहे है और एक लेखक के रूप में भी जाने जाते है।उनके जीव मात्र के दया से सम्बन्धित ओत प्रोत लेख और उनका प्रखर चिंतन कई बार समाचार पत्रों में प्रकाशित होता रहा है। देवानंद जैन स्कूल और समता मंच के माध्यम से समाज सेवा करने वाले गौतम पारख की इस मनोनयन से शहर के गणमान्य लोगों ने स्वागत किया है।

# डंगोरा डेम के जंगलों में युवाओं ने किया नेचर अवेयरनेस ट्रेक, पर्यावरण संरक्षण की दी प्रेरणा

**डोंगरगढ,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रकृति संरक्षण और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एकोवेरा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशन में एक विशेष च्इको-अवेयरनेस ट्रेकज्ज का आयोजन डंगोरा डैम क्षेत्र में किया गया। यह डैम डोंगरगढ़ से लगभग 18 किलोमीटर दूर मैकाल पर्वत श्रृंखला के समीप स्थित है और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है। इस अवसर पर एकोवेरा इंडिया के निदेशक प्रमेश विजयवार ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करना है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यावरण पर्यटन, साहसिक गतिविधियों और ग्रामीण सहभागिता के माध्यम से टिकाऊ विकास की असीम संभावनाएँ हैं। ट्रेक के दौरान प्रतिभागियों ने लगभग 5 किलोमीटर की कठिन चढ़ाई तय कर पहाड़ी की चोटी तक पहुँचे और वहीं रात्रि कैंपिंग की। रात्रि में




कैम्प फायर, स्वच्छता अभियान और नेचर अवेयरनेस सेशन आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने च्प्लास्टिक मुक्त प्रकृतिज्ज और च्स्वच्छ भारतङ्कहरित भारतज्ज का संदेश दिया। सुबह के समय डेम और पर्वत श्रृंखला के ऊपर से उगते सूर्य का मनमोहक दृश्य सभी प्रतिभागियों के लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा। प्रमेश विजयवार ने कहा कि प्रकृति की रक्षा केवल सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। ऐसे अभियानों से युवाओं में जागरूकता और नेतृत्व क्षमता दोनों विकसित होती हैं। इस आयोजन में स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वन विभाग का विशेष सहयोग भी प्राप्त हुआ, जिसके लिए टीम ने उनका धन्यवाद किया। प्रतिभागियों ने प्रशासन से आग्रह किया कि डंगोरा डैम क्षेत्र को इको-टूरिज्म, एडवेंचर और पर्यावरण शिक्षा के संयुक्त मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। ऐसे प्रयास न केवल प्रकृति के संरक्षण में सहायक होंगे बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोज़गार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर भी पैदा करेंगे। इस अभियान की सफलता में चेमन भंडारी, देवा धनविजय , प्रदीप साहू, सतेंद्र रामटेके, रविन्द्र सिन्हा, ताम्रध्वज सिन्हा, छवि साहू, अयान और चोंटू का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने मिलकर कार्यक्रम को एक प्रेरणादायक रूप दिया। अभियान के अंत में सभी ने यह संकल्प लिया हम प्रकृति के साथ समरस होकर जीने, उसकी सुरक्षा और स्वच्छता बनाए रखने, और अपने समुदाय व युवाओं को इसके प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

## जिले के नवपदस्थ कलेक्टर ने किया कार्यभार ग्रहण

**राजनांदगांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के नवपदस्थ कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज अपरान्ह कलेक्टोरेट पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। निवर्तमान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने नवपदस्थ कलेक्टर जितेन्द्र यादव को कार्यभार सौपा।



उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जितेन्द्र यादव वर्ष 2019 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। कलेक्टर ने जिले में चल रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में चर्चा की। इस दौरान अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव, एसडीएम राजनांदगांव गौतम चंद पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बच्चों के हाथों हुआ पुस्तक विमोचन ध्यान मिडब्रेन घर में कैसे करें



**कवर्धा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, अगरीकला संकुल, दशरंगपुर, विकासखंड कवर्धा, जिला कबीरधाम में शिक्षा और ध्यान को जोड़ने वाली एक अनूठी पहल देखने को मिली। यहाँ शिक्षिका और शोधार्थी विधि तिवारी की पुस्तक च्ध्यान मिडब्रेन घर में कैसे करें एवं शिक्षा से जुड़ी अद्भुत विधिज्ज का विमोचन बच्चों के हाथों संपन्न हुआ।

इस विमोचन की सबसे विशेष बात यह रही कि जिस पुस्तक का लेखन मुख्य रूप से बच्चों के हित में किया गया है, उसी पुस्तक का विमोचन भी बच्चों द्वारा किया गया। विधि तिवारी का मानना है कि च्बच्चों को सम्मान देना सबसे बड़ा कार्य है और बच्चों से बड़ा कोई स्टार नहीं हो सकता। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने मिलकर इस नई सोच का स्वागत किया। विमोचन के पश्चात प्रीति-भोज का आयोजन किया गया और पूरे स्टाफ ने लेखिका को बधाई दी।

### पुस्तक की विशेषताएँ

इस पुस्तक में ध्यान और मिडब्रेन एक्टिवेशन की तकनीकों को घर पर ही बच्चों और बड़ों द्वारा करने योग्य सरल विधियों के साथ प्रस्तुत किया गया है। ध्यान को केवल योग या पाठ्यक्रम का हिस्सा न मानकर, उसे गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के जीवन में उतारने की नई दिशा दी गई है। इसमें एआई को भी ध्यान और शिक्षा के साथ जोड़ने की नवीन पहल की गई है। विधि तिवारी शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अगरीकला कला जिला कबीरधाम ने अब तक 8 राज्यों/क्षेत्रों में शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं, जिनमें 4 राज्यों में उनके शोध पत्र प्रकाशित भी हो चुके हैं। उन्होंने बहुत सारे विद्यालयों में मिडब्रेन एक्टिवेशन को एक प्रोजेक्ट की तरह शुरू कर इसके सकारात्मक परिणाम भी देखे। बातचीत में विधि तिवारी ने बताया कई वर्षों से बहुत से शिक्षक मुझसे आग्रह कर रहे थे कि मेरी प्रशिक्षण विधि और ध्यान की प्रक्रियाएँ केवल कार्यशालाओं तक सीमित न रहें। उनके सुझाव और मांग को ध्यान में रखते हुए ही मैंने इसे पुस्तक का रूप दिया, ताकि यह विधि न केवल बच्चों तक बल्कि हर शिक्षक और अभिभावक तक पहुँच सके।

विधि तिवारी का प्रयास है कि इस पुस्तक के माध्यम से ध्यान और मिडब्रेन एक्टिवेशन की तकनीकें जिले से शुरू होकर पूरे राज्य और फिर राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचे। उनका मानना है कि राज्य सरकार अगर इस पहल को अपनाती है तो शिक्षा और बच्चों के मानसिक विकास में क्रांतिकारी बदलाव आ सकता है।

## राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा का चौथा राष्ट्रीय महाधिवेशन नागपुर में सम्पन्न

### एसटी,एससी ओबीसी एवं अल्पसंख्यक समुदायों को एकजुटता का संदेश



**खैरागढ़,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। विगत दिनों राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा का चौथा राष्ट्रीय महाधिवेशन भव्य रूप से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल कन्वेंशन हॉल, नागपुर में संपन्न हुआ। यह अधिवेशन विशेष रूप से एससी एसटी, ओबीसी और माइनॉरिटी समुदायों की सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक जागरूकता एवं एकता को समर्पित रहा। महाधिवेशन की अध्यक्षता वामन मेश्राम ने की, जिनका उद्बोधन कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सभी मूलनिवासी समुदायों को विशेषकर एससी, एसटी ओबीसी और माइनॉरिटी वर्ग को एकजुट होकर अधिकारों की रक्षा करने और संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक ये वर्ग एकजुट नहीं होंगे, तब तक सामाजिक न्याय और समानता का सपना अधूरा रहेगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में जिला खैरागढ़ से भी राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा के पदाधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से अल्ताफ अली जिला अध्यक्ष सादिक मेमन जिला महासचिव

इदरीश खान, रियाज़ खान, इमरानुद्दीन रिज़वी, मैनुद्दीन शेख, ईशाक खान, रशीद खान, गज़ाला खान सहित अन्य सभी प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी ने खैरागढ़ जिले को अधिवेशन में प्रभावशाली उपस्थिति दी।

# निष्ठावान, समर्पित नेतृत्व चयन ही संगठन सृजन का मूल उद्देश्य : सपरा

**राजनांदगांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर अध्यक्ष चयन के प्रभारी मुंबई कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह सपरा ने स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता में कहा कि गुजरात के अहमदाबाद के कांग्रेस राष्ट्रीय अधिवेशन में जो प्रस्ताव लिया गया है कि कांग्रेस ने वर्ष 2025 को च्संगठन सशक्तीकरण वर्षज्ज घोषित किया है।




- जिला कांग्रेस होगा और अधिकार सपन्न

विस्तार की प्रतिबद्धता वअधिवेशन प्रस्ताव में कहा गया है कि कांग्रेस संगठन की च्शक्तियों, क्षमताओं और योग्यताज्ज का विस्तार सुनिश्चित करेगी ताकि च्न्याय-पथज्ज की लड़ाई को मजबूत बनाया जा सके।

श्री सपरा ने कहा कि सिर्फ शीर्ष नेतृत्व नहीं, बल्कि पार्टी की निचली इकाइयों (जिला, तहसील, बूथ स्तर) को सक्रिय बनाने की ज़रूरत है ताकि वह ज़मीनी स्तर पर जनता से जुड़े और निर्णय प्रक्रिया में भाग लें।

कार्यकर्ताओं को च्जन आंदोलनोंज्ज के रूप में जोड़ना है — यानी पार्टी को सिर्फ चुनावी दल महज न रह कर जनता-आधारित संगठन बनाना है।

संवाद, जवाबदेही और नेतृत्व परिवर्तन

प्रस्ताव में कहा गया है कि नेतृत्व को अधिक उत्तरदायी बनाना है, निर्णयों में पारदर्शिता लानी है, और संवाद के नए पथ बनाने होंगे — ताकि संगठन का हर स्तर सशक्त हो। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर अध्यक्ष चयन हेतु मुंबई कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह सपरा राजनादगांव से संगठन सृजन का आगाज कर प्रेसवार्ता में कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा इस वर्ष को संगठन वर्ष घोषित किया गया है और संगठन वर्ष घोषित करने के साथ अनेक प्रोग्राम चल रहे हैं जिसके तहत संगठन सृजन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में हो रहा है संगठन सृजन के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी को और मजबूत बनाने के साथ-साथ जिला कांग्रेस कमेटी का नेतृत्व एक सच्चे, अच्छे, एवं निष्ठावान व्यक्तित्व को देकर पार्टी को मजबूती प्रदान करना है बूथ , सेक्टर, जोन तक कांग्रेस को और मजबूत करने के लिए कार्य प्रारंभ है नेतृत्व चयन में कार्यों का मूल्यांकन कर डीसीसी को और अधिकार संपन्न भी बनाना है और सीधे जनता से जुड़ाव के साथ-साथ जिला कांग्रेस के पदाधिकारीयों को प्रशिक्षित करने का काम कांग्रेस पार्टी करेगी संगठन सृजन के माध्यम से कांग्रेस धरातल में पहुंचकर आम जनता एवं सामाजिक संगठनों के साथ चर्चा कर संगठन सृजन की मुहिम में है क्योंकि जिस प्रकार से आज भाजपा के ध्रुवीकरण नीति से देश में जातीय संघर्ष ,राजनीतिक द्वेष की कगार पर है संविधान खतरे में है संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग जग जाहिर है और अधिनायक को समाप्त करने की मूल मंशा के साथ कांग्रेस अपना राजनीतिक धर्म का निर्वहन करने कृत संकल्पित है संगठन सृजन के माध्यम से कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी के कार्यों का भी मूल्यांकन होगा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मूल भावना को ध्यान में रखते हुए संगठन सृजन के कार्यक्रम को संपादित किया जाना है ।

# बौद्ध समाज के प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से की भेंट

**डोंगरगढ,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। बौद्ध समाज के प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट कर विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की । नया रायपुर स्थित मेफेयर लेक रिज़ॉर्ट में प्रज्ञागिरी ट्रस्ट डोंगरगढ़ के अध्यक्ष पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ,भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भोजराज गौरखेड़े, छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े एवं डॉ आंबेडकर परिनिर्वाण भूमि सम्मान समिति नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव एवं बौद्ध समाज बिलासपुर के अध्यक्ष सारंग राव हुमने, डॉ.आंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के उपाध्यक्ष के.एन. कांडे सहित प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित छत्तीसगढ़ शासन के गृह मंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ में बौद्ध समाज एवं प्रमुख बौद्ध स्थलों की जानकारी प्रमुखता से दी। प्रज्ञागिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद खांडेकर ने 6 फरवरी 2026 को डोंगरगढ़ में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आमंत्रित करते हुए प्रज्ञागिरी डोंगरगढ़ में चल रहे निर्माण कार्यों को विस्तार से बताया एवं प्रज्ञागिरी पहाड़ी ऊपर परिसर तक जाने हेतु पहुंच मार्ग के लंबित प्रस्ताव को शीघ्र क्रियान्वित करने की मांग की। भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भोजराज गौरखेड़े ने छत्तीसगढ़ में निवासरत बौद्ध समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही दिक्कतों की जानकारी देते हुए प्रक्रिया का सरलीकरण करने एवं जाति प्रमाण पत्र के लिये मांगे जाने वाले वर्ष 1950 के दस्तावेज की बाध्यता को समाप्त कर , छत्तीसगढ़ राज्य गठन को आधार मानकर जाति प्रमाण पत्र जारी



करने की मांग की ।साथ ही नया रायपुर अटल नगर में बौद्ध समाज के लिए 5 एकड़ भूमि आबंटित करने की मांग की। भोजराज गौरखेड़े ने छत्तीसगढ़ शासन अन्तर्गत गठित होने वाले निगम,आयोग एवं प्राधिकरण में बौद्ध समाज के कम से कम 2 सदस्यों को अध्यक्ष/उपाध्यक्ष पद पर प्रतिनिधित्व प्रदान करने की मांग की। छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी को अटल नगर नया रायपुर में नवनिर्मित छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की आदमकद प्रतिमा लगाने संबंधी बौद्ध समाज की मांग से अवगत कराया। अनिल खोबरागड़े ने कोंडागांव जिला के भोंगापाल में स्थित पुरातात्विक महत्व के 6वीं शताब्दी में निर्मित विशाल बौद्ध प्रतिमा एवं बौद्ध चैत्यगृह का संरक्षण कर बुद्धिस्ट सर्किट से जोड़ने एवं इस क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप विकसित करने की मांग की। बौद्ध समाज बिलासपुर के अध्यक्ष एवं डॉ.आंबेडकर परिनिर्वाण भूमि सम्मान समिति नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव सारंग राव हुमने ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बौद्धगया महाबोधि महाविहार पूर्ण रूप से बौद्धों को सौंपते हुए बीटी एक्ट 1949 पूर्णतः रद्द किया जाए एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया जाए। डॉ.आंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के उपाध्यक्ष श्री के.एन.कांडे ने बुद्ध कालीन विरासत सिरपुर को केंद्र सरकार की प्रसाद योजना के अंतर्गत शामिल कर बुद्धिस्ट सर्किट से जोड़ते हुए सिरपुर को अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक पर्यटक स्थल के रूप में मान्यता दी जाए। इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने मेफेयर लेक रिज़ॉर्ट में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी से मुलाकात कर उपरोक्त मांगों से संबंधित ज्ञापन देते हुए बौद्ध समाज की मांगों के प्रति सकारात्मक सहयोग करने का निवेदन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अनिल गजभिए अध्यक्ष दलित पैंथर सेना, भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश सचिव शैलेश बड़गे, प्रज्ञा गिरी ट्रस्ट के सचिव शैलेंद्र डोंगरे, ट्रस्टी सुनील नागदेवे एवं विजय टेंभुरकर,अयस खांडेकर आदि उपस्थित थे।

CMYK

**उल्टा पुल्टा**

टीचर- विदेश में 15 साल के बच्चे अपने पैरों पर खड़े हो जाते हैं.

चिंटू- मास्टर, हमारे देश में तो एक साल का बच्चा भागने भी लगता है.

## संपादकीय

### गौरक्षा सुनिश्चित करे सरकार

कृषि प्रधान राज्य होने के नाते गोधन के मामले में छत्तीसगढ़ बेहद समृद्ध है परन्तु गौवंश की जो दुर्दशा हो रही है, वह देखी नहीं जाती। प्रदेश सरकार को उनके संवर्धन और सुरक्षा के ठोस कदम उठाने चाहिये क्योंकि भूख-प्यास से अथवा सड़कों पर वाहनों से कुचलकर वे मारी जा रही हैं। ऐसे मवेशियों की संख्या थोड़ी नहीं बल्कि बड़ी तादाद में है। राज्य के किसी भी इलाके में जाने के लिये यात्रा करने पर सड़कों पर वे वाहनों की ठोकरों से मारे गये या घायल हुए मवेशी दिखते हैं। इसे लेकर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने भी आवाज़ उठाई है जिसे यह कहकर नज़रंदाज़ नहीं करना चाहिये कि विरोधी दलों का काम ही गलतियां बतलाना है। राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गायों-बैलों तथा मवेशियों का बेहद महत्व है क्योंकि वे विविध तरीकों से खेती-किसानी और दुग्ध उत्पादों से अतिरिक्त आय अर्जित करने में किसानों व दूध उत्पादकों की सहायता करते हैं।

कांग्रेस ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर इस तरफ राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा लाई गयी गोठान योजना को फिर से लागू करने की मांग की। पार्टी नेताओं का दावा था कि छग के विभिन्न क्षेत्रों से 5 लाख से ज्यादा मवेशी गायब हैं। उनके अनुसार ढाई हजार से अधिक की मौत दुर्घटनाओं और भूख से हो गयी है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि उनकी सरकार के कार्यकाल में 10 हजार से अधिक गोठान प्रदेश में खोले गये थे जिनमें मवेशियों के लिये चारा-पानी तथा छांव का प्रबन्ध था। बाड़ों में घिरे इन गोठानों में गौधन पूर्णतः सुरक्षित हुआ करता था। उनकी देखरेख के लिये सरकार की ओर से राशि भी प्रदान की जाती थी। वर्तमान सरकार (भारतीय जनता पार्टी की) द्वारा गोठानों को बन्द कर दिये जाने से राज्य के गोधन में 40 प्रतिशत की कमी आने का दावा भी प्रेस कांफ्रेंस करने वाले नेताओं ने किया।

यदि यह आंकड़ा सही है, या उसके आसपास भी है तो बहुत चिंता का विषय है। सियासत को एक ओर रख दें तो भी यह बात सही है कि गोठान योजना ग्रामवासियों के लिये बेहद लाभदायक थी। मवेशी जिस प्रकार से खेतों तथा बाड़ियों में घुसकर तबाही मचाते हैं तथा वह विवाद का कारण बनता है, उसमें कमी आई थी। गायों, सांडों व बछिया-बछड़ों को खाने की तलाश में कचरे के ढेर में मुंह मारने या कूड़ा-कर्कट खाने की नौबत कम आती थी। इसी की तलाश में मवेशी रास्तों पर विचरण करते हैं या सड़कों पर बैठकर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। राज्य में कई बड़ी दुर्घटनाएं इस वजह से हो चुकी हैं जिनमें निरीह पशुओं की जान तो जाती ही है, वाहन चालक भी घायल हो रहे हैं और मारे जाते हैं। सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे।

# छग मरार पटेल समाज द्वारा समाज के वरिष्ठजनों का किया गया सम्मान

## मंदिर समिति शिवरीनारायण सभागार में हुआ प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह



**बलौदाबाजार**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मरार पटेल समाज द्वारा समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह राधा कृष्ण मंदिर शिवरीनारायण के सभागार में संपन्न हुआ। जहां मुख्य अतिथि के रूप में जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्रीमती कमलेश जांगडे उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ मरार पटेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पटेल ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल, पामगढ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश, बिलाईगढ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे, शाकम्भरी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार पटेल उपस्थित थें। जिनके हाथों प्रदेश के 9 राज के समाज सेवा में विशेष योगदान देने वाले समाजिक लोगों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों ने समाज के प्रदेश संगठन द्वारा वरिष्ठजनों का सम्मान करने की परम्परा की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित ही इस सम्मान से समाज के लोगों को समाज सेवा के साथ ही अनेक अन्य क्षेत्र में उत्साह के साथ काम करने हेतु प्रेरणा मिलेगी। अतिथियों ने यह भी कहा कि समाज उत्थान के लिए समाजिक एकता के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने की आवश्यकता है। जिससे समाजिक लोगों को आगे चलकर प्रशासनीक क्षेत्र के अलावा राजनीतिक क्षेत्र में भी नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा। अतिथियों ने समाज के लोगों को अपने व्यवसाय के माध्यम से सक्षम होने की भी आवश्यकता पर जोर दिया। आयोजन समिति की मांग पर अतिथियों ने शिवरीनारायण मंदिर सभागार को और सुसज्जित करने के लिए सहयोग करने का आश्वासन दिया। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पटेल ने अतिथियों द्वारा दिये गये योगदान एवं उपस्थिति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व. लतेल राम पटेल का सम्मान उनके सुपुत्र को दिया गया। इसी प्रकार पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. रामचंद पटेल, देवचरण पटेल, दुर्गा प्रसाद पटेल, प्रेमलाल पटेल के अलावा शाकम्भरी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार पटेल, राजनीति प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल को समाजहित के लिए किये गये कार्यो हेतु आयोजन समिति द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। वहीं छत्तीसगढ प्रदेश मरार पटेल समाज के 9 राज के अध्यक्ष क्रमशः रायगढ नुतन पटेल, शक्ति शोभा पटेल, जांजगीर चांपा प्रेमसागर पटेल, कोरबा उत्तम पटेल, लवन बलौदाबाजार डा. भागचंद पटेल, रायपुर मुन्नालाल पटेल, मुंगेली अनिल पटेल, बिलासपुर दिलहरण पटेल एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र पटेल का भी सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया।

उक्त सम्मान समारोह में विशेष रूप से उपस्थित बलौदाबाजार के वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल, डा. राधेश्याम पटेल, राजेन्द्र पटेल दुर्ग, भाटापारा के रघुनाथ प्रसाद पटेल, ग्राम बेन्द्री अभनपुर के रविसुदन पटेल, बसंत कुमार पटेल पाली, कुंदेलाल पटेल, उत्तम पटेल कोरबा, सनत पटेल कन्हाईबंद जांजगीर, सुशील कुमार पटेल ग्राम भैंसो, गीताराम पटेल टुंडरा, भगवती पटेल, परमानंद पटेल, भुपेन्द्र पटेल, व्यास पटेल, शिव पटेल, जीवन पटेल, संतोष पटेल, महेश्वरी पटेल, पूर्णिमा पटेल, भगवतीन पटेल, राहुल थवाईत सहित प्रदेश के प्रमुखजनों का सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदेश अध्यक्ष एवं मंदिर समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र पटेल सहित मंदिर समिति के मलेच्छराम पटेल, राधेश्याम पटेल, सचिव अशोक पटेल, कोषाध्यक्ष गणेशराम पटेल, सहसचिव कृष्ण कुमार पटेल, आडिटर गीताराम पटेल, प्रेमलाल पटेल, रामखिलावन पटेल, राजेन्द्र पटेल, जवाहर पटेल, ईश्वर पटेल सहित समाजिक लोगों का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष देवचरण पटेल ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पटेल ने किया।

# पत्रकार संघ अर्जुनी रवान का हुआ गठन



**अर्जुनी/बलौदाबाजार**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। 5 अक्टूबर को विश्राम गृह अर्जुनी में पत्रकार संघ अर्जुनी रवान का बैठक संपन्न हुआ। जिसमें से निर्विरोध पत्रकार संघ के अध्यक्ष गणेश शर्मा रवान एवं उपाध्यक्ष मिथिलेश सेन अर्जुनी, सचिव रुपेश कुमार वर्मा अर्जुनी एवं कोषाध्यक्ष तामेश्वर साहू को सर्व सहमति से बनाया गया। पत्रकार संघ के अध्यक्ष गणेश शर्मा ने कहा कि आज जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है उसे पत्रकार हित में काम करने का प्रयास करूंगा। जिससे पत्रकार जगत के लिए एक नई इतिहास आने वाले समय में बनाएंगे। पत्रकार समाज को दर्पण दिखाने के कार्य करते हैं लोकतंत्र की चौथी स्तंभ को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर रमेश मारकंडे, कमलेश रजक, संजय रजक, बाल गोविंद मारकंडे अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

**गणेश शर्मा बने अध्यक्ष**

# महापौर ने एक्सपर्ट सूर्यकान्त साहू को भेंट की स्नेक किट



**धमतरी**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम धमतरी के महापौर रामू रोहरा ने आज रूद्री के प्रसिद्ध स्नेक एक्सपर्ट सूर्यकांत साहू को साँप पकड़ने के लिए उपयोगी स्नेक किट भेंट की।

महापौर श्री रोहरा ने इस अवसर पर कहा कि जंगलों और शहरी क्षेत्रों में बढ़ती साँपों की गतिविधियों से लोगों की सुरक्षा के लिए स्नेक एक्सपर्ट्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे विशेषज्ञों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना समाज के हित में सराहनीय कार्य है।

इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष पवन गजपाल, नगर निगम सभापति कौशल्या देवांगन, निगम आयुक्त प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पी.सी. सार्वा भी उपस्थित रहे।

# नपाध्यक्ष को महिलाओं ने बताई समस्या



**महासमुंद** 06 अक्टूबर (देशबंधु)। स्थानीय वार्ड क्रमांक 28 मौहारीभाठा की महिलाओं ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू से मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताई।

महिलाओं ने वार्ड की विभिन्न समस्याओं से भी अध्यक्ष श्री साहू को अवगत कराया। जिस पर नपाध्यक्ष ने अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

# बेंदरानवागांव के जंगल में जुआ खेल रहे 9 गिरफ्तार



**धमतरी**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस थाना रूद्री को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम बेंदरानवागांव के जंगल क्षेत्र में कुछ व्यक्ति आपस में ताश पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। हाथी विचरण क्षेत्र होने के कारण जुआरियों को यह भ्रम था कि पुलिस वहाँ तक नहीं पहुँच पाएगी, इसलिए वे जंगल के भीतर जुआ खेल रहे थे।

सूचना मिलते ही धमतरी पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस को देखते ही कुछ जुआरी भागने का प्रयास करने लगे, किंतु सतर्कता और घेराबंदी के दौरान 09 जुआरियों ऋषभ अजमानी पिता बलजीत अजमानी उम्र 25 वर्ष साकिन लालबगीचा धमतरी, अनमोल उर्फ सौरभ ज्ञानचंदानी पिता राजू ज्ञानचंदानी उम्र 25 वर्ष इतवारी बाजार साई मंदिर के पास धमतरी, राजीव मीनपाल पिता गणेश मीनपाल उम्र 27 वर्ष आमापारा गौराचौरा के पास धमतरी, संतोष सोरी पिता स्व. भन्नूलाल सोरी उम्र 45 वर्ष हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी श्यामतराई धमतरी, संतोष निर्मलकर पिता कल्याण निर्मलकर उम्र 30 वर्ष बिलाई माता मंदिर के पास धमतरी, मनोज साहू पिता दिनानाथ साहू उम्र 32 वर्ष सोरिद डीपोपारा धमतरी, सावन उर्फ गुड्डू यादव पिता स्व. भूवन यादव उम्र 32 वर्ष सोरिद नगर धमतरी, हरिश पवार पिता सतीश पवार उम्र 19 वर्ष मराठापारा धमतरी और श्यामलाल ध्रुव पिता स्व. कुशलराम ध्रुव उम्र 45 वर्ष साकिन सोरम थाना रूद्री को पुलिस ने मौके पर ही पकड़ लिया। पकड़े गए जुआरियों से 40,200 रुपये नगद, 1 बंडल ताश पत्ती 52 पत्ती, 1 नग पीला रंग की तालपत्री, 7 स्मार्टफोन एवं 01 कीपैड मोबाइल कुल कीमती 1 लाख रूपये, 3 मोटरसाइकिल एवं 01 स्कूटी (कुल 04 वाहन) कीमती 1,20,000 रूपये इस प्रकार कुल जुमला 2,60,200 रूपये की सामग्री जप्त की गई। जप्तशुदा रकम एवं सामान के संबंध में थाना रूद्री में आरोपियों के विरुद्ध धारा 03(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई है।

**40,200 रूपये नकदी, 8 मोबाइल और 4 वाहन जप्त**

# शताब्दी वर्ष पर संघ का निकला राजिम में पथ संचलन



**राजिम**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर संघ चालक अजय साव, नगर कार्यवाह नामदास लहरे, सह कार्यवाह श्री सुरेश यादव, व्यवस्था प्रमुख भारत सिंह, बस्ती प्रमुख तुषार कदम, योगेंद्र सिंह एवं रिकेश साहू पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए विगत 1 माह से लगे हुए हैं। वर्ष भर में अगले विजयदशमी तक के कार्यक्रमों के लिए संघ के प्रत्येक स्वयं सेवक अपने अपने स्तरों में कार्य कर रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यो का शताब्दी वर्ष समारोह राजिम नगर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। संगठन की दृष्टि से राजिम नगर को 3 बस्तियों में बांटा गया है। नगर में श्री गायत्री मंदिर, सरस्वती शिशु मंदिर एवं साहू छात्रावास में तीनों बस्तियों का विजयदशमी उत्सव मनाया गया। बाबा श्री घासीदास बस्ती क्रमांक 01 में नागेंद्र वशिष्ठ मुख्य वक्ता, सुभाष शर्मा मुख्य अतिथि, बाहरी राजीवलोचन बस्ती क्रमांक 02 में गोपाल यादव मुख्य वक्ता, मुरली मनोहर थवानी मुख्य अतिथि, माँ महामाया बस्ती क्रमांक 03 में मुख्य वक्ता टोकेश साहू एवं मुख्य अतिथि आलोक शर्मा रहे। यह संचलन नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए अपने अपने संघ स्थानों तक पहुंचा। नगर के मुख्य मार्गों एवं चौराहों में विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारियों के साथ आम जनों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया।

संचलन में 60 वर्ष के पार के वरिष्ठ स्वयंसेवकों के साथ 9,10 वर्षों के बाल स्वयंसेवक भी सम्मिलित हुए। विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, सभापति आकाश राजपूत, पार्षद सुरेश पटेल, भारत यादव, अजय पटेल, बलराम यादव पूर्ण गणवेश में उपस्थित हुए। लाला साहू, टंकू सोनकर, प्रवीण पुष्पाकर, रेणु सेन और अरविंद गुप्ता अन्य नागरिकों के साथ संचलन का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत करो

**एक साथ तीन स्थानों पर हुआ भव्य कार्यक्रम, भारत माता की जयकारों से गूंजीं गलियां**

# कलेक्टर ने की एग्रीस्टेक पंजीयन एवं धान खरीदी तैयारी की समीक्षा



**बलौदाबाजार**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को कृषि, खाद्य, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर छूटे हुए किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन एवं आगामी खरीफसीजन में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने छूटे हुए किसानों का शीघ्र पंजीयन पूर्ण कराने एवं सुचारु रूप से धान खरीदी के लिए आवश्यक तैयारी के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि अब तक सर्वाधिक किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन बलौदाबाजार -भाटापारा जिले में हुआ है फिर भी कुछ किसान पंजीयन के लिए छूटे है। इनमे नगरीय निकाय, अन्य राज्यों के एप्प में पंजीयन एवं वनाधिकार पत्र वाले किसान शामिल हैं। उन्होंने समितिवार छूटे हुए किसानों का समय पर पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आगामी खरीफ सीजन हेतु समर्थन मूल्य में धान खरीदी की तैयारी के लिए समितियों एवं संग्रहण केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था, धान उठाव, निगरानी, किसानों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने बताया कि इस बार लगभग 39 नये खरीदी केंद्र बनाए जा रहे है। नवीन केंद्रों में भी सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# विधायक ने किया नवजात शिशुओं के लिए किट का वितरण



**महासमुंद** 6 अक्टूबर (देशबंधु)। जनसेवा और मानवीय संवेदना का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती प्रिया सिंह के साथ सोमवार की सुबह जिला अस्पताल पहुंचकर शिशुवती माताओं और नवजात शिशुओं का कुशलक्षेम पूछा। इस अवसर पर उन्होंने लगभग 60 नवजात शिशुओं को वस्त्र, डायपर, तौलिया, स्वच्छता किट जैसी उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया। माताओं से आत्मीय संवाद करते हुए उन्होंने उनकी स्वास्थ्य स्थिति, अस्पताल में मिल रही सुविधाओं और देखभाल की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने माताओं को स्वस्थ्य रहने और नवजात की देखभाल संबंधी आवश्यक सुझाव भी दिए तथा नवजात शिशुओं के उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि माँ और शिशु का स्वास्थ्य ही समाज की सबसे बडी पूंजी है। नवजीवन का यह क्षण केवल परिवार का नहीं, पूरे समाज का उत्सव होता है। हमारा संकल्प है कि हर माँ और हर बच्चे तक स्वास्थ्य सुविधाएं और आवश्यक संसाधन सुलभ रूप से पहुँचें। उन्होंने मातृत्व को ईश्वर का वरदान बताते हुए कहा कि यह पहल मातृ शक्ति के प्रति श्रद्धा और स्नेह का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल जैसी संस्थाओं में यदि समाज के हर वर्ग

>> शेष पृष्ठ 9 पर >

# गरियाबंद जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए दावेदारों की तलाश जारी

## भवानी शंकर शुक्ल और भाव सिंह साहू के नामों की चर्चा, इन नामों के सामने और भी कार्यकर्ता नहीं कर पा रहे दावेदारी पेश



**राजिम**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजिम कांग्रेस वैसे तो छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद राजिम विधानसभा में भाजपा कांग्रेस की टक्कर चली आ रही है कुल मिलाकर फायदा भाजपा को ही हुआ है। अब कांग्रेस भी कार्यकर्ताओं की मजबूत टीम तैयार कर रही है। इसके तहत कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिना दबाव के सक्रीय कार्यकर्ताओं में से जिलाध्यक्ष चुनने की तैयारी कर रही है और इसके लिए राजिस्थान से पर्यवेक्षक भी भेजे गए हैं जो तीन दिन गरियाबंद जिले का दौरा कर अध्यक्ष पर अपनी मोहर लगायेंगी।

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद अब तक पहुंच वाले एक ही व्यक्ति के पसन्द का अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी बनते थे जिससे धीरे धीरे कार्यकर्ताओं में नाराजगी पनपने लगी और चुनाव में कार्यकर्ताओं ने भीतरघात करना शुरू कर दिया इससे कांग्रेस को नुक्सान ही हुआ। अबकी बार भी कांग्रेस शायद उसी पड़ाव पर आकर खड़ी है ऐसा प्रतीत हो रहा है जिसमे सही निर्णय का लिया जाना बेहद जरूरी माना जा रहा है अन्यथा नुकसान तो कांग्रेस झेल ही रही है दरअसल यहां पर यह चर्चा अंचल में कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष को लेकर हो रही है कांग्रेस का नया जिलाध्यक्ष कौन बनेगा यह फिलहाल तय नहीं हुआ है मगर इसे लेकर लॉबिंग जरूर हो रही है हालांकि इस दौड़ में युवा भी है और सीनियर भी है कहने को तो इस दौड़ में शामिल पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल के पुत्र भवानी शंकर शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष भाव सिंह साहू का नाम प्रमुखता से आ रहा है एक बार्गी देखा जाए तो वरिष्ठ कार्यकर्ता अध्यक्ष बनने लायक तो बहुत है मगर अमितेश के पुत्र भवानी शंकर शुक्ल के सामने अपनी दावेदारी पेश करने की हिम्मत कोई नहीं कर पा रहा है जब देशबंधु संवाददाता ने कुछ प्रमुख कार्यकर्ताओं से अध्यक्ष के दावेदारी के लिए बात की तो नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि श्री शुक्ल के सामने किसकी हिम्मत है जो सामने आये।

कांग्रेस पार्टी को दूर और पास की नजर से देखे तो यह पार्टी अलग अलग खेमों में बटी हुई नजर आती है फिर जब पार्टी के लोग ही अलग अलग खेमों में बटे है तो सीधी सी बात है कि वह अपने ही खेमे के किसी सदस्य को अपना मुखिया बनाना चाहते है मगर फिर बात वहीं पर आकर अटक जाती है कि आपके चाहने से कुछ होगा नहीं बल्कि

>> शेष पृष्ठ 9 पर >

**निष्पक्ष चयन नहीं हुआ तो इससे हो सकता है कांग्रेस को नुकसान**

## आकाशवाणी के मोर भुइंया में आज होगा वार्ता, कहानी और कविता

**मगरलोड।** आकाशवाणी के छत्तीसगढ़ी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर भुइंया में आज निम्नांकित कार्यक्रमों का प्रसारण होगा। पोखनलाल जायसवाल की वार्ता छत्तीसगढ़ी लोक जीवन में प्रचलित रीति रिवाज तथा फुगुराम साहू की छत्तीसगढ़ी कहानी फोकट के ब्याज और श्रीमती संध्यारानी शुक्ला की छत्तीसगढ़ी कविता व गीत मोर भुइंया के इस अंक का संपादन व प्रस्तुति महेंद्र साहू ने किया हैं।



# बजरंग केमिकल डिस्टिलरी कंपनी बनी 'शोषण की फैक्ट्री'

**आरंग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। आरंग स्थित बजरंग केमिकल डिस्टिलरी कंपनी एक बार फिर काले कारनामों और विवादों के चलते सुर्खियों में है। कर्मचारियों का आरोप है कि यह कंपनी च्च्उद्योगज्ज की आड़ में गरीब मजदूरों और महिलाओं का खुला शोषण कर रही है।

सोमवार को कंपनी के भीतर काम करने वाले सैकड़ों मजदूर और महिला कर्मचारी सड़क पर उतर आए और वेतन वृद्धि, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण की मांग को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया।



- कर्मचारियों ने सड़क पर किया धरना-प्रदर्शन
- युकां बजरंग केमिकल डिस्टिलरी कंपनी मे कार्यरत मजदूरों के समर्थन में दिया धरना

**महिलाओं का दर्द, 200 रुपए में 12 घंटे की गुलामी**

महिला कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनसे पुरुषों जैसा कठिन काम कराया जा रहा है लेकिन सुरक्षा उपकरण तक उपलब्ध नहीं कराए जाते।

12 घंटे पसीना बहाने के बाद भी उन्हें मात्र 200 रुपए मजदूरी दी जाती है। इतना ही नहीं, फैक्ट्री परिसर में खाने-पीने और बैठने की कोई व्यवस्था तक नहीं है।

**हादसे और इलाज की लापरवाही**

फैक्ट्री में अब तक कई मजदूर हादसों का शिकार हो चुके हैं। लेकिन न तो उनका उचित इलाज कराया गया और न ही परिवारों को मुआवजा दिया गया। कर्मचारियों का कहना है। हम मजदूर हैं, इंसान नहीं समझे जाते।

**वेतन घोटाला, अधिकारियों की मिलीभगत**

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने बताया कि वेतन पर्ची अधिकारियों द्वारा पेंसिल से भरी जाती है और उन्हें सिर्फ 200 रुपए प्रतिदिन थमा दिया जाता है। वहीं कंपनी रिकॉर्ड में अधिक वेतन दिखाकर अधिकारी आपस में घोटाला कर मोटी कमाई कर रहे हैं। गरीब मजदूरों का हक खुलेआम छीना जा रहा है।

**महिला कर्मचारियों का आरोप गालियां देकर किया जाता है अपमान**

महिला कर्मचारियों ने यह भी खुलासा किया कि कंपनी के कुछ अधिकारी न केवल बदतमीजी करते हैं बल्कि उन्हें गंदी-गंदी गालियां देकर अपमानित करते हैं।

**अब उठे सवाल- कब मिलेगा न्याय ?**

गांव-गांव से आने वाले मजदूरों की मेहनत पर चल रही यह कंपनी आज शोषण और अन्याय की फैक्ट्री बन चुकी है। सवाल यह है कि कब तक यह कंपनी गरीब कर्मचारियों का खून-पसीना चूसती रहेगी और कब उन्हें न्याय मिलेगा ?

**युवा कांग्रेस का समर्थन**

डॉ शिव डहरिया के मार्गदर्शन मे युवा कांग्रेस ने कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन देने आज रायपुर जिला युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष श्री सजल चंद्राकर एवं आरग नगर पालिका युवा पार्षद श्री ईश्वर पटेल एवं पार्षद प्रतिनिधि सूरज सोनकर मौके पर पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने मजदूरों की जायज़ मांगों का पुरज़ोर समर्थन किया और प्रशासन से तत्काल कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

# विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बिजली ऑफिस का घेराव कर ताला लगाया

**सरायपाली,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में लगातार बढ़ते बिजली दरों, अघोषित कटौती और च्चबिजली बिल हाफ योजनाज्ज को बंद करने के खिलाफ आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरायपाली द्वारा बिजली विभाग सरायपाली का घेराव एवं तालाबंदी किया गया।

विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्तागण और आमजन बड़ी संख्या में सुबह जयस्तंभ चौक में एकत्र हुए, जहां से बिजली ऑफिस तक पदयात्रा (मार्च) निकाली गई।



मार्च के दौरान च्चबिजली बिल हाफ करो ङ्क जनता से अन्याय बंद करोज्ज, च्चभाजपा सरकार मुर्दाबादज्ज और च्चवोट चोर गद्दी छोड़ज्ज जैसे नारों से पूरा सरायपाली गुंजायमान रहा।

कांग्रेसी बड़ी संख्या में बिजली विभाग पहुंचकर बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान विधायक चातुरी नंद ने बिजली विभाग के अधिकारियों को अघोषित बिजली कटौती सहित कई मुद्दों पर जमकर फटकार लगाई। इस दौरान कांग्रेसियों में बिजली विभाग में ताला जड़कर जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेसियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से बंद की गई बिजली बिल हाफ योजना को तत्काल पुनः प्रारंभ करने, बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी वापस करने एवं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती तत्काल रोकने की मांग की।

जय स्तंभ चौक में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से किए गए वादों को तोड़ दिया है। 'बिजली बिल हाफ योजना' जो आम जनता को राहत देती थी, उसे बंद कर दिया गया। अब हर घर बढ़ते बिलों से त्रस्त हैं। किसान परेशान हैं, व्यापारी और छोटे उद्योग प्रभावित हैं अघोषित बिजली कटौती ने हालात को और बदतर बना दिया है। कांग्रेस जनता के हक और हक़ीक़त की लड़ाई सड़कों पर लड़ेगी, विधानसभा में लड़ेगी, जब तक जनहित की योजनाएं बहाल नहीं होतीं, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।ज्ज

उन्होंने आगे कहा केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें पूंजीपतियों के हित में काम कर रही हैं। जनता की परेशानियों को नजरअंदाज किया जा रहा है। कांग्रेस हर गांव, हर वार्ड में जन आंदोलन चलाएगी और जनता की आवाज बुलंद करेगी।

# बढ़ती दरों के विरोध में कांग्रेस ने किया बिजली विभाग का घेराव, सरकार पर साधा निशाना



**गरियाबंद,** 6 अक्टूबर। प्रदेश में लगातार बढ़ती बिजली दरों और बिजली बिल हाफ योजना बंद किए जाने के विरोध में सोमवार को कांग्रेस ने बिजली विभाग के दफ्तर का घेराव किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय से रैली की शक्ल में बिजली कार्यालय पहुंचे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर, तख्तियां और झंडे लेकर बिजली दरों में बढ़ोतरी वापस लो, जनता का शोषण बंद करो जैसे नारे लगाए। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष भाव सिंह साहू ने कहा कि भाजपा सरकार जनता तकलीफों से बेपरवाह है। हाफ बिजली योजना बंद करने से आम लोगों पर महंगाई का पहाड़ टूट गया है। अगर सरकार ने इस फैसले को वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। कांग्रेस नेता भवानी शंकर शुक्ला ने कहा कि सरकार ने अगर जनविरोधी निर्णय वापस नहीं लिया तो जनता सड़कों पर उतरकर जवाब देगी। शैलेंद्र साहू ने कहा कि कांग्रेस ने गरीब और मध्यमवर्ग के लिए हाफ बिजली योजना शुरू की थी। भाजपा ने आते ही इसे बंद कर दिया। अब हर परिवार बढ़ते बिजली बिल से त्रस्त है। कांग्रेस जनता के साथ खड़ी है और इस अन्याय के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। शहर अध्यक्ष प्रेम सोनवानी ने कहा कि जनता के घरों में बढ़ते बिलों से हाहाकार मचा है लेकिन भाजपा नेता बिजली बिल की बढ़ोतरी पर चुप्पी साधे है। जनता से कोई सरोकार नहीं। इस अवसर पर हाफ़िज़ ख़ान, संजय नेताम, छगन यादव, संदीप सरकार, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और अन्य कार्यकर्ता।

# मनोहर साहू दूसरी बार तहसील अध्यक्ष निर्वाचित

**पिथौरा,** 6 अक्टूबर। साहू समाज के संगठन चुनाव में पिथौरा तहसील अध्यक्ष पद पर मनोहर साहू भुरकोनी विजयी हुए। उन्होंने झलप के प्रेम साहू को 20 वोटों से हराया। उपाध्यक्ष पद पर ऐतराम साहू डोंगाझर, कुमारी बाई साहू कौहाकुड़ा, संगठन सचिव पद पर कामता साहू बढाईपाली, उर्वशी साहू घोघरा निर्वाचित हुए।



साहू समाज के संगठन चुनाव साहू सदन टिकरापारा में सम्पन्न हुई। निर्वाचन अधिकारी महेंद्र साहू, नूतन साहू ने सहयोगी पर्यवेक्षकों के साथ निर्धारित समय पर चुनाव प्रक्रिया शुरू की। सुबह से ही सामाजिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मतदान में भाग लिए। शांतिपूर्ण हुए मतदान में कुल 485 लोगों ने अपना मतदान किया।

साहू समाज के इस संगठन चुनाव में कुल 5 पदों पर चुनाव हुए। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष महिला व पुरूष तथा संगठन सचिव महिला व पुरूष पद के लिए चुनाव हुए। जिसमें प्रत्येक पदों पर दो-दो उम्मीदवार मैदान में थे। प्रत्येक मतदाताओं ने 5-5 वोट डाले।

मतगणना पश्चात अध्यक्ष पद हेतु मनोहर साहू को 249 मत प्राप्त हुए तथा प्रेम साहू 229 मत मिले। इस तरह मनोहर साहू 20 मतों से विजयी रहे। उपाध्यक्ष पद पुरूष पद पर ऐतराम साहू ने संत राम साहू को 11 वोट से हराया। उपाध्यक्ष महिला पद पर कुमारी बाई साहू ने लक्ष्मी साहू को, संगठन सचिव में कामता साहू ने बालमुकुंद साहू को तथा उर्मिला साहू ने तारा साहू को पराजित किया।

मतगणना पश्चात निर्वाचन अधिकारी ने विजयी प्रत्याशियों की विधिवत घोषणा की। घोषणा पश्चात विजयी प्रत्याशियों को सभी समाजजनों ने बधाई दी। सामाजिक सद्भाव उस समय देखने को मिला जब पराजित प्रत्याशियों ने विजयी प्रत्याशियों को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष धरम दास साहू, उपाध्यक्ष तुला राम साहू, महामंत्री नोहर दास साहू, संरक्षक गंगा प्रसाद साहू, दुलीकेशन साहू, बसंत साहू, श्री राम साहू, गुणित राम साहू, नीलकंठ साहू, नंद कुमार साहू, रमेश साहू, श्याम कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# मनी बने तहसील साहू संघ के अध्यक्ष



**कोहका नेवरा,** 6 अक्टूबर। दास जी साहू पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ जो रायपुर जिला साहू संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं 6 वर्ष पहले तहसील साहू संघ तिल्दा नेवरा के तहसील अध्यक्ष रह चुके है, उन्होंने समाज हित में क्या कहा आइये हम आगे देखते हैं।

तिल्दा नेवरा तहसील का चुनाव जिला साहू संघ निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में शानदार व शांति पूर्वक सफलता पूर्वक हुआ। समाज के जागरूक मतदाता साथी जिसे प्रजा तंत्र में साक्षात भगवान माना गया हैं, मतदाता चाहते है तो गरीब को अमीर बना देते है , और अमीर को गरीब बना देते हैं। तो इस प्रजातंत्र के मतदाता हैं जिसे भगवान का दर्जा मिला हैं उन सभी भगवान को मेरा हृदय से प्रणाम और एक सच्चाई है जो मेरे आत्मा का आवाज है मै तहसील में चुनाव हो करके थोड़ा भी नहीं चाहता था। जैसे प्रदेश में सभी पदों के लिये निर्वाचन प्रक्रिया हुआ उसी प्रक्रिया में चुनाव करा कर तिल्दा नेवरा में भी सभी पद निर्विरोध करा कर तिल्दा नेवरा का नाम का इतिहास बनवाना चाहता था , लेकिन इस बात पर किसी ने ध्यान व जोर नहीं नहीं लगाया न ही किसी ने कोई प्रयास नहीं किया , इसीलिए चुनाव कराया गया , अब चुनाव हो गया है , हमारे नया तहसील अध्यक्ष आदरणीय गुरूजी मनी साहू ऐतिहासिक वोटो से जिते हैं , इसलिए शपथ ग्रहण भी ऐतिहासिक रूप से कराएंगे।

# उच्च शिक्षा व तकनीकी शिक्षा विभाग में दीपावली अवकाश 20 से 25 तक हो : आरएन ध्रुव

**पलारी** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)



छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में घोषित दीपावली अवकाश दिनांक 17 से 21 अक्टूबर 2025 तक है। दीपावली के बाद हिंदू समाज का महत्वपूर्ण पर्व गोवर्धन पूजा 22 अक्टूबर को एवं भाई दूज का पर्व 23 अक्टूबर को है। उक्त महत्वपूर्ण पर्व पर अवकाश नहीं होने से त्योहार मनाने हेतु शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को अलग से अवकाश लेने पर मजबूर होना पड़ेगा। जिसके कारण शैक्षणिक कार्य प्रभावित होंगे। ज्ञात हो स्कूल शिक्षा विभाग में भी दीपावली अवकाश दिनांक 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक है। अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष आर एन ध्रुव द्वारा श्री टंकराम वर्मा जी मंत्री श्री खुशवंत साहेब जी मंत्रीङ्क कुलसचिव छत्तीसगढ़ विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई को पत्र लिखकर निवेदन किए है कि दीपावली अवकाश की तिथि में संशोधन करते हुए दिनांक 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक कुल 6 दोनों तक एवं शीतकालीन अवकाश 24 दिसंबर से 27 दिसंबर तक हो।

# जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में निःशुल्क डायलिसिस सेवा

**बिलाईगढ़,** 6 अक्टूबर (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत् जीवनधारा निःशुल्क डायलिसिस सेवा का सफल संचालन किया जा रहा है। क्रोनिक किडनी के मरीजों में खून की कमी, मूत्र में रक्त आना, पैरो में सूजन आना, चेहरों में सूजन आना, थकान, उक्त रक्तचाप, अनिद्रा, भूख में कमी, त्वचा में खुजली, रात्रि में जल्दी जल्दी पेशाब आना, मासपेशियों में झनझनाहट होना, सांस लेने में तकलीफ होना, मूत्र में प्रोटिन आना, शरीर के वजन में अचानक बदलाव आना, सिर दर्द होना आदि प्रकार के लक्षण होते है। इस प्रकार के लक्षण होने पर प्रतिदिवस जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में आकर जांच एवं उपचार हेतु चिकित्सकीय सलाह ले सकते है। मरीजों द्वारा ऐसे लक्षण होने पर नजर अंदाज करने पर विभिन्न प्रकार के जटिलताएँ हो सकती है एवं गुर्दे की विफलता की संभावना बढ़ जाती है जिसकी वजह से बहुत प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिसमें खून की कमी, केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र का नष्ट होना, त्वचा का रंग परिवर्तित होना, रक्त में पोटेशियम का स्तर बढ़ जाना जिससे हृदय को नुकसान होता है। अनिद्रा, पेरीकार्डिटिस, पेट में अलसर होना, प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाना इस प्रकार की जटिलताएँ होती है। इसी प्रकार के मरीजों को हिमो डायलिसिस कराने की संभावना बढ़ जाती है।

**डायलिसिस के लिए संपर्क नंबर 6267317316, 9329205242**

उल्लेखनीय है कि कोई भी मरीज जिनका डायलिसिस उच्च संस्था या किसी भी निजी संस्था में हो रही है, ऐसे मरीज जिला चिकित्सालय सारंगढ़ के डायलिसिस कक्ष में अपना आधार कार्ड लेकर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (पीएमएनडीपी) के तहत् जीवनधारा निःशुल्क डायलिसिस सेवा का लाभ प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु मोबाईल नम्बर 6267317316, 9329205242 पर संपर्क कर सकते है।

# बुनकर संघ ने स्कूल को स्मार्ट टीवी भेंट किया



**भखारा,** 6 अक्टूबर। प्रगति बुनकर हाथकरघा सहकारी समिति सुपेला के समस्त बुनकरों की ओर से स्कूली बच्चों को आधुनिकी शिक्षा से जोड़ने के लिए शासकीय प्राथमिक शाला को स्मार्ट टी.वी. सप्रेम भेंट किया गया। इस अवसर पर बुनकर संघ के प्रबंधक बसंत देवांगन, अध्यक्ष रोहित देवांगन, उपाध्यक्ष नरेश देवांगन, संकुल समन्वयक पंचराम ध्रुव, प्रधानपाठक बी.आर.सिन्हा, शिक्षक एन.आर.साहू एवं सहायक शिक्षक श्री मति शिम्पी साहू मौजूद रहे।

# शिविर में 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानव जीवन को दिया नई जिंदगी

**बागबाहरा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मां महामाया रक्तदाता सेवार्थ समिति एवं श्री बालाजी कृष्ण गोपाल सेवा समिति महासमुंद के तत्वावधान में असहाय मरीजों को तत्कालीन रक्त के लिए होने वाले समस्या को देखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय महासमुंद में किया गया। जिसमें एक मातृशक्ति समेत कुल 40 लोगों ने रक्तदान किया। यह रक्त सिकल सेल, एनीमिया, दुर्घटनाग्रस्त मरीज, तत्कालीन संतान प्रसव महिलाओं को निःशुल्क दिया जाएगा। सभी रक्तदाताओ को संस्था और कान्हा एलिवेशन महासमुंद की ओर से ब्ल्यूटूथ नेक बैंड और रक्तदान सेवा का प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें रक्तदान करने वाले लोगों में आलोक कुमार शर्मा, ताराचंद यादव ,संजय पटेल, पुनीत यादव, उमाशंकर यादव , डोमार निषाद , हेमंत दास , लोकेश्वर निर्मलकर, डीसी दास, विनय कुमार, नर्सिंग साहू, मिलन पटेल, योगेश साहू , अनीश कुमार , हरेंद्र महानंद, उमेश कुमार साहू, उदय राम साहू, निलेश कुमार साहू , लेखराम ध्रुव, अनील निषाद , परमेश्वर निषाद, झमन साहू, रामसाय यादव, शिवकुमार साहू ,मिलाप चंद यादव, अभिनव चंद्राकर, शुभम साहू ,केजू राम, हेमंत लूनिया, आलोक पटेल ,नितेश साहू, प्रशांत साहू ,राज नागवंशी, सेत राम, राजेंद्र जी थे। वहीं संस्था की ओर से रवि साहू, राहुल साहू, आलोक पटेल, केजूराम, इंद्रजीत सोनवानी, शंकर पांडे, ओमप्रकाश साहू, डांगेंद्र रात्रे, बलराम साहू, ओमप्रकाश साहू उपस्थित थें। वही रक्तकोशालय से मुन्ना लाल चक्रधारी, खिलेश, कुसुम साहू, त्रिलोका ठाकुर, दिलजीत कौर गुरुदत्ता , सुनील साहू आदि का सराहनीय योगदान रहा।



## निधन

### स. रणजीत सिंह विर्दी

**रायपुर,** 6 अक्टूबर। छोटापारा निवासी स. रणजीत सिंह विर्दी का आकस्मिक निधन 6 अक्टूबर को हो गया है उनकी अंतिम यात्रा 7 अक्टूबर को 11 बजे उनके निवास गोविंद कॉटेज छोटापारा रायपुर से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे रौनक सिंह, बब्बल विर्दी सेठ के पिता थे। अमिंदरपाल कौर (पुत्र वधू), अभिषेक सेठ (दामाद), जगजीत कौर वर्दी (पत्नी)।



## प्रादेशिकी का शेष...

### विधायक ने किया नवजात ...

का सहयोग मिले तो मातृ.शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और बेहतर की जा सकती है। इस दौरान अस्पताल परिसर में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण रहा। माताओं ने विधायक दंपत्ति की इस स्नेहमयी पहल के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्काउट गाइड के राज्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, श्रीमती कल्पना सूर्यवंशी, राहुल आवड़े, महेन्द्र सिक्का, राजू चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, शरद मराठा, हनीश बग्गा, रमेश साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव, मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ् बसंत माहेश्वरी, श्रीमती नीलू धृतलहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं स्टाफमौजूद थे।

### गरियाबंद जिला कांग्रेस ...

जनता और कार्यकर्ता की चाहत से होगा लिहाजा जिलाध्यक्ष ऐसे व्यक्ति को बनाया जाना चाहिए जिसकी जमीन भी मजबूत हो ऐसे ही एक सीनियर व्यक्तित्व की बात जिले में शोर मचा रही है कि उन्हें जिलाध्यक्ष की कमान देने से पार्टी को बड़ा लाभ मिल सकता हैबहरहाल आगे कांग्रेस का जिलाध्यक्ष कौन बनता है यह तो आगे ही पता चलेगा ।

# प्रसिद्ध ऐतिहासिक राजा दशहरा में मावली माता के दर्शन कर राजा से भेंट मुलाकात की

**फिंगेश्वर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज प्रसिद्ध ऐतिहासिक राजा दशहरा उत्सव रजवाड़ा परंपरा के अनुसार राज परिवार एवं मंदिर ट्रस्ट कमेटी के तत्वाधान में पूर्व परंपरा अनुसार यज्ञ हवन पूजन कर विधि विधान से सभी मंदिरों देवालयों में ध्वजारोहणकर परंपरा का निर्वाह राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह एवं उनके पुत्र युवराज आदित्येन्द्र सिंह ने किया दिवंगत राजा महेंद्र बहादुर सिंह के बाद राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह मंदिर ट्रस्ट कमेटी सरवराकार एवं युवराज आदित्येन्द् बहादुर सिंह पूरे राज परिवार के साथ विशेष रूप से देवेंद्र बहादुर सिंह पुखराज सिंह यशोधरा सिंह शिवाजी धुर्वे पारंपरिक सभी पंच मंदिर में पूजा अर्चना ध्वजारोहण देवघर पूजा दफ्तर पूजा श्री बालाजी श्री पंचदेव मावली माता श्री फणेश्वर नाथ से आशीर्वाद प्राप्त कर सभी आयोजनों में शामिल हुए रात्रि में छत्तीसगढ़ से पधारे सभी अतिथियों से भेंट मुलाकात की क्षेत्रवासी अपने राजा को बधाई देकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे एवं उनके साथ अपनी फोटो परिवार के साथ ले रहे थे राजा की एक झलक देखने के लिए महल परिसर में मौसम खराब होने के बावजूद बारिश के चलते क्षेत्रवासी पानी बंद होने का इंतजार किया एवं शोभा यात्रा में शामिल हुए फिंगेश्वर स्टेट एवं सरायपाली स्टेट दोनों ही जगह एक ही परिवार का राजपाट आज भी चलता है पहले सरायपाली क्या दशहरा उत्सव संपन्न होता है उसके बाद फिंगेश्वर दशहरा उत्सव संपन्न होता है बस्तर के बाद पूरे छत्तीसगढ़ में फिंगेश्वर राजा दशहरा विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा है सरायपाली क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं पारिवारिक संबंधी वी क्षेत्रवासी फिंगेश्वर आकर राजा साहब को बधाई देते हैं पश्चात राजशाही वेशभूषा में विजय रथ शोभायात्रा राजमहल से प्रारंभ हुई प्रतिवर्ष की भांति क्षेत्र के लोग राजा दशहरा के उत्सव में शामिल होने के लिए आज के दिन का इंतजार करते हैं रात्रि में शोभायात्रा को देखने एवं आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद भी लोगों जनता ने लिया महल मार्ग से मौली मंदिर मार्ग में लाखों की भीड़ थी सड़क के किनारे क्षेत्र के फुटकर व्यापारी होटल चा ठेला मिठाइयों की दुकान सजाए



**रात्रि में राजा की विजय शोभा यात्रा से पूर्व छग के मुख्यमंत्री मुख्य सचिव तुलसी कौशिक पूर्व विधायक अभनपुर धनेंद्र साहू ने दशहरे पर्व की बधाई दी**

रात में इंतजार कर रहे थे शोभायात्रा में अस्त्र-शस्त्र धारण किए सामाजिक युवा सैनिक दलबल के साथ बुडा देव की जय का नारा लगाते हुए एक दूसरे का उत्साह वर्धन कर रहे थे ढोल नगाड़े के साथ नगर के समस्त बुद्धजीवी जनप्रतिनिधि पार्षद व्यापारीगन ट्रस्टी गण अपने राजा के रथ के आगे उनके सम्मान में पूरे नगर के लोग उनके साथ थे मंदिर ट्रस्ट कमेटी के ट्रस्टी गणों ने क्षेत्र वासियों से राजा दशहरे में विशेष रूप से पधारने पर सभी का आभार व्यक्त किया जिनमें मुख्य रूप से शिवकुमार सिंह ठाकुर आनंद वर्धन रमेंद्र सिंह ठाकुर पंकज शर्मा रवि तिवारी थे साथ ही पूरे आयोजन में विशेष रूप से उपस्थिति एवं सहयोग दिया आयोजन में विशेष रूप से निस्वार्थ रूप से सेवा भाव के रूप में नगर के वरिष्ठ बिसौहा हरित डोंगर सिंह मरकाम ओम प्रकाश निषाद राधेश्याम ध्रुव सनकादिक चौबे नंदलाल शुक्ला क्या सहयोग रहता है महल मार्ग पर छोटी-छोटी दुकान झूले आर्केस्ट्रा छत्तीसगढ़ी नृत्य की व्यवस्था मौली मंदिर तक लाइटिंग से चक्का चौंध मार्ग को कर दिया गया था मंदिर दर्शन के लिए लाखों लोग आज एकत्रित हुए नगर पंचायत की ओर से नल जल की व्यवस्था विद्युत विभाग की ओर से लाइट की व्यवस्था पुलिस थाना की ओर से अतिरिक्त बल के साथ मुख्य मार्ग में बेरिकेट लगाना एवं बड़ी गाड़ियों को रिंग रोड से भेजने की व्यवस्था छोटी गाड़ियों के लिए जगह-जगह पार्किंग की व्यवस्था इस तरह किसी घटना दुर्घटना के लिए स्थाई चिकित्सा व्यवस्था पुराना पंचायत में रखी गई थी सभी विभागों के आधिकारिक कर्मचारी दशहरा के दिन पूरी मुस्तादी के साथ रात भर सेवा देते रहे राजमहल में सेवा दल की अलग से व्यवस्था की गई थी रानी श्याम कुमारी चौक में विजय शोभायात्रा के पहुंचते ही जबरदस्त आतिशबाजी की गई मौसम को देखकर लगातार बारिश की वजह से राजा दशहरा की रौनक में कुछ कमी जरूर लग रही थी किंतु लोगों को विश्वास था कि कुलदेवी मावली माता की कृपा से हर साल की तरह राजा दशहरा का उत्सव पूर्व की तरह ही हरसो उल्लास से मनाया जाएगा विजय शोभायात्रा राजमहल वापस पहुंचते ही क्षेत्र वासी नगर वासी अपने राजा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं फल स्वरुप राजा उन्हें भेंट स्वरूप पान खिलाने हैं।

# एकल विद्यालय आचार्य अभ्यास वर्ग फरसियां में

## दस दिवसीय अभ्यास में नए आचार्य होंगे शामिल



**नगरी,** 6 अक्टूबर। वन बन्धु परिषद द्वारा संचालित एकल अभियान के तत्वधान में 5 अक्टूबर दिन रविवार को अंचल नयापारा संच नगरी, उरमाल, देवभोग, शोभा, गंगरेल, छुरा, फिंगेश्वर, मैनपुर के नवीन आचार्यो का फरसियां के महामाया मंदिर प्रांगण में 10 दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग का नगरी संच के अध्यक्ष प्रयाग बिसेन, कोषाध्यक्ष महेंद्र नेताम, महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती दिनेशवरी नेताम, ग्राम पंचायत फरसियां के सरपंच केशव टेकाम के आतिथ्य में शुभारंभ किया गया। समिति के कोषाध्यक्ष महेन्द्र नेताम ने बताया कि सुदूर वनांचल क्षेत्रों में आज भी विद्यालय नहीं है, ऐसे विभिन्न ग्रामों में एकल विद्यालय संचालित हैं। एकल अभियान समिति के माध्यम से इनका संचालन होता है। इन विद्यालयों में पंचमुखी शिक्षा - प्राथमिक शिक्षा, जागरण, ग्राम स्वराज, आरोग्य शिक्षा एवं संस्कार शिक्षा के तहत बच्चों को शिक्षा के माध्यम से अलख जगाने का काम किया जाता है। इन विद्यालय के नवीन आचार्यों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग यहां पर आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें में गुलाब सिंह पटेल भाग गतिविधि प्रमुख भाग मध्य छत्तीसगढ़, टिकम निषाद भाग कार्यलय प्रमुख भाग मध्य छत्तीसगढ़, सुरेन्द्र कुमार ध्रुव अंचल अभियान प्रमुख अंचल नयापारा, गनिराम दिवान अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षक अंचल नयापारा, केशव कश्यप गतिविधि प्रमुख अंचल नयापारा, भोजलाल सोरी जी सच प्रमुख नगरी, वेदलाल निषाद संच प्रमुख गंगरेल, बिसाहू ध्रुव जी संच प्रमुख उरमाल, मनधर जगत संच प्रमुख शोभा, सुभाष नेताम संच प्रमुख मैनपुर, होरीलाल साहू संच प्रमुख फिंगेश्वर, गुप्तेश्वर यादव संच प्रमुख देवभोग, खेलन यादव संच प्रमुख छुरा, एवं 39 नवीन आचार्य भाई व बहन उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता परिवार पर हमला, मारपीट की तीन घटना पुलिस की भूमिका पर सवाल



भाटापारा, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। विवाद एवं घटना दुर्घटना संभाव्य है लेकिन इसकी यदि पुनरावृति नजर आये तो कानून व्यवस्था पर सवाल उठना संभाव्य है,क्योकि यह बानगी जहां कानून व्यवस्था की सक्रियता पर सवाल उठाती है वहीं कानून व्यवस्था की परवाह नहीं किए जाने की बानगी भी प्रकट करती हुई प्रतीत होती है और यह स्थिति किसी भी क्षेत्र के लिए अत्यंत चिंताजनक पहलू के दायरे मे आती है,आए दिन छिटपुट अपराधों मारपीट की घटनाओं तथा घोर नशाखोरी के चंगुल मे फंसी भाटापारा मे घटी सनसनीखेज घटना ने सबको भय एवं चिंता मे डाल दिया है।

**गरबा कार्यक्रम मे घटी घटना:** धार्मिक आयोजनों के शहर भाटापारा मे प्रत्येक पर्व त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है हर्ष एवं उल्लास मे विकृति एवं उन्माद का प्रवेश न हो जाए इसके लिए पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी अत्यंत आवश्यक होती है,लेकिन इस दफा यह दुखद सच्चाई यह देखने मे आयी कि जिस पैमाने पर पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी एवं सक्रियता नजर आनी थी वैसी नजर नही आयी,जिसका दुष्प्रभाव भी सामने आ गया गरबा उत्सव मे घटी मारपीट की घटना के रुप मे,जानकारी मिली है कि अधिवक्ता विजय केसरवानी की सुपुत्री गरबा करते हुए जल गयी जिसके चलते विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई और यही विवाद एक बड़ी घटना के रुप मे तब्दील हो गयी।

**तीन बार मारपीट एवं हमले की घटना:** गरबा कार्यक्रम मे हुए विवाद की घटना पर पुलिस प्रशासन द्वारा पर्याप्त संजीदगी एवं सक्रियता का परिचय दिया जाता तो शायद यह विवाद आगे कदम नहीं बढ़ाती लेकिन गरबा कार्यक्रम मे हुए विवाद की बानगी आड़िल अस्पताल के सामने जमकर मारपीट के रुप मे सामने आयी बताया जा रहा है कि अधिवक्ता परिवार अपनी बेटी का इलाज कराने पंहुचा वहीं पर कुछ लोगों ने हमला बोल दिया,बात यहीं तक नही रुकी शासकीय अस्पताल मे भी मारपीट के घटना के पुनरावृति की जानकारी सामने आ रही है,इन्हीं परिस्थितियों के मद्देनजर पुलिस प्रशासन की सक्रियता को लेकर सीधे तौर पर सवाल उठता हुआ प्रतीत हो रहा है, कड़ी दर कड़ी विवाद की घटना घट रही थी आखिर पुलिस प्रशासन कहां थी,जबकि आड़िल अस्पताल फौव्वारा चौक शहर के मुख्य चौक मे आता है,क्या पुलिस तैनाती नही थी सी सी टीवी कैमरा की उपलब्धता क्यों काम नहीं आयी, क्यों पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित सक्रियता का परिचय नहीं दिया गया, जबकि आड़िल अस्पताल चौक के बाद पुन: शासकीय अस्पताल मे मारपीट की जानकारी सामने आ रही है, कायदे से गरबा कार्यक्रम मे हुए विवाद के बाद ही पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी दिखनी थी,लेकिन इसका अभाव नजर आया जिसके चलते घटनाओं की पुनरावृति होती गयी।

**अधिवक्ताओं के बीच घोर आक्रोश :** पुलिस प्रशासन की सक्रियता पर सवाल तो उठ ही रहें है साथ ही साथ अधिवक्ता वर्ग द्वारा पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठाया जा रहा है, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल मिश्रा का कहना है कि रिपोर्ट लिखने मे देरी की गयी साथ ही साथ पीड़ित अधिवक्ता के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज की गयी है, उन्होने यह भी बताया कि पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर समस्त अधिवक्ताओं द्वारा आक्रोश जताया गया है तथा इस मामले पर समुचित कार्रवाई नही होने पर आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया जाएगा।

# राधाकृष्ण मंदिर का 30 नवम्बर को 100 साल होने जा रहे पूर्ण



## शताब्दी वर्ष को एक विशाल महोत्सव के रूप मनाने का संकल्प , बैठक में मंदिर में उमड़ी महिलाओं की भीड़

नवापारा राजिम, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राधाकृष्ण मंदिर को 30 नवम्बर 2025 को 100 साल पूरे होने जा रहा है। जिसके लिए मंदिर ट्रस्ट एवम नगरवासी इस शताब्दी वर्ष को एक विशाल महोत्सव के रूप मनाने का संकल्प लिया है, इस दौरान पूरे नगरवासियों को भोजन प्रसादी, विशाल महायज्ञ,3 दिवसीय राधकिशोरी के द्वारा नानी बाई का मायरा, विशाल भजन संध्या, विजय शंकर मेहता जी का उदबोधन एवम विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है, इस शोभायात्रा में ऊंट ,घोड़े , राजनांदगांव की महाकाल की विशाल झांकी,उड़ीसा के उड़िया नृत्य,बस्तर के मुरिया नृत्य,राउत नाचा, बेंड बाजा ,भजन मंडली सभी आयोजनों की जवाबदारी अलग अलग समाज एवम संस्थाओं को सौपी जा रही है, नगर के हर घर मे आमंत्रण पत्र भेजे जावेंगे। शोभा यात्रा की जवाबदारी श्रीसालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति को सौपी गई है। इस संबंध में आज मंदिर प्रांगण में सालासर समिति एवम मंदिर ट्रस्ट ने सभी समाज की नारी शक्तियों की विशाल बैठक आयोजित की गई। जिसमे सैकड़ों की संख्या में महिला समूह, आंगनबाड़ी, मितानिन, ग्रीन आर्मी, गायत्री परिवार,रामायण समिति, सालासर हनुमान चालीसा समिति एवम हर समाज की माता बहने इस बैठक में शामिल हुई, सबसे बड़ी बात रही कि ठीक बैठक के समय मे बारिश होने लगी पर नारी शक्ति का उत्साह कम नही हुवा।

बैठक को गिरधारी अग्रवाल,पूजा,निधि वर्षा अग्रवाल,नगरपालिका अध्यक्ष ओम कुमारी साहू,नीता धीवर,पदमणी सोनी,अन्नपूर्णा देवांगन, रानी निसाद योगिता सिन्हा,साधना सौरज,हर्षा कंसारी,रेणुका तिवारी,कस्तूरी साहू,उमा गुप्ता आदि ने अपने विचार एवम सुझाव रखे।

पूरे कार्यक्रम का संचालन राजू काबरा ने किया,इस बैठक में मोहनलाल , गोपाल, अभिषेक, अग्रवाल अग्रवाल, श्रीमती विना,गौरी अग्रवाल रूपेंद्र चन्द्राकर,संतोष अग्रवाल,सरिता सिंह,हनुमान चालीसा सदस्य,मयाराम साहू,गिरधारी सेन, आदि नगरवासी उपस्थित थे,आभार प्रदर्शन वर्षा रवि अग्रवाल ने किया।

# आज से सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ तरेंगा में




भाटापारा, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत भाटापारा विकासखंड में कल दिनांक 7 अक्टूबर 2025 को दोपहर 12:00 से ग्राम तरेंगा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में शुभारंभ हो रहा है

सांसद खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य खेल संस्कृति को बढ़ावा देना युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ हर घर खेल महोत्सव का शुभारंभ कर फिट इंडिया मूवमेंट को सशक्त करना है जिससे प्रत्येक घर परिवार खेल को जीवन शैली में अपनाए । खेल महोत्सव के अंतर्गत 13 खेल विद्या जिसमें खो-खो कबड्डी वॉलीबॉल बास्केटबॉल रस्साकशी भारोत्तोलन, कुश्ती, रोप स्किपिंग, स्विमिंग, शरीर सौष्ठव, शतरंज, फुगड़ी, गेड़ी शामिल है। सभी खेल विद्या दो आयु वर्ग 9 से 19 वर्ष तथा 19 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी लोग भाग ले सकते हैं बालक बालिका महिला पुरुष सभी खेल विद्या में पृथक पृथक आयोजन होंगे । भाटापारा विकासखंड को 4 जोन में विभाजित किया गया है जिसमें तरेंगा जोन में 7 अक्टूबर को, 8 अक्टूबर को सिंगारपुर लेवई में, 9 अक्टूबर को कोसमंदा में तथा 10 अक्टूबर को गुर्रा जोन में संपन्न होगा। जोन स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित विजेता प्रतिभागी दिनांक 13 एवं 14 अक्टूबर 2025 को विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे तथा विकासखंड में विजेता एवं चयनित खिलाड़ी रायपुर में होने वाले रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव में भाटापारा विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीयन कर सकते हैं प्रतियोगिता स्थल में ऑफलाइन फॉर्म उपलब्ध रहेगा एवं ऑनलाइन पंजीयन हेतु संलग्न कर कोड से कर सकते हैं

# फिर सुलगने लगी स्वतंत्र जिले की आग



भाटापारा, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरायपाली को जिला बनाने की प्रक्रिया शुरू होने की खबर मिलते ही भाटापारा क्षेत्र के निवासियों में एक बार फिर आक्रोश का मंजर देखा जा रहा है। विदित हो कि सरायपाली के विधायक चातुरी नंद ने मुख्यमंत्री से मिलकर सरायपाली को स्वतंत्र जिला बनाने की मांग की थी जिस पर अब कार्यवाही शुरू हो गई है और वह दिन दूर नहीं जब सरायपाली स्वतंत्रता जिला के रूप में अस्तित्व में आएगा। यह खबर मिलते ही नगर में जिले की आग फिर से सुलगने लगी है।

**जनता की नजरें पूर्व विधायक पर टिकी-** 2023 में विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने यह घोषणा की थी कि भाजपा की सरकार आने पर निश्चित रूप से भाटापारा को स्वतंत्र जिले का दर्जा मिलेगा इसमें कहीं कोई शक की गुंजाइश नहीं है। लेकिन अब जब सरायपाली को जिला बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है तब आम जनता की निगाहें पूर्व विधायक के ऊपर जाकर टिक गई है। उनकी कद्दावर छवि से लोग भली-भाँति परिचित है यदि वे चाहे तो भाटापारा स्वतंत्र जिला बन सकता है,लेकिन इस मुद्दे पर पूर्व विधायक की खामोशी से आम जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

**वर्तमान विधायक की खामोशी चर्चा का विषय बना-** जिले के मुद्दे पर वर्तमान कांग्रेस विधायक इन्द्र साव की खामोशी आम जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है। विपक्ष में होते हुए भी वे इन मुद्दों को नहीं उठा रहे हैं इस पर भी कई प्रकार के सवाल उन पर उठाए जा रहे हैं। लोग तो यह भी कह रहे हैं कि जब विपक्ष की विधायक चातुरी नंद सरायपाली को जिला बनाने के लिए सरकार पर दबाव बना सकती है तो वर्तमान कांग्रेस विधायक चुप क्यों है? क्षेत्र की जनता ने क्या उन्हें इसीलिए चुनकर भेजा है? विपक्ष की निष्क्रियता लोकतंत्र में कोई अच्छा संदेश नहीं माना जाता है।

**44 साल से छला जा रहा है भाटापारा-** स्वतंत्र राजस्व जिले के नाम पर पिछले 44 साल से भाटापारा को छला जा रहा है तत्कालीन मध्य प्रदेश से लेकर आज पर्यंत तक जिले के नाम पर क्षेत्र की जनता के साथ विश्वासघात हुआ है। यहां की ओछी राजनीति के चलते हर बार स्वतंत्र जिले की मांग पर भाटापारा को असफलता हाथ लगी है। जिले के नाम पर आम जनता सड़कों पर उतरती है, धरना होता है, विरोध प्रदर्शन होता है लेकिन यहां के कर्णधारों को इन सब बातों से कोई वास्ता नहीं जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है और मूलभूत आवश्यकताओं के लिए तरस रही है।

**भूपेश बघेल ने भी किया था वादा खिलाफी-** 2018 के आम चुनाव के दौरान तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल ने लोकोत्सव मैदान में घोषणा की थी कि उनकी सरकार आने पर भाटापारा को स्वतंत्र राजस्व जिले का दर्जा मिलेगा। छत्तीसगढ़ की जनता ने उन्हें सत्ता पर बिठाया लेकिन सत्ता पर बैठते ही भूपेश बघेल अपना वादा भूल गए। लगातार 5 साल तक क्षेत्र के लोग उनके संपर्क में रहे लेकिन उन्होंने भाटापारा को स्वतंत्र जिले का दर्जा नहीं दिया। आम जनता के मन में अब यह सवाल उठ रहा है क्या कांग्रेस की तरह भाजपा भी यहां की जनता को छलने का काम कर रही है। जिस प्रकार भूपेश बघेल अपने वादे से मुकर गए क्या इसी प्रकार भाजपा भी मुकर जायेगी ?

# राज्य स्तरीय ओपन कराते में सरस्वती ज्ञानदीप के खिलाड़ियों ने जीते 12 मेडल




आरंग, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेंसाई राजेश गंजीर सर की स्मृति में 4 और 5 अक्टूबर को दो दिवसीय सातवें राज्य स्तरीय ओपन कराते चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन आमातालाब रोड स्थित इनडोर स्टेडियम धमतरी मे किया गया इस प्रतियोगिता में धमतरी सहित 8 जिलों के लगभग 350 कराते खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया जिसमें जिला रायपुर आरंग ब्लॉक सरस्वती ज्ञान दीप स्कूल अग्रसेन भवन के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल्ड 3 सिल्वर 6 ब्राउंस मेडल प्राप्त किया।

गोल्ड मेडल - काता ,कुमीते- महत्व नाथ योगी, कुमीते- एंजेल वर्मा, सिल्वर मेडल- काता -चिराग चंदानी, परिधि राजपूत, अदिति सिंह, ब्रोंज मेडल - काता, एंजेल वर्मा, आर्या श्री, योज्यता बंजारे, कुमीते- चिराग चंदानी, अदिति सिंह, योज्यता बंजारे,

समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रंजना साहू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और पुरस्कार वितरण किया इस दौरान कराते डू एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी कोच अभिभावक भी उपस्थित रहे रायपुर कराते एसोसिएशन के सह सचिव अब्दुल रहीम खान सर, स्कूल निदेशक अनूप नाथ योगी सर, स्कूल प्रिंसिपल देव कुमारी मैडम, कराते प्रशिक्षक सुनील भारती सर डोजो सीनियर चंचल सिंह ठाकुर, टीम कोच कोपल योगी ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# बजरंग केमिकल डिस्टिलरी कम्पनी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों के समर्थन में पहुंचे शिवसैनिक



आरंग, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। बजरंग केमिकल डिस्टिलरी कम्पनी मे कार्यरत महिला व पुरुष कर्मचारी अपने वेतन मे वृद्धि एवं सुरक्षा उपकरण के मांग को लेकर कम्पनी के मुख्य द्वार के सामने बैठ कर आंदोलन कर रहे हैं पर कम्पनी प्रबंधन इस ओर ध्यान ही नही दे रहा है इसकी जानकारी शिवसेना आरंग को लगते ही शिवसेना रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश शर्मा व जिला उपाध्यक्ष केशव वैष्णव के नेतृत्व मे शिवसैनिक धरना स्थल मे पहुंच कर आंदोलनरत कर्मचारियों के समर्थन मे बजरंग केमिकल डिस्टिलरी कम्पनी प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारे लगाए व शीघ्र ही कर्मचारियों के समस्याओं को दूर करने का मांग किया अगर कम्पनी प्रबंधन शीघ्र ही इस पर कोई निर्णय नही लेता है तो शिवसेना आरंग पूरे विधानसभा के शिवसैनिको के साथ उग्र प्रदर्शन करेगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी बजरंग केमिकल डिस्टिलरी कम्पनी प्रबंधन की होगी।

# टोंगोपानी एवं खाड़ादरहा के शरद पूर्णिमा कार्यक्रम में शामिल हुए जिपं उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर



बागबाहरा, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत टोंगोपानीकला में दशहरा के बाद समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में शरद पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जागरण हेतु रात्रिकालीन मनोरंजन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी रंगधारा, ओनवा रवेली(छुरा) की शानदार रंगारंग प्रस्तुति मंच में हुई। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए ग्रामवासियों ने ससम्मान श्रीफल भेंट कर स्वागत एवं सम्मानित किया। श्री ठाकुर ने उपस्थित ग्रामवासियों को इस अवसर पर बधाई सहित क्षेत्र की खुशहाली और सुख - शांति की मंगल कामना की। आयोजित कार्यक्रम के इस शुभ अवसर पर भीखम सिंह ठाकुर सहित तुलाराम ठाकुर जनपद सदस्य बागबाहरा, प्यारेलाल ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत टोंगोपानीकला, मुकेश ठाकुर सरपंच प्रतिनिधि टेका, उपसरपंच दशरथ ठाकुर,वार्ड पंच बल्ला ध्रुव,मेघराज साहू, रिखी राम साहू, रामेश्वर पटेल,हरखराम साहू पूर्व सरपंच, प्रेमलाल साहू, कृष्णा साहू, युवा भाजपा नेता ओमप्रकाश ध्रुव, बहुर देशकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

इसी तरह खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खाड़ादरहा के आश्रित ग्राम सालडबरी में समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में शरद पूर्णिमा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। आयोजित कार्यक्रम में दैनिक भ्रमण के दौरान देर रात्रि तक आतिथ्य स्वीकार कर सम्मिलित हुए। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने ग्रामवासियों सहित क्षेत्रवासियों के सुखद एवं खुशहाल जीवन की मंगलकामना की। श्री ठाकुर ने सफल आयोजन की बधाई दी। और कहा कि गांवों में छोटे - छोटे आयोजन और विविध पारंपरिक कार्यक्रम के आयोजन से सौहाद्र भाईचारे और एकता बनी रहती है। समय -समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए। साथ ही उन्होंने युवा पीढ़ी को नशापान से दूर रहकर अपने परिवार ,गांव, समाज हित सहित देश प्रेम की भावनाओं के साथ आगे बढ़ते हुए शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र अपना अधिक समय लगाने की बात कही। श्री ठाकुर निरंतर प्रत्येक मंचों पर शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार को लेकर युवा पीढ़ी को जागरूक करने का प्रयास करते रहते हैं। उक्त कार्यक्रम के शुभ अवसर पर श्री ठाकुर सहित हरीश जगत सरपंच ग्राम पंचायत खाड़ादरहा, प्रकाश पटेल भाजपा युवा नेता महामंत्री बागबाहरा ग्रामीण मंडल,मुकेश चंद्राकर अध्यक्ष सहकारी समिति मुनगासेर, ओमप्रकाश ध्रुव, बहुर देशकर ,राकेश साहू, डमरूधर चक्रधारी, बृजलाल साहू, लकेश चक्रधारी, सूरज, अर्जुन, खिलावन साहित अधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थें।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से पूरा हुआ पक्का मकान का सपना



बलौदाबाजार, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने एक बार फिर ग्रामीण परिवार के जीवन में खुशहाली की नई रोशनी जगाई है। योजना से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है।

विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत कुलीपोता निवासी विमला निषाद, पति सियाराम निषाद का पक्का मकान निर्माण वर्ष 2024-25 में इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुआ था। पूर्व में विमला निषाद मिट्टी के कच्चे घर में अपने परिवार सहित निवास करती थीं। घर की जर्जर स्थिति के कारण बरसात और सर्दी के मौसम में रहना अत्यंत कठिन था। विमला निषाद रोजी-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं परंतु सीमित आय के कारण पक्का मकान बनाना संभव नहीं था। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जब विमला निषाद का आवास स्वीकृत हुआ, तब उनके जीवन का एक नया अध्याय शुरू हुआ। आज विमला निषाद का सुंदर पक्का मकान बनकर तैयार हो गया है, जिससे उनके परिवार को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिला है। विमला निषाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से हमें अपना पक्का घर मिला है, जो पहले एक सपना था। इसके लिए मैं सरकार का दिल से धन्यवाद करती हूँ। यह योजना ग्रामीणों के जीवन में स्थायी परिवर्तन लाने और 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हो रही है।

# लाईवलीहुड कॉलेज में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 9 अक्टूबर को

बलौदाबाजार, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु 9 अक्टूबर 2025 को निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज सकरी बलौदाबाजार में आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प सुबह 11 से 3 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक इन्फिनिटी सर्विस रायपुर द्वारा फिल्ड ऑफिसर के 02 पद, शैक्षणिक योग्यता बारहवी से उच्च उत्तीर्ण एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र 21 से 40 वर्ष, वेतन 13 हजार रूपए, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। अलर्ट सेक्यूरिटी रायपुर द्वारा सेक्यूरिटी गार्ड के 25 पद, असिस्टेंट सुपरवाइजर के 5 पद, सेक्यूरिटी सुपरवाइजर 5 पद, एजेंट 25 पद, वर्किंग सहयोगी 10 पद, शैक्षणिक योग्यता आठवीं से स्नातकोत्तर उत्तीर्ण एवं अनुभव 0 से 2 वर्ष, उम्र 20 से 50 वर्ष, वेतन 10 हजार से 20 हजार रूपए पदानुसार देय होगा। कार्यक्षेत्र रायपुर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ होगा। फ्इन्ड दक्ष भिलाई दुर्ग द्वारा इलेक्ट्रीशियन के 5 पद, इंजीनियर 9 पद, फिटर 9 पद, डीएम प्लांट ऑपरेटर के 3 पद, सर्विस एडवाइजर 4 पद, कार टेक्निशियन 3 पद, बोडीशोप एडवाइजर के 3 पद, कर पेंटर एवं डेंटर 6 पद, सीआईसी एक्सक्यूटिव 20 पद, स्टोर किपर के 3 पद, एकाउंटेंट 2 पद, डाटा एन्ट्रीऑपरेटर 3 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर 3 पद, ऑफिस बॉय के 15 पद एवं सीए के 2 पद, शैक्षणिक योग्यता आठवीं,दसवीं से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, डीसीएध्पीजीडीसीए, सीए उत्तीर्ण एवं अनुभव 0 से 5 वर्ष, उम्र 20 वर्ष से 40 वर्ष, वेतन 12 हजार से 70 हजार रूपए पदानुसार, कार्यक्षेत्र सिलतरा, रायपुर, कवर्धा, बेमेतरा, दुर्ग, राजनांदगांव, कुम्हारी भिलाई, भिलाई, रायगढ़, बिलासपुर, जगदलपुर होगा। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फ़ेटो सहित आवेदक स्वयं की व्यवस्था के साथ उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से या दूरभाष न. 07722299443 से सम्पर्क कर सकते है।

# मानस संगठन आरंग ने भेंट किया रामचरित मानस ग्रन्थ



आरंग, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजा मोरध्वज आध्यात्मिक धार्मिक सामाजिक मानस संगठन आरंग के द्वारा विगत समय से सामाजिक पारिवारिक धार्मिक उत्सव गृह प्रवेश, जन्म उत्सव, विवाह आदि में तुलसीदास चरित रामायण ग्रन्थ उपहार स्वरूप दिए जा रहे हैं। मानस संगठन सलाहकार सदस्य बैहार निवासी पूर्व ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष विष्णु प्रसाद साहू के यहां जन्म उत्सव छठी आयोजन के आमंत्रण पर रविवार को मानस लोधी अशोक साहू, अवध विश्वकर्मा, ओंकार विश्वकर्मा, लोकेश मिर्धा उपेंद्र साहू, हीरा लाल साहू, विनोद गुप्ता गुरुजी, टोकेश साहू, देवशरण साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, सीताराम यादव, आदि पदाधिकारी सदस्य गणों के द्वारा श्री राम चरित्र मानस ग्रन्थ उपहार स्वरूप भेंट कर सम्मान किया गया।, जिससे परिवार और समाज को प्रेरणा मिले। यह प्रयास रामचरित मानस के द्वारा जन समाज में जनजागृति लाने, धर्म से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। संध्याकालीन दाई के दुलार मानस मंडली कन्हारपुरी गुरूर जिला बालोद बंटी यादव की प्रस्तुति हुआ।